फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -205, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 2

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर आग का गोला बनी कार, दो लोग जिंदा जले

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हारीपुर के समीप हादसा, एक की हालत गंभीर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : बुधवार रात 12 बजे के बाद गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद आग का गोला बन गयी। इस भीषण हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बिंदेश यादव पुत्र केशव राम (28) निवासी कन्हाईपुरवा पूरे संगम थाना कटरा बाजार व अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद उर्फ बंबू पाठक (22) निवासी मिझौरा थाना परसपुर के रूप में हुई है।

आग से जली कार का दृश्य।

जबकि घायल सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक (30) कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कन्हाईपुरवा पूरे संगम का रहने वाला है। नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। रिफ्लेक्टर न होने से कार सवार ट्रॉली को देख नहीं सके और हादसे का शिकार हो गए।

गेहूं खरीद आज से

लखनऊ। पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरु होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। गेहूं खरीद के लिये किसानों का खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पहली जनवरी 2024 से ऑनलाइन पंजीयन शुरू है। अब तक 1,09,709 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है।

- 2275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है समर्थन मूल्य

अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि दर 8.4%

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

एक नजर

चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था।

ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी

नई दिल्ली। ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुई रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी, हड़ताल किया जाएगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी : सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी

- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 की आरोप तय किए थे।

धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम करती है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से 6 साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई

बशीरहाट, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

बनभूलपुरा हिंसा का वांछित अब्दुल मोईद गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है।

- एसओजी ने दिल्ली से दबोचा

हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार

शिमला। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

अमृत विचार : प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर**, जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरुष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। सूत्र के अनुसार पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध से हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है।

ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण

नई दिल्ली। आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।

पूर्व सीईओ नोर्मन ने विवादास्पद हालात में पद से दिया था त्यागपत्र

हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी

एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हालांकि हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था।

नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और मैं तथा दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नोर्मन का इस्तीफा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन के पद छोड़ने के ठीक बाद आया है। उन्होंने भी काम की मुश्किल परिस्थितियों की शिकायत की थी। नीदरलैंड की कोच ने हॉकी इंडिया पर महिला हॉकी के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था।

खेल डायरी

यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील

रोम, एजेंसी। इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

रियाद, एजेंसी। सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद

नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी हरमनप्रीत

बेंगलुरू, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था।

एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर आज चयन के लिए उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ वह खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवडर्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन 9 विकेट पर 279 रन

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक 9 विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का विकेट झटका था, लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (1), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (1) आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 89 रन हो गया। मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी की। मार्श मैट हैनरी का शिकार हुए। ग्रीन ने इसके बाद न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 4 तो विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट लिए। रचिन रविंद्र को 1 विकेट मिला। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।

मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3

मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट

बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी

रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

एक नजर

मेडिकल कॉलेज में बनेगा नर्सिंग कॉलेज

अयोध्या। अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम परिसर में ही कॉलेज का निर्माण कराएगी। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि 10 करोड़ में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण होगा। पहले पुराने भवन में बच्चों की पढ़ाई होती थी। नया भवन शुरू होने के बाद विद्यार्थियों की वहां पढ़ाई शुरू करा दी गई, लेकिन अब नया भवन बनने के बाद काफी सहूलियत मिल जाएगी।

उमा भारती व दो अफसर आज पहुंचेंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शुक्रवार को अयोध्या पहुंचेंगी। दर्शन-पूजन के बाद वह रात्रि में अयोध्या में विश्राम भी करेंगीं। जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक फॉरेन ट्रेड के एडिशनल डायरेक्टर गंगाधर पंडा व गृह मंत्रालय के डिजास्टर मैनेजमेंट के एडिशनल सेक्रेटरी संजीव जिंदल भी रामनगरी पहुंचेंगे।

राम मंदिर : निर्माण के लिए एलएंडटी उतारेगी वर्करों की टीम

परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों का होगा निर्माण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ दिसंबर 2024 तक मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य

अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की टीम उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पांच हजार वर्करों और सैकड़ो इंजीनियरों को अलग-अलग जिम्मेदारी होगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों हुए मंदिर निर्माण समिति की बैठक में राम जन्मभूमि परिसर में निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। दिसंबर 2024 तक सभी कार्य को पूरा करने के लिए एक योजना निर्माण संस्था एलएंडटी के द्वारा तैयार किया गया है। जिसके तहत बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर उसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए लगभग 1500 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर में प्रारंभ होने वाली अन्य निर्माण कार्य की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। इसके तहत वर्करों की संख्या को भी निर्माण संस्था के की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जाएगा।

राम मंदिर के दूसरे तल के निर्माण कार्य। (फाइल फोटो)

हम सबको रामलला के दर्शन के लिए रोका गया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : यह बहुत दुखद है कि हमारे दल के नेता की ओर से हम सभी को रामलला के दर्शन के लिए रोका गया था। लेकिन आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। मन को असीम शांति की अनुभूति हो रही है। मैंने हमेशा उनका विरोध किया है, जिन्होंने प्रभु राम के बारे में, सनातन के बारे में अनर्गल विलाप किया है। यह देश राम का है, यहां के कण-कण में श्रीराम विराजमान हैं। यह बातें रायबरेली के ऊंचाहार से सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कहीं।

वे गुरुवार को यहां परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मुख्य सचेतक के रूप में मैंने यह मांग की थी कि सभी विधायकों को दर्शन कराया जाए लेकिन अफसोस है कि हम सबको भगवान राम के दर्शन के लिए रोक दिया गया कितना दुखद हुआ। उन्होंने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर अपने क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की है। कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से कई पीढ़ियों की मनोकामना आज पूरी हो गई है। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में सपा से बागी हुए मनोज पांडेय ने पार्टी के सचेतक दल से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद अब उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

▸▸ रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक ने परिवार के साथ किया दर्शन-पूजन

राम मंदिर दर्शन-पूजन के दौरान विधायक मनोज पांडेय व मौजूद अन्य लोग।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने की थी रामायण मेले की शुरुआत

रामनगरी पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया को कैसे भूल सकते है, जिन्होंने अयोध्या में रामायण मेले की शुरूआत की थी। जिसका सर्मथन सपा संरक्षक स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी किया था। सरकार में रहते हुए उन्होंने रामायण मेल के लिए बजट दिया था लेकिन मुझे बहुत दुख है कि हमे ऐसा भी दिन देखने को मिला जब हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए रोका गया। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने का अवसर मिला।

पीएम मोदी व सीएम योगी की प्रशंसा की

रामलला के दर्शन-पूजन करने परिवार के साथ यहां पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज यहां व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। गरीबों को भोजन, आवास व हर घर में शौचालय की सुविधा मिल रही है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर कुछ कहने से इनकार करते हुए कहा कि वर्तमान की बात करिए... भविष्य में अभी न जाएं।

यातायात सिपाही का कमरे में फंदे से लटका मिला शव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जनपद में यातायात पुलिस में तैनात एक आरक्षी का शव उसके किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला है। मौके से मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या की बात कही है और अंतिम समय में परिवार के किसी सदस्य के साथ न होने का अफसोस जताया है। साथ ही गृह जनपद के तीनों लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है। वीडियोग्राफी के बीच तीन डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवा शव को परिवार के हवाले किया गया है।

बताया गया कि वर्ष 2020 में पुलिस विभाग में भर्ती 27 वर्षीय अभय यादव पुत्र कमल सिंह यादव निवासी गंगाधर थाना पनकी जिला कानपुर नगर पूर्व में यहां सिविल पुलिस में कुमारगंज थाने पर आरक्षी पद तैनात था और कुछ माह पूर्व एसएसपी ने उसको यातायात पुलिस में तैनाती दी थी। वह नगर कोतवाली के खोजनपुर स्थित जय शंकर द्विवेदी के आवास गुरु प्रसाद भवन में किराये पर रहता था और 23 फरवरी 2023 को उसका विवाह अपने जिले के ही मिजार्पुर में हुआ था, लेकिन उसकी पत्नी गांव पर ही रहती थी और वह यहां अकेले रहता था। साथ ही गांव में मकान का निर्माण करवा रहा था। गुरुवार को डायल 112 पर फंदे से लटका होने के सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अकेलेपन की मानसिक परेशानी तथा आत्महत्या की बात लिखी है और गृह जिले के तीन लोगों का नाम लिखकर उनकी बकायेदारी की चर्चा की है। जानकारी पर उसके पिता और पत्नी तथा दोनों पक्षों के लोग यहां पहुंच गए और पीएम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर गृह जनपद रवाना हुए हैं। मामले में न तो कोई शिकायत दी गई है और न ही पीएम रिपोर्ट में कोई आपत्तिजनक बात आई है।

नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि सुसाइड नोट के मुताबिक जवान ने आत्महत्या की है। आत्महत्या किस कारण की, इसकी जाँच-पड़ताल कराई जा रही है। अधिकारियों के निर्देश और निगरानी में विधिक कार्रवाई पूरी कराई गई है।

सुसाइड नोट में कही आत्महत्या की बात, कानपुर नगर का था निवासी

पोस्टमार्टम हाउस परिसर में परिजनों से मामले की जानकारी करते नगर कोतवाल एवं इनसेट में आरक्षी (फ़ाइल फोटो)।

राम नाम जपने से जीवन में सब सिद्ध हो जाएगा: मुरारी बापू

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आजकल छोटी-छोटी बातों पर दुखी होना हो गई है आम बात

अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तीर्थ क्षेत्र पुरम में चल रही रामकथा में छठवें दिन गुरुवार को प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू ने कहा कि राम का नाम जपो जीवन में सब सिद्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रभु की कथा, प्रभु का रूप, प्रभु का नाम यह सब महामंत्र है। अयोध्यावासी इन दिनों राम के संयोग में है, इसलिए एक महीना कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। ऐसा लग रहा है जैसे अयोध्या में रात ही नहीं हो रही है। जब संयोग में होते हैं तो वह दिन कैसे बीत जाते हैं पता ही नहीं चलता। वियोग का एक-एक दिन भारी होता है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता हमारी नियति है दुख हम स्वयं बनाते हैं। छोटी-छोटी बातों पर आजकल दुखी होना आम बात हो गई है। इसलिए खूब कथा सुनो, कथा का पाठ करो, जीवन में प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त होगा।

रामकथा कहते कथावाचक मुरारी बापू।

सार-संक्षेप

सोहावल में रसोइयों का एमडीएम बनाने से इनकार

सोहावल। अमृत विचार : खंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत सौरी कंपोजिट विद्यालय में तैनात रसोइयों ने गुरुवार को बच्चों का भोजन बनाने से इनकार कर दिया। मानदेय ठप होने की शिकायत लेकर अड़ी इन रसोइयों की प्रधानाध्यापिका और एक शिक्षक के बीच झड़प हुई। जल्द मानदेय आने के आश्वासन पर एमडीएम बनना शुरू हुआ। बीईओ शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मानदेय विभाग द्वारा कार्यरत रसोइयों के बैंक खाते में भेजने का नियम है। हमारे छह माह के कार्यकाल मे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। मानदेय क्यों और किस महीने का रुका है। हकीकत का पता लगाकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

गोसाईगंज में टैक्सी स्टैंड की नीलामी संपन्न

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : गोसाईगंज नगर पंचायत की टैक्सी स्टैंड की नीलामी सकुशल संपन्न हो गई। ईओ इंद्रभान ने बताया नीलामी में अखिल सिंह, भगेलूराम, मालती सिंह, मीरा सिंह व विनय सिंह ने भाग लिया। बोली सात लाख से शुरू हुई, जो बढ़ते-बढ़ते 25 लाख 51 हजार रुपये पर जाकर समाप्त हुई। सबसे ज्यादा 25 लाख 51 हजार मीरा सिंह ने लगाई और नीलामी को अपने पक्ष में ले लिया। बीते साल की टैक्सी नीलामी की बात करें तो इस बार 50 हजार अधिक में नीलामी हुआ है। चेयरमैन विजयलक्ष्मी जायसवाल, ईओ इंद्रभान, सभासद रवि यादव, सभासद प्रतिनिधि आलोक गुप्ता सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ टैक्सी स्टैंड की बात कर तो गोसाईगंज कस्बे में अवैध टैक्सी स्टैंड लोगों के जी का जंजाल बना हुआ है।

शिक्षिका की पुत्री स्वर्ण पदक से सम्मानित

छात्रा को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : डीएवी कुमारगंज की शिक्षिका संतोष कुमारी व डीएवी बीना में तैनात अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष शिक्षक मोहन सिंह की पुत्री गरिमा सिंह को उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ व दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। नई दिल्ली में हिंदू विश्वविद्यालय के 100 वें दीक्षांत समारोह में सम्मान पाने के बाद छात्रा के पिता मोहन सिंह ने बताया कि गरिमा बचपन से ही मेधावी थी। पूराबाजार के ग्राम सिलौनी पोस्ट टन्डौली निवासी गरिमा ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की शिक्षा आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज डीएवी से प्राप्त की है।

असेसमेंट कमेटी में सदस्य बने पलिया लोहानी के प्रधान

अभिषेक सिंह

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पलिया लोहानी के ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत गठित राज्य परफार्मेंस असेसमेंट कमेटी में सदस्य के रूप में नामित किए गए हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय पंचायत परफार्मेंस असेसमेंट कमेटी की सप्तम बैठक छह मार्च को लखनऊ में बहुखंडी भवन स्थित कार्यालय में होगी। गठित सात सदस्यीय समिति में बाराबंकी डीएम के साथ लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, सी 3 स्टेट हेड व प्रदेश के चार ग्राम प्रधानों को इस समिति में शामिल किया गया है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, दो लोग घायल

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र में बीती देर रात ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी मसौधा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तारुन थाना क्षेत्र के भवानीपुर मजरे सजहरा गांव निवासी दीपू वर्मा (24) पुत्र जैसराज वर्मा व विनोद वर्मा पुत्र रामबक्श वर्मा बाइक से अयोध्या शहर से अपने घर भवानीपुर सजहरा जा रहे थे। वे पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अबनपुर सरोहा मजरे भक्तिन का पुरवा गांव के पास पहुंचे ही थे, इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरा कलंदर पुलिस ने दोनों को सीएचसी मसौधा भेजवाया। हालत गंभीर देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में दीपू वर्मा का पैर कटकर अलग हो गया था। घटना के बाबत अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान के लिए किया प्रेरित

सोहावल। अमृत विचार : मतदाता जागरुकता अभियान के तहत लायंस क्लब रुदौली के बैनर तले गुरुवार को तहसील परिसर में कुछ कलाकारों ने एक नुक्कड़ नाटक आयोजित किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। उप जिला अधिकारी अशोक सैनी, तहसीलदार विनोद चौधरी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष लखण धर त्रिपाठी आदि ने भी अपने विचार रखे।

फंदा लगा कर महिला ने दी जान

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम चिखड़ी मजरे पिड़ोरिया में एक विवाहिता ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि ग्राम चिखड़ी मजरे पिड़ोरिया निवासी श्रीराम के पुत्र दिनेश कुमार की शादी दो वर्ष पहले सुमन पुत्री खुशीराम देवकाली अयोध्या के साथ हुई थी। गुरुवार को सुबह सुमन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरी जानकारी हो सकेगी। मायके पक्ष की ओर से तहरीर अभी तक नहीं मिली है।

धोखाधड़ी मामले में तीन लोगों को सात साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कई बीघा भूमि हड़पने के लिए फर्जी वसीयत तैयार करने के मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 40000 जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या तिवारी की अदालत से गुरुवार को हुआ।

एपीओ आलोक कुमार पांडे तथा वादी के अधिवक्ता विवेक सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट घनश्याम निवासी गुरु रविदास मंदिर मोहल्ला हनुमान कुंड कोतवाली अयोध्या ने लिखाई थी। उन्होंने कहा था कि उनकी भूमि माझा बरहटा तहसील सदर में है। जमीन पर कमल दास चेलाराम नारायण दास का नाम गलती से दर्ज हो गया। इसे सही करने को मुकदमा कर रखा है। कमल दास की मृत्यु 11 जून 1981 को बिहार में हो गई। विपक्षी रामकिशुन यादव निवासी अवधपुरी कॉलोनी अमानीगंज भू-माफिया है। उन्होंने साजिश करके पाटेश्वरी प्रसाद मिश्र निवासी स्वर्गद्वार अयोध्या तथा महादेव निवासी ग्राम माझा बरहटा के साथ मिलकर कमल दास की मृत्यु होने के बाद उपरोक्त जमीन को हड़पने के लिए किसी व्यक्ति को फर्जी कमल दास बना कर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फैजाबाद लाकर 6 अप्रैल 1990 को षड़यंत्र करके जाली व फर्जी वसीयत तैयार करके उसे पंजीकृत करवा लिया। जिसमें पटेशरी प्रसाद तथा महादेव गवाह है। फर्जी वसीयतनामा के आधार पर कमल दास का नाम भी नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज करवा लिया। मामले में तीनों के खिलाफ क्षेत्राधिकारी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दोषी पाते हुए सजा दी।

हमले में सगे भाइयों और मां को तीन साल की सजा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अपराधिक मानव वध के प्रयास के एक मामले में कोर्ट ने दो सगे भाइयों तथा उनकी मां को दोषी पाते हुए तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 6500 रुपये जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला गुरुवार को जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से हुआ। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि घटना 18 फरवरी 2016 की रात 9 बजे की है। रौनाही थाना के बरई कला गांव में हृदय राम उनके भाई सीताराम तथा उनकी माता फुलकला शराब पीकर धर्मेंद्र कुमार को गाली दे रहे थे। इससे मना करने पर उनको मारा पीटा गुहार पर वादी की मां जनकलली पिता सहज राम बहन रामलली भाई जितेंद्र आए तो उन्हें भी मारा पीटा। इसकी रिपोर्ट धर्मेंद्र कुमार ने अपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

स्कार्पियो चालक की संदिग्ध मौत भाई ने जताई हत्या की आशंका

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना के शेखपुर जाफर से हलियापुर अपनी स्कॉर्पियो बुकिंग पर लेकर गए नेवादा गांव निवासी युवक की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के भाई अनिल कुमार ने बताया कि उनका भाई 40 वर्षीय अरुण कुमार चौबे पुत्र लल्लन बुधवार शाम थाना क्षेत्र के शेखपुर निवासी एक युवक के बुलाने पर अपनी स्कार्पियो लेकर उसकी रिशतेदारी जाने के लिए निकला था। रात लगभग 10 बजे हलियापुर पुलिस जानकारी दी कि घायल अवस्था में अरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है। रौनाही थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि अभी पुलिस को कोई सूचना नहीं मिली है।

लीप ईयर

महिला अस्पताल में कई बच्चों ने लिया जन्म, परिवार वालों ने जताई खुशी, दी अलग-अलग प्रतिक्रिया

बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते है 29 फरवरी को जन्मे बच्चे

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में 29 फरवरी को कई बच्चों ने जन्म लिया। बच्चों के अभिभावक अब कश्मकश में हैं कि उनका जन्मदिन अगले साल मनाएं या फिर चार वर्ष बाद। क्योंकि उनके बच्चों का जन्म लीप ईयर में फरवरी माह के आखिरी दिन हुआ है। हालांकि सभी अभिभावक इसे खुशी का दिन बताते हुए अपने बच्चों को सौभाग्यशाली मान रहे हैं। महिला अस्पताल में बच्चों के जन्म लेने के बाद परिजनों ने मिठाइयां भी बांटी। बता दें कि हर चार साल में एक अतिरिक्त दिन जोड़ा जाता है। यह दिन फरवरी में जुड़ता है, जिससे ये महीना 28 दिन की बजाय 29 दिन का हो जाता है। इस जोड़े गए अतिरिक्त दिन को लीप डे और साल को लीप ईयर कहा जाता है। अस्पताल में जन्मे बच्चों के परिजनों से अमृत विचार ने खास बातचीत की।

पिता मुकेश बच्ची के साथ।

जन्मदिन तय तिथि के अनुसार मनाएंगे

बीकापुर के नियाई सराय भनौली निवासी मुकेश यादव ने बताया कि उनकी पत्नी पूनम यादव ने बच्ची को जन्म दिया है। रात 12:10 पर नॉर्मल डिलीवरी हुई है। उन्होंने बताया कि यह उनका पहला बच्चा है। वैसे तो अभी घर परिवार में पार्टी देंगे। बच्ची का जन्मदिन तिथि के अनुसार चार वर्ष के बाद ही मनाएंगे।

गज केसरी का था योग भाग्यशाली होंगे बच्चे

ज्योतिषाचार्य रामानंद पांडेय के मुताबिक 29 फरवरी 2024 को गुरुवार होने के साथ गज केसरी का योग था। इस दिन जन्म लेने वाले बच्चे बहुत भाग्यशाली होंगे। धन धान्य से मजबूत होंगे। उनमें शारीरिक पुष्टता होगी। बड़े होकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते है।

ताई वंदना बच्चे के साथ।

चार गुना खुशी के साथ मनाएंगे जन्मदिन

मझवा गद्दोपुर निवासी लक्ष्मीकांत शर्मा की पत्नी गुंजन शर्मा को 28 फरवरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जेठानी वंदना शर्मा ने बताया कि गुंजन ने रात 12:30 बजे के करीब बेटे को जन्म दिया। सभी बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि वे लोग हर वर्ष बच्चे के जन्मदिन को मनाएंगे। चौथे वर्ष चार गुना खुशी के साथ समारोह का आयोजन कराएंगे।

दादी उर्मिला बच्चे के साथ।

खुशी से फूली नहीं समा रही थीं सास

अमानीगंज निवासी चंदन पांडेय की पत्नी अनुराधा पांडेय ने भी बेटे को जन्म दिया है। घर में खुशी का ठिकाना नहीं है। सास उर्मिला पांडेय ने बताया कि दोपहर 12:30 पर बच्चे की नॉर्मल डिलीवरी हुई है। हम बेटी की आस लगाए बैठे थे। सब ऊपर वाले की कृपा है। हम लोग चार वर्ष बाद धूमधाम से ही बच्चे का जन्मदिन मनाएंगे।

बुआ कुसुम बच्ची के साथ।

सब फोन कर पूछ रहे कब मनाएंगी बर्थडे

सोहावल के नगरिया निवासी राहुल यादव की पत्नी ने उर्मिला यादव ने बेटी को जन्म दिया। अस्पताल में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उर्मिला की ननद कुसम यादव ने बताया कि दोपहर 12 बजे बेटी के जन्म लेने की सूचना लोगों को मिलते ही फोन आने शुरू हो गए थे। सब यही पूछ रहे थे कि बिटिया का जन्मदिन आप कब मनाएंगी।

> गुरुवार को रात नौ बजे तक 15 डिलीवरी हुईं। इनमें बेटा और बेटियां दोनों शामिल रहीं। 29 फरवरी का दिन बेहद खास होता है। सभी बच्चों व उनके परिजनों को मेरी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं।
> – डॉ. विभा कुमारी, सीएमएस

एक नजर

जिला विद्युत समिति की बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : जिला विद्युत समिति के अध्यक्ष सांसद लल्लू सिंह के निदेर्शानुसार अब समिति की बैठक शुक्रवार को शाम तीन बजे होगी। अधीक्षण अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि सभी सदस्य बैठक में समय से प्रतिभाग करें।

निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए टीम गठित

अयोध्या, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की खातिर निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए लेखा टीम का गठन किया गया है। रुदौली में मनोज कुमार सिंह, मिल्कीपुर में हरे कृष्ण प्रसाद, बीकापुर में शोमेश कुमार वर्मा, अयोध्या में शिव नारायन सिंह, गोशाईगंज में संदीप सक्सेना को लेखा टीम का प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ दो-दो सहायकों को भी रखा गया है। तीन लेखा टीम प्रभारी आशीष सिंह, निलेश जायसवाल व प्रभात श्रीवास्तव व छह सहायकों को भी आरक्षित में रखा गया है।

तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या। पटरंगा पुलिस ने गुरुवार को तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि ग्राम इचौलिया मोड़ से गुड्डू उर्फ सईद पुत्र मोहम्मद ग्राम टांडा खुलासा कोतवाली 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

खुद के कॉलेज की छात्राओं को अलग बिठा दिला रहे हैं परीक्षा

सचल दल ने पकड़ी गड़बड़ी, डीआईओएस ने दी नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा के दौरान खुद के कॉलेज की छात्राओं को अलग कक्ष में बिठा कर परीक्षा दिलाए जाने का मामला सामने आया है। सचल दल की ओर पकड़ी गई इस गड़बड़ी और अनियमितता पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक को कारण बताओ नोटिस जारी की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या की ओर से सोहावल के ड्योढ़ी बाजार में संचालित श्रीराम वल्लभा भगवंत विद्यापीठ कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक को नोटिस दी गई है। नोटिस में कहा गया है कि सचल द्वारा आपके परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि आपकी संस्था की छात्राओं को अलग बैठा कर परीक्षा दिलाई जा रही थी, जो परिषदीय नियमों के विपरीत है। जारी नोटिस में कहा गया है कि अंतिम रूप से चेतावनी दी जाती है कि अपना स्पष्टीकरण दें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इससे पहले रानीबाजार स्थित एक कॉलेज में खुद की छात्राओं को अलग बिठा कर परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया था।

> बोर्ड परीक्षा के दौरान जिन भी केन्द्रों में अनियमितता गड़बड़ी सामने आ रही नोटिस दी जा रही है। श्री राम वल्लभा भगवंत इंटर विधापीठ इंटर कॉलेज को नोटिस दी गई है। – डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक

पांचवें दिन की बोर्ड परीक्षा में 3291 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा छोड़ने वालों का रिकॉर्ड गुरुवार की परीक्षा में टूटा। पहले दिन की बोर्ड परीक्षा में जहां 3098 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी वहीं आज 3291 ने परीक्षा छोड़ दी। जिसमें हाईस्कूल के सर्वाधिक 2403 परीक्षार्थी शामिल हैं।

बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम से गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार प्रथम पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा में हाईस्कूल के कुल 2403 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिसमें बालक 1585 और बालिका परीक्षार्थी 818 हैं। जबकि इंटरमीडिएट की पालि अरबी और फारसी विषय की प्रथम पाली की परीक्षा में 14 परीक्षार्थी गैरहाजिर पाए गए। इनमें 11 बालक और तीन बालिका शामिल रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा में हाईस्कूल कृषि में 15 बालक परीक्षार्थी नहीं आए। बालिका कोई भी अनुपस्थित नहीं मिली। दूसरी पाली इंटरमीडिएट में 859 ने परीक्षा छोड़ दी जिसमें 674 बालक और 185 बालिकाएं शामिल हैं। अब तक 9405 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ चुके हैं। गुरुवार की परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने सचल दल के साथ कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नकल विहीन परीक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए। गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज पोरा मसौधा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीटिंग प्लान और सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की।

गौतमबुद्ध इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते डीआईओएस। अमृत विचार

▸▸ गुरुवार को सर्वाधिक 2403 हाईस्कूल परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

पानी पीकर बोतल जमा करें और पाएं इनाम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो चुकी है। सबसे पहले पानी की खाली बोतलों को रीसायकल करने का काम शुरू किया गया है। इसी क्रम में प्लेटफार्म पर बॉक्सनुमा डिजिटल रीसायकल मशीन लगाई गई है, जिसमें खाली बोतल डालने पर इनाम दिए जाने की बात कही जा रही है।

मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही अयोध्या में आम यात्रियों के अलावा श्रद्धालुओं की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक आम दिनों में ही स्टेशन पर प्रतिदिन 10 हजार के लोगों का आवागमन होता है। गर्मी में पानी की बोतलों की मांग बढ़ जाती है। यात्री पानी पीने के बाद बोतलें इधर-उधर फेंक देते हैं। प्लेटफार्म और पटरियों पर खाली बोतल न फेंकी जाए। इसके लिए प्लेटफार्म पर रिसाइकल मशीन लगाने का काम शुरू किया गया है।

रेलवे स्टेशन पर लगी डिजिटल रीसायकल मशीन।

प्लेटफॉर्म पर लगाए गए चार्जिंग के 100-100 प्वाइंट

आज के समय में जितना जरूरी मोबाइल है। उससे कहीं अधिक उसे चार्ज रखना जरूरी है। दिग्विजय कुमार ने बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़ते ही हर प्लेटफार्म पर 100-100 चार्जिंग प्वाइंट बनवाए गए हैं।

> अभी प्लेटफार्म एक पर मशीन लगाई गई है। इसमें प्लास्टिक की बोतल डालने के बाद इनाम पाने के लिए मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। सभी प्लेटफार्म पर मशीन लगाने की तैयारी चल रही है। इससे सैकड़ों पानी की बोतलें रिसाइकल करने में मदद मिलेगी। – दिग्विजय कुमार, स्टेशन अधीक्षक

खोदी गईं गलियां 10 मार्च तक ठीक कर दें : डीएम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डीएम नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक हुई। व्यापारी बंधुओं ने नगर निगम की गलियों में सीवर लाइन डालने के बाद मार्गों को ठीक से न पाटने का मुद्दा उठाया। इस बात को लेकर डीएम ने अफसरों से जवाब तलब किया और कार्यप्रणाली को बेहद निराशाजनक बताया। इसके साथ ही उन्होंने 10 मार्च तक गलियों को ठीक कराने के निर्देश दिए।

व्यापारी बंधुओं द्वारा नगर निगम की गलियों में सीवर लाइन के लिए डाली गई पाइप की खुदाई के बाद भी मार्ग सही नहीं किए जाने की समस्या से डीएम को अवगत कराया गय। नितीश कुमार ने कहा कि पूर्व में भी इन गलियों को गंभीरता से देखने के दिए गए निर्देश के बावजूद अनुपालन न होना निराशाजनक है। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम शहरी आनंद कुमार दूबे व अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्य प्रकाश भारतीय से स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर 10 मार्च तक फोटोग्राफ के साथ आख्या मांगी है। साथ ही जल निगम को ऐसी सभी गलियों ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी मार्ग व गलियों में मलबे हों उन्हें तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। नगर निगम नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित रखें।

जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक में मौजूद डीएम नितीश कुमार व अन्य।

▸▸ जिला स्तरीय बैठक में व्यापारियों की समस्याएं सुन अफसरों को दिए निर्देश

राम ने गुरु वशिष्ठ को गुरुकुल में प्रदान की थी वेद की शिक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निःशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय का शताब्दी समारोह गुरुवार को शुरू हो गया। समारोह के तहत विभिन्न प्रकार के वैदिक कार्यक्रम और भजन आदि का आयोजन होगा।

समारोह के प्रथम सत्र में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि ऐसे ही गुरुकुल में आर्य राम ने गुरु वशिष्ठ से वेद की शिक्षा ग्रहण की थी। गायत्री मंत्र की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि ईश्वर जीवात्मा के अति समीप रहता है और इस मंत्र में ईश्वर से सद्बुद्धि की याचना की गई है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द के वेद भाष्य प्राकट्य की नगरीअयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम आर्य राम की जन्म स्थली है। यज्ञ में आर्ष कन्या गुरुकुल नजीबाबाद की कन्याओं ने मंत्र पाठ तथा भजन से लोगों को भाव विभोर किया। संचालन चंदन मित्र शास्त्री, आभार ज्ञापन प्राचार्य आचार्य उमा दयाल मिश्र ने किया। यजमान के रूप में गोपाल रस्तोगी, अमेरिका के वीरेन्द्र गिरि एवं चंडीगढ़ के सूबेदार मेजर विजय आर्य रहे। इस दौरान आनंद कुमार, देवेंद्रपाल वर्मा, संस्था अध्यक्ष अवधेशदास, प्रबंधक राम कुमार दास, मंत्री भानु प्रताप सिंह, उपमंत्री दानबहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार गर्ग, कुलपति विनय, रामप्रकाश चौबे, राजेंद्र कुमार तिवारी, देवव्रत मिश्र, अरुण शास्त्री, राजेश, राजेंद्र प्रसाद सिंह, कौशलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

▸▸ गुरुकुल महाविद्यालय का शताब्दी समारोह शुरू

शिक्षकों और बच्चों में आत्मीय संबंध होना चाहिए

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कनाडियन टीचर्स फेडरेशन कनाडा, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रोफेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत रिसोर्स पर्सन ट्रेनिंग प्रोग्राम की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला हुई।

महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक और छात्रों के बीच जितना ज्यादा से ज्यादा आत्मीय संबंध होगा बच्चा उतना अधिक से अधिक सीख सकेगा। केरला प्रांत से आए अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हरगोविंदम ने कहा संगठन शिक्षकों के व्यक्तित्व, विकास व गुणवत्ता संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव राय ने कहा कि बच्चे वह विषय वस्तु उतना नहीं सीखते हैं जो उन्हें माता पिता या शिक्षक सिखाता है। शिक्षकों को अपने कार्य करने के तरीके पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय ने भी उद्बोधन दिया। जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने आयोजन को लेकर जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर के रूप में पंकज आर्या, शिखा सिंह, मनोज कुमार पांडेय, अमित पांडेय, आकाश जायसवाल, श्याम किशोर बाजपेई रहे। अयोध्या और बाराबंकी के चौदह शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह, दंगल सिंह, राज नारायन सिंह राम जी सिंह व भास्कर यादव आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में मौजूद राष्ट्रीय पदाधिकारी व मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

▸▸ दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में जुटे शिक्षक, बीएसए ने अच्छे कार्य के लिए किया प्रेरित

सार-संक्षेप

2100 सुहागिनों ने किया दुरदुरिया पूजन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : शाहगंज में महाशिवरात्रि महोत्सव समिति व सिद्धेश्वरनाथ मंदिर के तत्वाधान में लोक कल्याण के लिए सामूहिक दुरदुरिया पूजन का आयोजन किया गया। 2100 सुहागिन महिलाओं ने पूजन-अर्चन कर नगर की खुशहाली और समृद्धि की कामना किया। अवसान माई के पूजन के बाद सभी सुहगिन महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि महोत्सव के कार्यकर्ता आनंद सोनी ने बताया कि 2013 से लगातार महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छह मार्च को शोभा यात्रा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से रमपुरवा मंदिर तक एवं नौ मार्च को भंडारा होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : प्रो. राजीव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि वर्तमान में भारत विकसित लक्ष्य प्राप्त करने में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. गंगा राम मिश्र राष्ट्रीय विज्ञान दिवस से रू-ब-रू कराया। पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ सिंधु सिंह ने विज्ञान के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पावर पॉइंट के माध्यम से विभिन्न संबंधित विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। निर्णायक प्रो. अनुपम श्रीवास्तव, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. गंगाराम मिश्र व डॉ. अनिल कुमार रहे। छात्रों को प्रमाण-पत्र दिया गया। संचालन ईशू वयश मौर्या ने किया।

डॉ. आरपी वर्मा अब जिला अस्पताल में देखेंगे मरीज

अयोध्या। अमृत विचार : शासन ने जेडी परिवार कल्याण रहे डॉ. आरपी वर्मा की तैनाती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता के रूप में की है। डॉ. आरपी वर्मा पहले जिला अस्पताल में ही तैनात थे। इसके बाद वह महिला अस्पताल के सीएमएस बनाए गए थे। काफी दिनों तक कार्यभार संभाला। इसके बाद जेडी परिवार कल्याण के पद पर प्रमोशन हो गया था। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.एनपी गुप्ता ने बताया कि शासनादेश आ गया है। जल्द ही वह ज्वाइन करेंगे।

अस्पताल में बनेगा शौचालय व स्नान घर

अयोध्या। अमृत विचार : दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में सांसद निधि से शौचालय व स्नानघर बनेगा। सांसद निधि से इसे बनवाने का लल्लू सिंह ने ऐलान किया था। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि लगभग 30 लाख रुपये से इनका निर्माण होना है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को दी गई विदाई

अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में उपनिरीक्षक लिपिक संवर्ग पद पर तैनात शंकर पासवान अपनी अधिवर्षिता आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। उनको कार्यालय में समारोहपूर्वक विदाई दी गई। शुक्रवार को उपनिरीक्षक लिपिक संवर्ग शंकर पासवान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीन कुमार तथा अन्य कर्मियों ने धार्मिक पुस्तक, स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र देकर विदाई दी। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कर्तव्य निष्ठा की सराहना की। इस अवसर पर कर्मियों ने माल्यार्पण किया और भेंट उपहार दिया।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ हुई बैठक

संयुक्त बैठक को संबोधित करते गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्रदेश में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस और सपा के बीच लोकसभा सीटों के तालमेल के बाद गुरुवार को दोनों दलों की कमला नेहरू भवन कांग्रेस कार्यालय पर संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुटता के साथ एनडीए को हराने और ब्लॉक व तहसील स्तर पर संयुक्त बैठकों का निर्णय लिया गया। गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता डॉ. निर्मल खत्री के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलेगा और विजय का मार्ग प्रशस्त होगा। कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कहा कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुसार इस देश के सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की आगामी लोकसभा चुनाव में मदद करेगा। बैठक को पूर्व मंत्री तेज नरायन पांडेय पवन, सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने भी संबोधित किया और इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रत्याशी का बुके देकर स्वागत किया। संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। बैठक में सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महासचिव हामिद जाफर मीसम, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, सुनील कृष्ण गौतम, उग्रसेन मिश्रा, शीतला पाठक, सुरेंद्र प्रताप सिंह समेत दोनों दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामकथा पार्क में सिया के मन भाए राम...

रामकथा पार्क में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। | हनुमंत लला की आराधना में कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम कथा पार्क में बुधवार शाम रामोत्सव का आरंभ मांडवी तिवारी के लोक भजनों से हुआ। राम आएंगे आएंगे गाने के बाद पारंपरिक सोहर जन्मे अवध रघुराई गाकर रामलला के विराजमान होने की खुशी व्यक्त की। लखनऊ से आई स्वाति श्रीवास्तव के दल ने सिया के मन भाए राम नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कलाकारों में सुमन, अभिनव, सौरभ, मुस्कान रहे। वहीं सरिता यादव के दल ने भजनों पर कथक और लोक नृत्यों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को मंचित किया। गणेश वंदना के बाद श्रीराम स्तुति, मेरे रामलला तेरा ही सहारा हो जैसे भजनों पर नृत्य करते कलाकारों ने रामोत्सव के उल्लास को जीवंत कर दिया। रामभक्त हनुमान की लीला नृत्य नाटिका प्रस्तुत करके प्रयागराज से आई सोनाली चक्रवर्ती और उनके दल ने हनुमंत लला की आराधना की। काशी की प्रियंवदा तिवारी ने भरतनाट्यम शैली में पारंपरिक पुष्पांजलि प्रस्तुति की। उसके बाद श्रीराम चरण प्रसन्नम पर नृत्य करके सभी को मंच से जोड़ लिया। नोएडा की डॉ. अनु सिन्हा के दल ने कथक नृत्य शैली में रामजन्म से लेकर सीता हरण तक के प्रसंग को प्रस्तुत किया। कलाकारों का सम्मान संस्कृति विभाग के समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

विवेचक के मंसूबों पर फिरा पानी आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हत्या के मामले में तीन नामजद आरोपियों को क्लीन चिट देने के विवेचक के मंसूबों पर कोर्ट ने पानी फेर दिया है। तीनों को कोर्ट ने हत्या का मुकदमा चलाने के लिए तलब किया है। यह आदेश अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना 7 जून 2022 की सुबह 6 बजे की है। बीकापुर कोतवाली के गांव गुंधौर में दिनदहाड़े सुबह 6 बजे भोला, मोहन, शोभा देवी, सुषमा, वंदना ने कुल्हाड़ी फावड़ा से अर्जुन यादव पर हमला बोल दिया था। इसी चोट के कारण अर्जुन यादव की मौत हो गई थी। इसमें उपरोक्त सभी लोगों के खिलाफ मृतक की मां कमलेश कुमारी ने हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट लिखाई थी। मामले के विवेचक सुमित श्रीवास्तव को भी उपरोक्त लोगों द्वारा हत्या करने की बात बताई गई थी लेकिन विवेचक ने अभियुक्तों के नाजायज प्रभाव में आकर भोला, वंदना तथा शोभा को क्लीन चिट दे दी और इनका नाम निकलते हुए अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत कर दिया। मामला अदालत पहुंचा। गवाह कमलेश कुमारी, रामचंद्र, शिवराम, अमरनाथ ने भी उपरोक्त तीनों लोगों के घटना में शामिल होने की गवाही दी। इसके बाद वादिनी ने तीनों को विचारण के लिए तलब करने की अर्जी दी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अभियुक्त भोला के मोबाइल का लोकेशन घटना वाले दिन और समय पर घटनास्थल का होना पाया और अन्य दोनों अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट में दिए गए बयानों के आधार पर तीनों को हत्या के आरोप के तहत विचारण के लिए तलब करने का आदेश दिया।

तैयारी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित हो रहा राम की पैड़ी और घाट, प्राकृतिक छटा के बीच मना सकेंगे जन्मदिन और पार्टी

सरयू में बनेगा प्रदेश का दूसरा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वाटर स्पोर्ट की होगी व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राम की पैड़ी और सरयू के घाटों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने की कवायद तेज हो गई है। राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा और सरयू के घाट पर पैवेलियन के निर्माण की योजना के बाद अब सरयू नदी में प्रदेश का दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। गत वर्ष प्रयागराज में यमुना नदी पर प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कराया गया था। इस पारदर्शी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर मनोहारी प्रकृतिक छटा के बीच लोगों को जन्मदिन, प्री वेडिंग शूट, संगोष्ठी-सेमिनार और योग सत्र के आयोजन की सुविधा हासिल होगी। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगें। योजना को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से प्रक्रिया शुरू की गई है।

पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरयू नदी में प्रदेश के दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की योजना बनाई है। योजना के तहत रेस्टोरेंट के निर्माण पर दो करोड़ 24 लाख रुपये और जल क्रीड़ा उपकरणों की स्थापना पर 32 लाख 30 हजार रुपये के खर्च का अनुमान किया गया है और इसके लिए निगम की ओर से निविदा जारी की गई है। विभाग की योजना इसको मानसून ऋतु के तीन माह को छोड़कर बाकी नौ माह संचालित करने की है। पर्यावरण संरक्षण की कवायद के तहत इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर 275 वाट के दो सोलर पैनल सिस्टम लगाए जाएंगे और आपात स्थिति में विद्युत आपूर्ति के लिए 30 किलोवाट के जेनरेटर सेट की स्थापना की जाएगी। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र यादव का कहना है कि सरयू में तैरते रेस्टोरेंट और जल क्रीड़ा की योजना मुख्यालय की है और इसका निर्माण व विकास पर्यटन निगम की ओर से कराया जा रहा है।

प्रस्तावित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का प्रतीकात्मक चित्र व ले आउट।

पूर्णतया वातानुकूलित होगा रेस्टोरेंट

सरयू नदी में प्रस्तावित तैरता रेस्टोरेंट डबल लेयर का होगा और इसका आकार 22 मी. गुणे आठ मी. होगा, जिसमें 12 मी. गुणे छह मी. में प्री फैब स्ट्रक्चर का पूर्णतया वातानुकूलित रेस्टोरेंट तथा नौ मी. गुणे 3 मी. का वॉकिंग एरिया होगा। वातानुकूलन के लिए 2 टन क्षमता का 4 स्प्लिट एसी लगेगा। पानी में रेस्टोरेंट की स्थिरता के लिए 20 फ्लोट मॉड्यूल लगाया जाएगा। 10 मिमी मोटी पारदर्शी शीशे की दीवारें, 3 गुणे 6.75 फुट के घूमने वाले शीशे के दरवाजे, 14 गेज 50 मिमी मोटाई की टैब पफ पैनल शीट व यूपीवीसी पैनल का ढलान युक्त छत होगी। साज-सज्जा और आकर्षण के लिए 18 वाट की हैंगिंग, 8 वाट की बहुरंगी लाइट व फैंसी और किनारे-किनारे स्ट्रिप एलईडी लाइट लगेगी। रेस्टोरेंट के अगले हिस्से में आधुनिक पैंट्री और मैरीन एकरिंग उपकरण तथा एंकरिंग साइड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही रेस्टोरेंट तक आवागमन के लिए बोट अथवा वाटर स्पोर्ट बोट उपलब्ध कराई जाएगी। पूरा ढांचा उच्च अग्निरोधक क्षमता के एचडीपीई का तथा हैवी ड्यूटी गैंगवे होगा। जबकि जल क्रीड़ा के लिए भी उपकरणों की स्थापना की जाएगी।

एक नजर

डॉ. तारकेश्वर को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। कवि डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु अकबरपुर विकासखंड के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर में विज्ञान अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। जिज्ञासु शिक्षा के साथ-साथ कविता और साहित्य में अच्छी शौक रखते हैं। शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रियता जिज्ञासु की पहचान है। बीते दिनों हमरंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सफल संचालन के लिए फाउंडेशन के अध्यक्ष यगेश्वर वत्स और सचिव विवेक तिवारी अविचल द्वारा सम्मान पत्र से अलंकृत किया गया है। सम्मान पत्र की प्राप्ति पर शिक्षकों, समाजसेवियों, कवियों और साहित्यकारों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है।

प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। तहसील क्षेत्र आलापुर के तेंदुआईकला स्थित जयप्रकाश नरायण सर्वोदय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में कक्षा छह से नौ तक प्रवेश के लिए परीक्षा 27 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि संबंधित विद्यालय में कक्षा छह से कथा नौ में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संबंधित छात्राओं के अभिभावक 15 मार्च तक विद्यालय में आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की जांच के बाद 20 मार्च को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं की सूची प्रकाशित होगी। 27 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी। 31 मार्च से सफल छात्राओं का प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा।

मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

टांडा, अंबेडकरगनर। अमृत विचार। स्वर्गीय रामचन्द्र गुप्ता वैद्य के चतुर्थ पुण्यतिथि पर टांडा चौक स्थित गुप्ता औषधालय में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. राघवेंद्र गुप्त ने बताया कि शिविर में नि :शुल्क ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। चिकित्सा शिविर में 48 दांत के मरीज और 55 अन्य बीमारियों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क परामर्श व दवाएं वितरित की गई। मरीजों को बीमारियों से बचने के लिए अपनी दिनचर्या को उचित रखने और पौष्टिक आहार लेने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही जंक और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी गई। इस दौरान डॉ. विवेक गुप्त व रामसकल के अलावा कई अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने सामान किया पार

मालीपुर, अंबेडकरनगर। थाना अंतर्गत दिव्या लघु माध्यमिक विद्यालय गानेपुर पटौहा में बुधवार की रात्रि चोरों ने बाथरूम का ताला तोड़कर उसमें लगे किर्लोस्कर के मोटर और हैंड पंप समेत अन्य सामान उठा ले गए। घटना की सूचना प्रधानाचार्य अनुराग त्रिपाठी को गुरुवार को सुबह स्कूल खुलने के बाद हुई। प्रधानाचार्य ने घटना की तहरीर थाना अध्यक्ष मालीपुर को दिया। थाना अध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने विभिन्न मुकदमों में अभियुक्त अभिमन्यु उर्फ मन्यू पुत्र निवासी पूरा बक्सराय थाना इब्राहिमपुर को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए न्यायायल भेज दिया है। कांस्टेबल आलोक सरोज ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त उग्रसेन पुत्र रामसुमेश निवासी दशरतपुर थाना इब्राहिमपुर के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजेन्द्र यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त गुन्नन पुत्र तहदिल निवासी महावत का पूरा उतरेथू थाना इब्राहिमपुर के कब्जे से पांच लीटर अवैध शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं उप निरीक्षक प्रकाश कुमार ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी नशरुल्लापुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर के कब्जे से 10 लीटर नाजायज शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

रोजगार मेले में 146 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 76 हुए चयनित

प्रशिक्षित लाभार्थियों को रोजगार मेले में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए किया गया प्रेरित

आलापुर, जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। पं दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरियावं जहांगीरगंज में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजा बाबू गुप्ता और कौशल विकास मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। विकास खंड जहांगीरगंज के परिसर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहांगीरगंज में इस रोजगार मेले का आयोजन कराया गया है। रोजगार मेले में दो कंपनियां एसआईएस कंपनी जौनपुर व निसान इंडिया स्किल प्राइवेट लिमिटेड ने हिस्सा लिया। जिसमें 146 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और उसमें से 76 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। जिला कौशल प्रबंधक ने सभी से अनुरोध किया गया कि जनपद में इसी प्रकार से हर एक विकास खंडों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में जो प्रशिक्षित लाभार्थी हैं वह अधिक से अधिक प्रतिभाग करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी। अमृत विचार

चयनित छात्रा को नियुक्ति पत्र देते राजा बाबू गुप्ता।

सरकार रोजगार देकर युवाओं को कर रही मजबूत

मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजाबाबू गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ने देश की युवा शक्ति को विभिन्न स्तरों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया है। ऐसे मेले के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही अवसर मिलना अच्छी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक कौशल विकास मिशन नीरज सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत जिन युवक व युवतियों ने 100 दिन का कार्य पूर्ण किया हो वह उन्नति योजना में निरूशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कराकर सरकार उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज भी युवाओं को प्रदान किया जाएगा अवसर

एसआईएस कंपनी से साक्षात्कार लेने आए डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने कहा कि शुक्रवार को इसी कैंपस में फिर मेले का आयोजन कर युवाओं को एक और अवसर प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर जीशान हैदर, फार्मासिस्ट इंद्रराज यादव, उमा देवी, राज कुमार सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम के आयोजक राजेश सिंह नें आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण : सीडीओ

▸▸ **उद्योग और व्यापार बंधु समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग और व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान व्यापारियों के प्रतिनिधियों द्वारा बिंदूवार समस्याओं के बारे में बताया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने और योजनाओं के क्रियान्वन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया।

सीडीओ ने निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के उपरांत प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 2424 आवेदन के सापेक्ष 2024 आवेदन निस्तारित कर दिया गया। विभाग स्तर पर 11 आवेदन लंबित हैं, जिसे समय सीमा अंतर्गत निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी, उद्योग बंधु के प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

उद्योग और व्यापार बंधु समिति की बैठक को संबोधित करते सीडीओ अनुराज जैन।

बीईओ कार्यालय से लाखों का सामान चोरी

जलालपुर, अंबेडकरनगर। शिक्षा क्षेत्र जलालपुर अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के निकट स्थित प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर के अतिरिक्त कक्ष में स्थापित आईसीटी लैब से चोरों ने कम्प्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, यूपीएस समेत अन्य सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर ने पुलिस को दी है। गुरुवार सुबह आरपी मित्रसेन वर्मा रोज मर्रा की भांति जब विद्यालय पहुंचे तो आईसीटी लैब का दरवाजा बाहर से बंद था, लेकिन ताला खुला हुआ था और जब वह अन्दर प्रवेश हुए तो दंग रह गए। सेंटर के अंदर तीन मॉनिटर, तीन सीपीयू, दो यूपीएस, दो कीबोर्ड, एक एलईडी टीवी और माउस गायब था। जब कि अंदर और अन्य चीजें सुरक्षित मिली। जिस को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। खंड शिक्षाधिकारी मीनाक्षी सिंह ने कोतवाली जलालपुर में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। कोतवाल जलालपुर दर्शन यादव ने बताया कि प्राथिमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई होगी।

एसपी और एएसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई करते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और एएसपी विशाल पांडेय द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित पुलिस, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को त्वरित जांच कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किए जाने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों के साथ शिष्ट और विनम्र व्यवहार किया जाए

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बने अमरेंद्र यादव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संतुति पर सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने अकबरपुर विधानसभा के भिखारीपुर निवासी अमरेंद्र यादव को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाया है। अमरेंद्र इससे पहले भी सपा फ्रंटल संगठन के कई पदों पर रह चुके हैं। सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर अमरेंद्र ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव का धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने उन जैसे छोटे कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दिया है। उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सपा के नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अमरेंद्र को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर, कटेहरी विधायक लालजी वर्मा, टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा, आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी हीरा लाल यादव, विशाल वर्मा, मुजीब अहमद सोनू, सपा के वरिष्ठ नेता डा. अभिषेक सिंह, विश्वनाथ यादव, महेंद्र यादव, विजयभान यादव, अमरेंद्र यादव, सुभाष यादव, विधान चंद्र चौधरी, उत्तम चौधरी, अजीत यादव, अर्पित वर्मा सहित नेताओं और कार्यकताओ ने खुशी व्यक्त कर बधाई दिया है।

2300 से ज्यादा दिव्यांग पेंशन से हो सकते हैं वंचित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। राशनकार्ड में नाम नहीं होने और अब तक फैमिली आईडी न बनवाने वाले 2365 से अधिक दिव्यांग तीन माह के पेंशन का लाभ पाने से वंचित हो सकते है। समाज कल्याण विभाग ने इन पेंशनधारियों को 15 दिन के अंदर जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देशित किया है। यदि समय रहते पेंशनधारियों ने कोरम को पूरा नहीं किया तो पेंशन के लाभ से वह वंचित हो जाएंगे।

जनपद में 15 हजार 423 दिव्यांग पेंशनधारी हैं। सरकार की ओर से जिन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए के हिसाब से पेंशन दी जाती है। प्रत्येक तीन माह पर पेंशन का 3 हजार रुपए लाभार्थियों के खाते में भेजा जाता है। मार्च माह में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के जनवरी, फरवरी और मार्च माह की चौथी किस्त पेंशनार्थियों के खाते में जानी है। इन दिनों दिव्यांग पेंशनरों के सत्यापन का कार्य चल रहा है। सभी पेंशनरों को निर्देश है कि वह अनिवार्य रूप से राशनकार्ड में अपना नाम दर्ज कराएं। जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी प्रतिभा यादव ने बताया कि सभी लाभार्थियों को निर्देश दिया गया है कि वह अविलंब जरूरी कोरम पूरा कर लें। अन्यथा उन्हें आगामी दिनों में होने वाले पेंशन के भुगतान का लाभ नहीं मिल सकेगा।

नगरपालिका क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ **डीएम ने सभी भवनों को चिह्नित करने का दिया निर्देश**

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि नगरपालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकारी से नक्शा स्वीकृत कराए अवैध रूप से हो रहे आवासीय और वाणिज्यिक भवनों का निर्माण कराने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि साथ ही उनका निर्माण तत्काल रोका जाएगा। उन्होंने सभी भवनों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकारी से नक्शा स्वीकृत कराए अवैध रूप से हो रहे आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के निर्माण को लेकर आए दिन शिकायत आती हैं। उन्होंने बताया कि बिना नक्शा स्वीकृति के निर्माण होने से एक तरफ जहां नगर निकायों को आर्थिक क्षति हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ नगर क्षेत्र में अनियोजित निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। नगर क्षेत्र को सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास और निकायों के आर्थिक हित में इस की अनियमित कार्रवाई, अवैध निर्माण की प्रवृत्ति को प्रभावी तरीके से रोकने के लिए नगर निकाय के अधिशाषी अधिकारी और अवर अभियन्ता सिविल द्वारा सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने सभी नगर निकाय अधिशाषी अधिकारी और अवर अभियंता सिविल को आदेश दिया कि वह अपने कार्य क्षेत्र में हो रहे ऐसे सभी अवैध निर्माण को चिह्नित कर उन पर रोक लगाएं।

सक्षम अधिकारी इनकी लें मदद रू नियमानुसार ध्वस्तीकरण और अन्य आवश्यक कार्रवाई प्रभावी तरीके से करें। इसक दौरान किसी प्रकार की पुलिस, प्रशासनिक हस्तक्षेप, सहयोग की आवश्यकता पड़ने पर अधिशाषी अधिकारी संबंधित तहसील के उपजिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को वस्तु स्थिति से अवगत कराकर अपेक्षित सहयोग ले सकते हैं।

अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या, 436, अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या-224001
शुद्धि पत्र
दिनांक 24.02.2024 को मांग सूचना प्रकाशित किया गया था उसमें "मेसर्स आनंद टायर हाउस (यूनियन बैंक बस्ती ई-आंध्रा शाखा का एनपीए खाता) में मांग सूचना की तिथि 15.02.2024 से पहले जारी किए गए सभी सरफेसी नोटिस वापस ले लिए गए हैं"।
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

डाकघर में मशीन खराब हाने से ग्राहक परेशान

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में स्थित उप डाकघर पर आए दिन मशीन खराब रहती है। जिससे दूर दराज से रजिस्ट्री करने और पैसा निकालने के लिए आए लोगों को काफी कठिनाइयां उठानी पड़ती है। बता दें कि राजेसुल्तानपुर में स्थित उपडाकघर पर रजिस्ट्री करने गए लोगों ने बताया कि सप्ताह भर से लगातार रजिस्ट्री करने आ रहा हूं। लेकिन तैनात बाबू द्वारा हमेशा मशीन खराब होना बताया जाता है। जिससे हम लोगो को देवरिया और जहांगीरगंज अक्सर जाना पड़ता है। वहीं मौके पर रजिस्ट्री करने आए धनंजय, प्रमोद, विमल, कमलेश आदि ने बताया कि उपडाकघर के कर्मचारियों द्वारा अक्सर कार्य नहीं करने की स्थिति में मशीन खराब या सर्वर न चलने का हवाला दिया जाता है। क्षेत्रीय लोगों को पैसा निकालने और रजिस्ट्री भेजने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में स्थित उप डाकघर।

सांस्कृतिक लोक कला उत्सव का आयोजन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ **आज ऐसे गीतों का प्रचलन है जो हमारे समाज से परिवारिक क्षरण हो रहा है : श्याम बाबू**

अमृत विचार। गुरुवार को सरस्वती शिशु मन्दिर टांडा सभागार में संस्कृति संरक्षण संस्थान के तत्वाधान में पारम्परिक सांस्कृतिक लोक कला उत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू, विशिष्ट अतिथि कृष्णन दास महंत मोतिगरपुर आश्रम व कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में सुर्यजीत वर्मा पूर्व जिला मंत्री विहिप झारखंड कांवरिया सेवा मंडल के अध्यक्ष उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम शिवकुमार आचार्य के संचालन में सेंट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य भारत क्षेत्र सांस्कृतिक क्षेत्र प्रयागराज भारत सरकार के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम बाबू व कृष्णन दास, प्रधानाचार्य राम सुंदर ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। सरस्वती वंदना, अतिथि परिचय, स्वागत गीत, कृष्ण भजन, राम भजन, पहाड़ी नृत्य, देश गीत, युगल गीत को अर्जुन आचार्य, आशिमा मौर्या, आद्रिका मिश्रा, उदय, प्रियांशु त्रिपाठी, प्रानजली, शानवी, सारिका, शिवान्या, आराध्या ने अपने आपको इस कार्यक्रम में जोड़े रखा। जिसका अवलोकन अविभावक बन्धुओं और गणमान्य बन्धुओं ने कर खूब सराहा। श्याम बाबू ने कहा आज समाज मे ऐसे गीतों का प्रचलन तेजी से पनप चुका है, जिसके कारण हमारे समाज से परिवारिक क्षरण हो रहा है। ऐसे-ऐसे गीत भोजपुरी के नाम आ रहा है। हम परिवार के साथ छोड़िए सभ्य समाज के साथ नहीं सुन सकते हैं। अच्छे गीतों को लिखने वालों और गाने वालों को आगे लाकर प्रोत्साहन करने में यह मंच बहुत ही सहायक सिद्ध होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा नाम SATYA WATI सर्विस रिकार्ड में गलत लिख गया है। सही नाम SATYA VATI W/O Late Shiv Bahadur Singh निवासी ग्राम मझिगवां करन, पोस्ट चौहनिया थाना हरचंदपुर, जिला रायबरेली 229303 होना चाहिए।

सूचना
सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। मो. सलीम पुत्र मेहंदी लाल निवासी बनबीर पुर पो. सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।

सूचना
सूचित किया जाता है कि वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2020 अनुक्रमांक 1213345 कहीं वास्तव में खो गया है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे इंटरमीडिएट की अंक पत्र सन 2022 अनुक्रमांक 2225902575 वास्तव में कहीं खो गया है

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित पाल को उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र कढ़ीलेराम निवासी ग्राम गदियाखेड़ा मव तिलन मलिहाबाद लखनऊ। हाल पता मोहन रोड बुद्धेश्वर काकोरी लखनऊ। मो न व 8573926290

सूचना
सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता निवासी-रमईपुर कलां, पोस्ट-सरेनी, तहसील-लालगंज, जनपद-रायबरेली।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है। माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

सूचना
सूचित हो कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र व बी यू एम एस की डिग्री वास्तव में कही खो गई है। डॉ0 शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री कत जमील अहमद निवासनी सी 2483 मिनी एल आई जी राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ।

कार्यक्रम बीडीवाई मेमोरियल एकेडमिक स्कूल का वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह मनाया गया

वार्षिकोत्सव विद्यालय का दर्पण होता है : त्रिभुवन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। बीडीवाई मेमोरियल एकेडमिक स्कूल जुनेदपुर का वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह दुर्गा प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता और नेबू लाल के संचालन में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा प्रसाद तिवारी ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन कर किया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवन दत्त और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार यादव मौजूद रहे। सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय का दर्पण होते हैं। जहां से छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए उपयुक्त मंच मिलता है। यहीं बच्चे बड़े होकर क्षेत्र और देश का नाम रोशन करते हैं। सितारे उर्दू अवॉर्ड से सम्मानित मो. शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मो. असलम खान ने कहा कि तालीम इंसान के अंदर एक ऐसा इत्र है, जो अपनी खुशबू से समाज को महकाता रहता है। प्रधानाचार्य डॉ. पवन यादव ने कहा कि सफलता के लिए शिक्षा, चरित्र और धैर्य का होना अति आवश्यक है। प्रबंधक गिरिजेश कुमार यादव ने अतिथियों का माल्यार्पण और बुके प्रस्तुत कर स्वागत किया।

छात्रा इकरा को सम्मानित करते विधायक त्रिभुवन दत्त और शिक्षक असलम खान।

मेधावी सम्मानित

समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा ट्राफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रमेश कुमार यादव, आदित्य कुमार यादव, शमीम खान, मो. शाहिद, सूर्य प्रकाश, बांके लाल गौतम, आशाराम, अनिल कुमार, रौशन लाल गौतम, कंतराज, आरजू, साधना, सलमा व अन्य मौजूद थे।

सुरेश आइकॉन ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। शिवपुर गयासपुर के मूल निवासी और राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव आइकॉन ऑफ इण्डिया अवॉर्ड सहित कई अन्य अवॉर्ड से सम्मानित हुए। ग्लोबल एजुकेशन एंड मीडिया फॉउंडेशन द्वारा सुरेश लाल श्रीवास्तव को एक ओर जहां आइकॉन ऑफ इण्डिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं स्वदेश संस्थान भारत, सागर कला भवन अयोध्या और भरत कुंड महोत्सव न्यास, जिला प्रशासन अयोध्या, उत्तर प्रदेश पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा राम कथा पार्क अयोध्या में आयोजित अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में इन्हें स्वदेश भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इनकी उपलब्धियों पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने अपनी हर उपलब्धि के लिए पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल और मां उर्मिला व गुरुजनों को श्रेय देते हैं।

एक नजर

कच्ची शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा : कच्ची शराब रखने के आरोप में कौड़िया के उड़िला पसियन पुरवा गांव निवासी झोथू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित के कब्जे से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह की अगुवाई में गठित पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा की गई है।

खंड विकास अधिकारी ने किया गांव का निरीक्षण

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने ग्राम पंचायत कौड़िया का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने पंचायत सचिवालय मे जाकर पंचायत सचिव राजेश कुमार चौधरी से पंचायत भवन में उपलब्ध संसाधन और साफ सफाई के बारे में जानकारी हासिल की। प्रधान रिंकू मिश्र व पंचायत सहायक मीनाक्षी त्रिपाठी भी उपस्थित रही।

सड़क निर्माण कराए जाने की उठी मांग

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवरिया कला के माथे डीहा गांव से देवरिया तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग पूर्व प्रधान अनिरुद्ध उपाध्याय ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। अब ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की है।

29 समूहों को उपलब्ध कराया गया ऋण

रुपईडीह, गोंडा : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिलाकर 29 महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित कर दिया गया है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि अन्य समूहों को ऋण वितरित किए जाने के लिए पत्रावलिया बैंकों को भेजी गई हैं।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती के भाई की पिटाई

नवाबगंज, गोंडा : छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो सगे भाइयों ने युवती के भाई को पीट दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर छेड़छाड़ व मारने पीटने का मुकदमा हुआ दर्ज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते सोमवार को गांव के दो सगे भाई उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगे। पुत्री इसका विरोध करते हुए घर पहुंच कर घटना के बारे में परिजनों से बताया। युवती का भाई शिकायत लेकर आरोपी के घर गया। वहां पर मौजूद दोनों भाइयों ने गाली गुप्ता देते हुए उसे लात घूसों से तथा लाठी डंडों से मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों सगे भाइयों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

अग्निकांडों से लड़ने को तैयार अग्निशमन दस्ता, संसाधनों का टोटा

बीते वर्ष 284 अग्निकांडों को ही कवर करने में कामयाब हो सका विभाग, बीते एक सप्ताह में दर्जनभर से अधिक अगलगी की हो चुकी हैं घटनाएं

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गरमी शुरू हो गई है। 15 मार्च आते आते मौसम पूरी तरह से गर्म हो जाएगा। मौजूदा समय तेज हवाएं चलने तथा पेड़ से पत्तियों के गिरने से आग लगने की प्रबल संभावनाएं हैं। बीते एक सप्ताह में ही एक दर्जन से अधिक आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन आग पर काबू पाने वाले विभाग के पास कर्मचारी हैं और उनमें आग बुझाने का हुनर व जज्बा भी है लेकिन बिना हथियार के लड़ाई लड़ना कठिन हो गया है। यह पहला अवसर नहीं है कि विभाग के पास संसाधनों की कमी है, इसका रोना पिछले 20 सालों से है लेकिन शासन इन पर ध्यान नहीं दे रहा है।

जिले की 43 लाख आबादी को आग से बचाने तथा भीषण तबाही रोकने को अग्निशमन दस्ता हमेशा तैयार रहता है परंतु संसाधनों की कमी के कारण दस्ते की पहुंच ग्रामीण इलाकों में नहीं हो पा रही है। मार्च व अप्रैल माह में अग्निशमन सप्ताह मनाया जाएगा। लेकिन संसाधनों को लेकर हमेशा की तरह लोग संकट में जूझते नजर आएंगे। एक अप्रैल से अग्निशमन पखवारा शुरू हो जाएगा और 43 लाख आबादी को आग से बचाने के लिए अग्निशमन विभाग को चैतन्य रहना पड़ेगा। विभाग के पास केवल दो फायर टेंडर है। इसमें एक मनकापुर केंद्र पर और दूसरी मुख्यालय पर खड़ी है। इसके अलावा एक छोटी गाड़ी है जिसे किसी पंप से जोड़कर आग बुझाने का काम किया जा सकता है। शहरी इलाकों में बनाए गए पंप खराब हो गए हैं। यदि जिले की सीमा से बाहर आग की घटना होती है तो वहां तक दस्ता नहीं पहुंच पाता है। यदि पहुंच भी जाए तब तक आग सब कुछ जलाकर राख कर देती है। हालांकि कर्मचारी पर्याप्त हैं लेकिन बिना हथियार के ये आग पर काबू कैसे पाएं इसे लेकर उनका भी रोना है। अग्निशमन केंद्र गोंडा में 60 फायरमैन की तैनाती है। चार चालक हैं लेकिन इन्हें मुख्य अग्निशमन अधिकारी का वाहन भी चलाना पड़ता है।

स्टेशन पर खड़ी फायर टेंडर मशीन। अमृत विचार

सभी फायर हाईड्रेंट निष्क्रिय

गोंडा नगर में फायर टेंडर में पानी भरने के लिए जगह-जगह फायर हाईड्रेंट बनाए गए थे। यदि आग बुझाते समय पानी खत्म हो जाए तो वाहन को पुन: केंद्र तक पानी भरने के लिए नहीं जाना पड़ता था। लेकिन सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्य में ये सभी निष्प्रयोज्य हो गए। अब एक आग बुझाने के लिए यदि पानी खत्म हो जाए तो उसे केंद्र पर लाना होता है। ऐसे में आधे घंटे से एक घंटे का समय लगता है। तब तक आग अपना रौद्र रूप दिखा देती है।

तरबगंज में मिली जमीन, करनैलगंज में चल रहा निर्माण

सभी तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन केंद्र स्थापित करने की दिशा में एक दशक से कार्य हो रहा है। करनैलगंज तहसील मुख्यालय पर एक फायर स्टेशन का निर्माण हो रहा है। दो साल हो गया लेकिन अभी तक यहां कोई संसाधन नहीं उपलब्ध हो सका है। तरबगंज तहसील मुख्यालय पर अभी जमीन की तलाश पूरी हुई है। मनकापुर में पहले से है लेकिन वहां भी संसाधन नहीं है। गोंडा केंद्र का एक फायर टेंडर भेजा गया है जिससे काम चलाया जा रहा है।

> आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए विभाग पूरी तरह से सक्रिय है। लेकिन संसाधनों की कमी है। जो संसाधन हैं उसी से काम चलाया जा रहा है। फायर हाईड्रेंट के लिए जलकल विभाग को पत्र भेजा गया है। सभी लोगों को आग से बचाव के सुझाव भी समय समय पर जारी किए जाते हैं।
>
> –नितेश शुक्ल, अग्निशमन अधिकारी, द्वितीय गोंडा

बैठक: 18 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर लगी मुहर

क्षेत्र पंचायत से जो काम संभव नहीं उसके लिए विधायक ने मांगा प्रस्ताव

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचार: क्षेत्र पंचायत मुजेहना की बैठक गुरुवार को सरयू सभागार में हुई। बैठक में 18 करोड़ से विकास कार्य कराने की सहमति बनी। इसमें मनरेगा मद से लगभग 13 करोड़ व लगभग पांच करोड़ राज्यवित्त एवं अन्य योजना शामिल है। मुख्य अतिथि मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि सांसद कीर्ति वर्धन के प्रतिनिधि राजेश सिंह रहे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कुसमा देवी ने की।

इस मौके पर मेहनौन विधायक ने कहा सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के विकास का प्रस्ताव दें। जो कार्य ब्लाक से सम्भव नहीं हो, उसे हमे अवगत करायें। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। जब तक अन्तिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं मिलेगा तब तक सरकार की मंशा पूरी नहीं होगी। खण्ड विकास अधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र पंचायत एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का काम करवाती है। क्षेत्र पंचायत से इन्टरलाकिंग, सीसी रोड, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सोलर लाइट, स्वच्छता, पेयजल, सरकारी भवन रख रखाव आदि कार्य हो सकता है। प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर समानित किया एवं आभार व्यक्त किया। एपीओ अमित राव ने मनरेगा, एडीओ पंचायत ने पंचायत विभाग, सीएचसी अधीक्षक डा सुमन मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग, एडीओ एजी राम प्रकाश तिवारी ने कृषि विभाग, जेई एम आई रमेश कुमार ने बोरिंग योजना, खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने शिक्षा विभाग के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, पूर्व जिला मंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष आत्माराम वर्मा, दिनारा प्रधान सालिकराम, महामंत्री अंगद वर्मा, महामंत्री विनीत मिश्रा, प्रधान राजकुमार सिंह, प्रधान अजय वर्मा, प्रधान राकेश तिवारी, एस ओ वेद प्रकाश शुक्ला सहित प्रधान गण क्षेत्र पंचायत सदस्य गण मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत बैठक को संबोधित करते मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

गोंडा कार्यालय : युवक ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर व नगर कोतवाल ने घटना की जानकारी ली। बड़ागांव के मनसा पूरी के अनुराग (20) ने बीती रात घर में फांसी लगा ली। किसी तरीके दरवाजा तोड़कर लोग अंदर गए और उसे लटका हुआ देखा। घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव को नीचे उतरवाया। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। क्षेत्राधिकारी विनय सिंह ने घटना की जानकारी ली। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

सीएमओ से होम्यो चिकित्सालय के भवन निर्माण की मांग

रुपईडीह, गोंडा: राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय कौड़िया बाजार का भवन निर्माण कराये जाने की मांग श्री रग्घू बाबा आरोग्य सेवा संस्थान के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने मुख्य चिकित्साधिकारी से की है।

उन्होंने बताया कि उक्त चिकित्सालय का संचालन चिकित्साकर्मियों की ओर से कस्बे के एक व्यक्ति के मकान मे किया जा रहा है। जहां पर चिकित्सा कर्मियों को चिकित्सालय संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में चिकित्सालय का भवन के निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

विकास के लिए 41.5 करोड़ रुपये की कार्ययोजना प्रस्तावित

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: वजीरगंज विकास खंड सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजना स्वीकृति के लिए वार्षिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अनीता यादव ने की।

बैठक में कार्यक्रम अधिकारी उमेश प्रसाद ओझा ने ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत की 15 करोड़ 73 लाख रुपयों की मनरेगा योजना व पंचम/पन्द्रहवें राज्य वित्त योजना के 17 करोड़ 50 लाख रुपयों की कार्य योजना के प्रस्ताव रखे। इसके अलावा 46 ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायतों के विकास के लिए छः करोड़ व क्षेत्र पंचायत पंचायत के विकास के लिए दो करोड़ 25 लाख रुपयों की कार्ययोजना के प्रस्ताव रखे। जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में अब तक ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराये गये कार्यों के भुगतान न होने तथा विकास खण्ड में गठित 610 स्वयं सहायता समूहों में से केवल दो समूहों के क्रियाशील रहने पर भी चर्चा हुई। कोइली जंगल ग्राम पंचायत में आंगनवाड़ी भवन न होने व रसूलपुर ग्राम पंचायत में केंद्र संचालित न होने की बात ग्राम प्रधानों ने सदन में रखी। जिस पर जनपद मुख्यालय को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायतों में हो रहे अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया। प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह ने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों से 15-15 लाइटों के प्रस्ताव मांगे। एडीओ पंचायत रवि मिश्र व सीडीपीओ रमा सिंह ने अपने-अपने विभागों के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में प्रदीप कुमार सिंह, अकील अहमद, नरेंद्र मिश्र अरुण शुक्ल, विनोद कुमार सिंह, सत्यदेव मिश्र, वीरेंद्र प्रताप सिंह, आनन्द प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सफर अली, अशोक सिंह, हामिद अली, बृज नाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

निर्णायक संघर्ष को तैयार रहें शिक्षक

पुरानी पेंशन बहाली की मांग, राष्ट्रीय पदाधिकारियों का शिक्षकों ने किया स्वागत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या जाते समय तरबगंज कस्बे में प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी हरिगोविंदन का जिलाध्यक्ष विनय तिवारी व तरबगंज ब्लाक अध्यक्ष बलवंत सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें। पुरानी पेंशन बहाली के लिए हड़ताल प्रस्तावित है। यदि सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो रेलवे, पोस्टल सहित सभी आवश्यक सेवाओं को ठप कर दिया जाएगा। जिसमें देश के शिक्षक अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी. हरि गोविंदन ने जिले के संगठन की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक हितों के लिए किये जा रहे कार्यों पर उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि जनपद गोंडा का संगठन राष्ट्रीय स्तर तक के संघर्षों में अग्रणी भूमिका में रहता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय काउंसलर अर्जुन सिंह, जिला सलाहकार डॉ. ध्रुव नारायण पांडेय, सहायक लेखाकार संदीप त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री दिनेश मिश्रा, उपाध्यक्ष स्मृति राय, ओनम देवी, अंजली सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अनिल कौशल, राजेश यादव, अरविंद यादव, चंद्रदीप यादव, रमेश विश्वकर्मा, सूर्य प्रकाश सैनी, सुजीत गुप्ता, राहुल सिंह यादव, धर्मेंद्र, काली प्रसाद पांडेय, अंजनी तिवारी, अरुण पाण्डेय, मीडिया प्रभारी पप्पू निषाद, अतुल राय, प्रदीप मौर्या, मनोज, सर्वदेव शुक्ल, मुकेश जायसवाल, अशोक, महेंद्र सिंह, सौरभ यादव, केशवराम, रविनंदन सिंह, संतोष सिंह, ऋषिकांत सिंह, बालक राम, आनंद जायसवाल आदि मौजूद रहे।

तरबगंज में राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

आग से लाखों रुपये की गृहस्थी राख, दो मवेशियों की जान गई

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों की गृहस्थी जल कर राख हो गई। आग की चपेट में आने से एक भैंस और पड़िया की जलकर मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में बुधवार की रात्रि में करीब बारह बजे राम दुलारे मौर्या के घर में अचानक आग लग गई। परिवार वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। घटना से चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग की लपटों ने घर के बगल मड़हे को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मड़हे में बंधी भैंस आग से झुलस गई। आस पास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक पूरे घर के अंदर रखा अनाज, बर्तन, कपड़ा और कई पंपिंग सेट इंजन तथा नगदी जल कर राख हो गई और मड़हे में बंधी भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

गांव के प्रधान किशन लाल यादव ने बताया कि आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बृहस्पतिवार की सुबह हलका लेखपाल सुनील कुमार यादव ने पीड़ित के घर पर पहुंच कर आर्थिक लाभ के लिए जांच कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है। मृतक जानवरों का डाक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम के बाद विधिक कार्रवाई की गई।

आग लगने से जला छप्पर का मकान।

बदले गए बोर्ड परीक्षा में लगे दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट

रुपईडीह, गोंडा

अमृत विचार: ब्लॉक में दो बोर्ड परीक्षा केंद्रों के स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने फेरबदल किया है।

ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए स्थापित परीक्षा केंद्र पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर में तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट सरयू नहर खंड तीन के सहायक अभियंता अजीत सिंह के स्थान पर ब्लॉक कटरा बाजार की खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय को तथा परीक्षा केंद्र शिव कात्यानी बाल विद्या मंदिर भवनियापुर उपाध्याय में तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट सरयू नहर खंड तीन के सहायक अभियंता पंकज राज के स्थान पर ब्लॉक रुपईडीह के एडीओ आईएसबी आजम खान की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि इन दोनों नवनियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल विहीन वातावरण में संपन्न कराए जाने का निर्देश दे दिया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल पेश किए

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सेंट जोसेफ स्कूल भगोहर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान से संबंधित अनेक गतिविधियां भी संचालित हुई। प्रदर्शनी का अवलोकन अभिभावकों समेत शिक्षकों ने किया।

विद्यालय प्रबंधक एम झा व प्रधानाचार्य रमेश आनन्द ने उत्साहवर्धन किया। संयोजक विजय कुमार ने बताया कि सौ बच्चों ने विभिन्न मॉडलों को बना मेधा प्रदर्शित की। आयोजक कुणाल झा ने आभार जताया तथा लोगों की जिज्ञासा शांत की। कार्यक्रम में उमाशंकर शुक्ल, आरती, मनीष शुक्ला, रंजना सिंह, एसपी शुक्ला, सुधीर गंगवार, मनीषा झा, विशाल झा कार्यक्रम में आराध्या शर्मा के भारत का भौगोलिक मानचित्र, अनुभव का मिसाइल, रिदा नूर के सतत विकास के मॉडल सराहे गए।

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

वॉलीबाल प्रतियोगिता आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान और वॉलीबाल क्लब भैरोपुर की टीम के बीच खेला गया मैच

पहले दिन नरेंद्र देव व गोरखपुर की टीम रही विजेता

बभनान, गोंडा

अमृत विचार: आचार्य नरेन्द्र देव किसान पीजी कालेज बभनान एवं वॉलीबॉल क्लब भैरोपुर की टीम का मैच हुआ। जिसमें आचार्य नरेन्द्र देव महाविद्यालय की टीम पहले राउण्ड में 25-19 तथा दूसरे राउण्ड में 32.30 से विजयी रही। दूसरे मैच में गोरखपुर तथा सिद्धार्थ नगर की टीमें उतरी और पहले राउंड में गोरखपुर की टीम 26-24 तथा दूसरे राउंड में 25-23 से विजई रही।

आचार्य नरेन्द्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान की स्थापना के 51 वें वर्ष में स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पूर्वाह्न ग्यारह बजे मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष छपिया सत्येंद्र वर्मा तथा प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। महाविद्यालय की छात्रा आराध्या मिश्रा एवं तनु द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। समृद्धि एवं साक्षी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा माधुरी पाण्डेय, आंचल एवं तनु ने स्वागत गीत गाये।

आयोजन सचिव डॉ अनिल कुमार, डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा डॉ प्रतीक कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिहन भेंट किया। सबसे पहले आचार्य नरेन्द्र देव किसान पीजी कालेज बभनान एवं वॉलीबॉल क्लब भैरोपुर की टीम का मैच हुआ। जिसमें आचार्य नरेन्द्र देव महाविद्यालय की टीम पहले राउंड में 25-19 तथा दूसर राउण्ड में 32.30 से विजयी रही। दूसरे मैच में गोरखपुर तथा सिद्धार्थ नगर की टीमें उतरी और पहले राउंड में गोरखपुर की टीम 26-24 तथा दूसरे राउंड में 25-23 से विजयी रही। मैच के दौरान शेष राम भारती द्वारा लगातार कमेन्ट्री जारी रही।

कार्यक्रम उद्घाटन सत्र एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ डॉ. सुरेन्द्र कुमार पांडेय, डॉ. अखिलेश्वर शुक्ल, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. श्रवण शुक्ल, डॉन ही एन विकारी, स्कन्द शुक्ल, डॉ. अनिल उपाध्याय, डॉ. उमाशंकर, डॉ. कमलेश उपाध्याय सहित महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

वॉलीबाल खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

तमंचे से चली गोली से युवक घायल

तरबगंज, गोंडा: स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार में शराब के नशे में धुत्त युवक के असावधानी बस अवैध असलहे से चली गोली से वह स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर अवस्था में घायल युवक को जिला अस्पताल गोंडा में भर्ती कराया गया है।

सोनौली मोहम्मदपुर नए निवासी सुरजीत पुत्र बसंत बहादुर (25) पकड़ी बाजार स्थित शराब ठेके के पास नॉनवेज की दुकान पर खाना खा रहा था। तभी उसके अवैध असलहे से गोली चल गई। गोली चलने की घटना से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया।

बाइक की ठोकर से किसान की गई जान

कौड़िया बाज़ार, गोंडा

अमृत विचार: करनैलगंज-आर्यनगर मार्ग पर बाइक सवार की ठोकर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बल्दी ग्राम पंचायत के उमरिया गांव निवासी परशुराम (65) अपने घर के सामने सड़क पार कर खेत में छुट्टा मवेशियों को हांकने जा रहे थे। कि कटरा बाजार की तरफ से आर्यनगर की ओर तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार की चपेट में आ गए। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।

घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

मसकनवा, गोंडा : मसकनवा लखपतनगर रेलवे स्टेशन के मध्य विशनोहरपुर गांव के पास अप ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार की शाम को गुडडू उर्फ प्रदीप पुत्र भगवती प्रसाद निवासी मसकनवा बाजार उम्र 45 वर्ष ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया था। जिसकी चपेट में आने से व्यक्ति के दोनों पैर कट गए।

एक नजर

घर में घुसकर की मारपीट चार पर मुकदमा दर्ज

परसपुर, गोंडा : थाना क्षेत्र के ग्राम चिंता पण्डित पुरवा के रहने वाले महेश मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर अभद्रता, मारपीट, जानमाल की धमकी मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बुधवार को दोपहर में गांव के ही विपक्षी मोहित पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, रवीश पाण्डेय व सुभाष पाण्डेय ने अनायास उससे अभद्रता व लाठी डंडे से मारने लगे। बचाव के लिये वह घर में भागा, तो जान माल की धमकी देते हुए घर में घुसकर मारपीट किया।

रोडवेज में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

गोंडा कार्यालय : तीन दशकों से ज्यादा समय तक रोडवेज में सेवा देकर सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को साथी कर्मचारियों ने विदाई दी। इस दौरान उनके कार्यकाल की सराहना की गई। बिदाई समारोह का यह कार्यक्रम गुरुवार को एआरएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में जूनियर फोरमैन आनंद मणि त्रिपाठी, स्टेशन इंचार्ज राम कुमार और संविदा चालक रामकेवल पांडे शामिल हैं। एआरएम कपिल देव समेत कर्मचारियों विजय शंकर श्रीवास्तव, ज्योति, बृजेश सिंह, हरिश्चंद्र पांडे, अरुण भान तिवारी, रवि मिश्रा, अतुल मिश्रा, रजनीश सिंह, अवधेश सिंह, उमेश चौधरी व अन्य ने माल्यार्पण कर सेवानिवृत हुए साथियों को सम्मानित किया। उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस दौरान सभी की आंखें नम हो गईं।

सिंहपुर में अंत्येष्टि स्थल का हुआ शिलान्यास

बेलसर, गोंडा : ब्लाक के सिंहपुर ग्राम पंचायत के कुरहा में अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास का आयोजन हुआ, जिसमें विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, ब्लाक प्रमुख तरबगंज मनोज पांडेय, ग्राम प्रधान राम कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य रवीन्द्र पांडेय, रामधोख मिश्रा, बीडीओ विजय कांत मिश्रा व एडीओ पंचायत गिरिजेश पटेल ने भूमि पूजन किया। करीब 24 लाख की लागत से बनाया जाएगा। इसके बन जाने से आस-पास के गांव के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर मनीष शुक्ला, रामरूप दूबे, संतोष मिश्रा, विजय बहादुर तिवारी, दीपक पंडित, अवनीश शुक्ला उपस्थित रहे।

328 अंत्योदय कार्ड की नहीं हो रही सीडिंग

टेंशन में पूर्ति महकमा, जिलापूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों को दी चेतावनी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: राशन कार्ड की सीडिंग में लापरवाही बरती जा रही है। राशन कार्ड की सीडिंग न होने से पूर्ति विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जिलापूर्ति अधिकारी ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को चेतावनी दी है कि यदि राशन कार्डों की सीडिंग नहीं हुई तो कार्यवाही की जाएगी।

जनपद में अभी भी 328 से अधिक अंत्योदय राशन कार्ड को सीड नहीं किया जा सका है। जिले में करीब पांच लाख पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड प्रचलन में हैं,जबकि अंत्योदय के 65000 के आसपास राशन कार्ड जारी हैं। काफी समय पहले से ही सभी राशन कार्ड धारकों की फीडिंग करने का निर्देश हैं। फीडिंग के बाद सभी राशन कार्ड धारकों को सीडिंग भी करानी थी। जनपद में अंत्योदय के अभी काफी संख्या में कार्ड ऐसे हैं जिनको सीड नहीं किया जा सका है। बताते हैं कि सभी राशन कार्ड को फीडिंग के बाद सीडिंग करना था। लेकिन जनपद में अभी भी 328 ऐसे अंत्योदय के राशन कार्ड हैं जिनको सीड नहीं किया जा सका है। फीडिंग तो लगभग पूरे राशन कार्डधारकों की हो चुकी है। लेकिन सीडिंग नहीं हो पाई है। यह अधिकतर ऐसे राशन कार्ड हैं जिनके आधार व राशन कार्ड के नाम में अंतर हैं। पूर्ति विभाग ने संबंधित कोटेदार व राशन कार्ड धारकों को कई बार अपने राशन कार्ड की सीडिंग कराने को कहा। जिला पूर्ति अधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षकों को कई बार इसको लेकर सचेत भी किया गया। लेकिन सीडिंग का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। पूर्ति विभाग के आंकड़े बताते हैं कि सीडिंग होने वाले राशन कार्ड की संख्या सबसे ज्यादा मनकापुर तहसील क्षेत्र की है। सरकार की मंशा है कि सभी राशन कार्ड बायोमेट्रिक हो जाए, जिससे खाद्यान्न कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। पात्र व्यक्ति कोटे की दुकान पर पहुंचकर अंगूठा लगाते हुए अपने हिस्से का खाद्यान्न लें। सरकार की इस मंशा पर पूर्ति विभाग के कुछ जिम्मेदार तथा कोटेदार पानी फेर रहे हैं। बार-बार निर्देश के बावजूद आधार की सीडिंग नहीं हो पा रही है। विभाग से जुड़े अफसर बताते हैं कई बार निरीक्षकों को सीडिंग के लिए आदेशित भी किया गया लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया है कि सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व निरीक्षकों को नोटिस जारी कर आधार सीडिंग को लेकर जवाब मांगा गया है। साथ-साथ कोटेदारों को सीडिंग से बचे अंत्योदय कार्ड धारकों की सूची सौंप गई है। सभी को निर्देशित किया गया है सभी लोग जल्द से जल्द बचे हुए अंतोदय के कार्ड की सीडिंग कर लें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए हुनर

चलाया गया जागरूकता अभियान

मसकनवा, गोंडा

अमृत विचार: कम्पोजिट विद्यालय सीरपुरवा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुरुवार को यूनीसेफ एक्शन एड के तत्वावधान में चित्रकला, क्वीज, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मिले थीम पर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल है तो कल है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण, पौधरोपण, विज्ञान एक वरदान है, शीर्षक पर पोस्टर निर्माण व उसका प्रस्तुतीकरण छात्राओं द्वारा किया गया। बच्चों में मीना मंच, बाल संसद, गोष्ठी, अंत्याक्षरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं शशी गुप्ता, अंशिका चौहान, नेहा, मीनाक्षी, आदर्श, शिवम्, झिनका, चांदनी, मानवी, सोनल गुप्ता, गौतम को कलर बाक्स, ज्योमेट्री बाक्स व कापी देकर ब्लाक समन्वयक अशोक कुमार यादव ने पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापिका प्रतिभा मिश्रा, अनिल सिंह, गंगाराम वर्मा, विनोद कुमार, अर्चना पांडेय, आभा देवी, मंदाकिनी गुप्ता, कृष्णा वती, दिनेश कुमार मौर्य रहे।

प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

एसडीएम और तहसीलदार समेत 12 को दी गई नोटिस

सार्वजनिक जमीनों पर कब्जे आदि में शिथिलता पर भड़कीं डीएम

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अपर उपजिलाधिकारी प्रथम, अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय, तत्कालीन उपजिलाधिकारी मनकापुर समेत सभी 04 तहसीलदारों और 04 नायब तहसीलदारों के साथ बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। पुराने वादों के निस्तारण में शिथिलता बरतने के चलते यह कार्यवाही की गई है।

अपर उपजिलाधिकारी प्रथम, अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय और तत्कालीन उपजिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना समेत सभी नायब तहसीलदारों को तीन दिन में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, चकबन्दी वादों के निस्तारण में शिथिलता बरतने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को नोटिस भेजा गया है। उन्हें आगामी 09 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में चकबन्दी से संबंधित वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

जिलाधिकारी ने गई मासिक समीक्षा में सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अनाधिकृत अध्यासन से संबंधित वादों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसके चलते सभी चारों तहसील के तहसीलदारों को नोटिस भेजा गया है। जिलाधिकारी ने धारा 132 की भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित समस्त लम्बित वादों का निस्तारण आगामी 04 मार्च को प्रस्तावित लोक अदालत में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं की जाएगी। नायब तहसीलदार परसपुर जय शंकर सिंह, नायब तहसीलदार हलधरमऊ संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार नवाबगंज रंजन वर्मा, नायब तहसीलदार डिक्सिर चन्दन को नोटिस दी गई है।

नेहा शर्मा, जिलाधिकारी। अमृत विचार

कार्रवाई

- तत्कालीन उपजिलाधिकारी मनकापुर समेत चार नायब तहसीलदारों से तीन दिन में मांगा जवाब

कागजों में चल रहा विद्युत लाइन मरम्मत कार्य

बिना काम कराए ही बिल बाउचर पास कराकर निकल गए 2.61 लाख रुपये

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से बिना कार्य कराये ही बिल बाउचर पास कराकर सरकारी धन के बंदर बांट का प्रकरण प्रकाश में आया है। मामला विद्युत उपकेंद्र करनैलगंज से जुड़ा है। बीते 20 जनवरी 2023 को अधिशाषी अभियंता विद्युत् वितरण खंड तृतीय करनैलगंज द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गोंडा को पत्र प्रेषित किया गया था। जिसमें बिजनेस प्लान वर्ष 2023-24 के तहत परसपुर फीडर पर स्वीकृत डयनियागंज से बाबागंज डबल पोल व बबुरास से पाठक पुरवा शीशामऊ तक जर्जर कंडक्टर, क्रास आर्म बदलने एवं खराब लाइन रिपेरिंग, मेंटेनस का कार्य शामिल था। जिस पर अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता वितरण द्वारा सामग्री, कार्टेज, टीएंडपी सरचार्ज, लेबर चार्ज आदि के लिए 2 लाख 61 हजार 689 रुपये की स्वीकृति दे दी गई। भंडार खंड पर सामग्री के लिए मांग पत्र भी प्रेषित किया गया। यही नहीं कागजों में कार्य भी कराया जा चुका है। मगर स्वीकृत विद्युत लाइन में अभी तक कोई कार्य नही कराया गया है।

क्या कहते हैं प्रधान, बीडीसी और ग्रामीण

प्रधान शीशामऊ वृहस्पति कुमार दुबे, क्षेत्र पंचायत सचिव रामजी तिवारी पुष्पेंदर शुक्ल, ज्ञानचंद दुबे ने बताया कि डेढ़ वर्ष से अधिक समय पूर्व पोल व तार टूटने की वजह से बबुरास गांव व गोकुल पुरवा के बीच नया पोल स्थापित करते हुए 300 मीटर तार लगाया गया था। उसके बाद से अब तक कोई कार्य नहीं कराया गया है। प्रधान व बीडीसी ने बताया की जर्जर तार टूटने की वजह से गोकुल पुरवा व पाठक पुरवा के बीच अशोक कुमार तिवारी की तीन व राम चरित्र की एक भैंस राम कृपाल शुक्ला की एक गाय मौत की नींद सो चुकी है। ग्राम करुआ निवासी शेष कुमार पाण्डेय व राहुल पाण्डेय ने बताया की डयनियागंज से बाबागंज के बीच विद्युत लाइन मे कोई कार्य नहीं कराया गया है। तार टूटने पर उसे केवल जोड़कर पुन: सप्लाई देने का कार्य हुआ है।

> उक्त लाइन के तार और आर्म बदले गए हैं। शेष कार्य भी कराये जाएंगे। जांच टीम ने कार्य का निरीक्षण किया है।
>
> **-पवन कुमार,** अवर अभियंता, उपखंड करनैलगंज

प्रभु की कृपा हर भक्त पर समान

नवाबगंज, गोंडा: श्रीमद्भागवत कथा फाउंडेशन के तत्वावधान में मनकामेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व्यास कौशलेंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र एवं भगवान श्रीकृष्ण कथा का रसपान कराया। कथा का शुभारंभ एक ही गुरु के शिष्य रहे भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग से हुआ। बताया कि भगवान की कृपा हर भक्त को समान रूप से मिलती है। भगवान राजा और रंक में कोई भेद नहीं करते। भगवान के बाल सखा सुदामा गरीब थे लेकिन उनका एक-दूसरे के प्रति गहरा प्रेम और समर्पण था। कथावाचक कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान के प्रति भक्ति में ऐसा ही समर्पण लाने की बात कही।

धूमधाम से मनाया सालाना फातिहा

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: मोहम्मद जकीउल्लाह शाह डॉ. मोहम्मद सलमान के आवास ग्राम जहाँगीरवा के मजरा लोहारनपुरवा में हज़रत कफीलुल्लाह शाह बड़े बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना फातिहा बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि अनवारुल हक शाह सज्जादा नशीन दरगाह बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह रहे। बुधवार की रात्रि कार्यक्रम का आरंभ तिलावते कुरआन से हुआ। उसके बाद अन्य तमाम नात ख़्वानो ने नात व मनकबत पढ़ी। हाफिज मुइनुद्दीन ने तकरीर करते हुए बुजुर्गों के वाक्यात बयान किये। मध्य रात्रि से सूफियाना कव्वाली का दौर शुरू हुआ जहां गोंडा से आये हुए दो कव्वालों ने पूरी रात्रि कव्वाली सुनाकर लोगों का खूब मन मोहा। कार्यक्रम के अंत में दुनिया में चैन के लिए दुआ की गई। इस मौके पर लल्लू मियाँ, गुड्डू मियाँ, शानू मियाँ, गुलज़ार मियाँ, मोलवी शमसुद्दीन, मोलवी हनीफ, जमील अहमद, मोहम्मद जीलानी, जमाल अहमद, जाहिद हुसैन, अजीज अहमद, हकीम अहमद, नसीम रोशन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

फातिहा पढ़ते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

दहेज उत्पीड़न मामले में पति समेत चार पर मुकदमा

परसपुर, गोंडा

अमृत विचार: ग्राम नरायनपुर ललक की रहने वाली प्रियंका ने थाने पर तहरीर देकर गांव के चार लोगों के विरुद्ध अभद्रता, दहेज उत्पीड़न, जानमाल की धमकी मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि वर्ष 2007 में कुलदीप दूबे के साथ उसका विवाह एवं तीन साल बाद गौना हुआ।

इसके बाद दहेज मांग को लेकर ससुराली जन उसे प्रताड़ित करने लगे। उसके परिवार में कन्हैया व रुद्र नामक दो लड़के हैं। पति रोडवेज में चालक है। उसके पति शिवानी नाम की लड़की के साथ रहकर शादी करने के फिराक में हैं। जिसका विरोध करने पर जुलाई 2023 में उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए बच्चों के साथ घर से भगा दिया गया। ऐसे में वह पूरी तरह से असहाय और परेशान हो गई।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी कुलदीप दूबे, रमाकांत दूबे, सुनीता व दीप नरायन दूबे के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न मामले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिले में गेहूं की खरीद आज से 62 क्रय केंद्र किए गए अनुमोदित

गोंडा कार्यालय

- मूल्य समर्थन योजना के तहत 2275 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा गेहूं

अमृत विचार: गेहूं खरीद की शुरुआत जिले में आज से हो रही है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। क्रय केंद्र पर बैनर लगाए जा रहे हैं। अभी तक गेहूं खरीद एक अप्रैल से होती थी लेकिन शासन ने इसमें बदलाव किया था आदेश आया था कि इस बार गेहूं खरीद 15 मार्च से की जाएगी। शासन ने इसमें भी व्यापक बदलाव करते हुए आदेश जारी किया है कि अब खरीद 1 मार्च से की जाएगी। शासन के फरमान से गेहूं खरीद से जुड़े अफसर परेशान हैं। कारण गेहूं की फसल 15 मार्च के बाद ही तैयार होगी। इसलिए आवक नहीं हो पाएगी। अब किसी तरीके से क्रय केंद्रों पर बैनर आदि की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि गेहूं बेचने के लिए जिले के करीब 1200 किसानों ने अपना पंजीकरण कर लिया है। लेकिन अभी किसानों के यहां गेहूं की फसल तैयार नहीं हुई है। ऐसे में प्रशासन को गेहूं आने का इंतजार करना होगा। लेकिन सरकार का आदेश है कि इस बार गेहूं खरीद 1 मार्च से की जाएगी इसको लेकर अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं। जिले में 5 लाख से अधिक किसानों से गेहूं खरीदने के लिए मंडी स्थल सहित तहसील व ब्लॉकों में 62 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद वर्ष 2024 -25 की तैयारी जोरों पर है ।सरकार खरीद के लिए प्रचार प्रसार भी कर रही है। जगह-जगह जागरूकता के लिए बैनर लगाए गए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ इस बार एक मार्च से हो रहा है। क्रय केंद्र स्थापना के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। बैनर आदि की व्यवस्था की जा रही है।

पत्नी दाखिल कर सकती है घरेलू हिंसा का मुकदमा

लखनऊ: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है।

न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

किसान वैज्ञानिक तरीके से करें खेती

मनकापुर में किसान गोष्ठी व पीएम किसान सम्मान निधि का सजीव प्रसारण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: उप कृषि निदेशक के सौजन्य से कृषि विभाग द्वारा आयोजित जायद किसान गोष्ठी एवं पीएम किसान सम्मान निधि का सजीव प्रसारण कार्यक्रम विकासखंड मनकापुर के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदेव चौधरी ब्लॉक प्रमुख मनकापुर ने द्वीप प्रज्वलित कर किसान गोष्ठी का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने किसानों से वैज्ञानिक खेती करने का आह्वान किया। डॉ. पीके मिश्रा वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि वानिकी कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित किया। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने गेहूं सरसों एवं गन्ना में समसामयिक कार्य, जायद में दलहनी फसल की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, हरी खाद की खेती, नैनो उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव, मोटे अनाज की खेती, प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दलहनी फसलों मे उर्द एवं मूंग की बुवाई का समय चल रहा है। किसान मूंग की खेती कर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। मूंग की उन्नतशील प्रजातियों में नरेंद्र मूंग एक,सम्राट, पीडीएम 11, पीडीएम 139 आदि प्रमुख हैं। मूंग की बुवाई के लिए 10 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ पर्याप्त है। बीज को राइजोबियम कल्चर से उपचारित कर बुवाई करें। प्रति 10 किलोग्राम बीज के लिए एक पैकेट राइजोबियम कल्चर वजन 200 ग्राम की जरूरत होती है।

राइजोबियम कल्चर से बीज उपचारित करने पर फसल की पैदावार में लगभग 15% की वृद्धि होती है। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने कार्बनिक खादों की उत्पादन तकनीक तथा पुराने बागों का जीर्णोद्धार की जानकारी दी। अनुज कुमार वर्मा प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार मनकापुर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्न भंडारण के लिए कोठरी, कृषि रसायन डाइथेन एम 45 व क्लोरपाइरीफास, जैव फफूंदी नाशक ट्राइकोडर्मा एवं ब्युवेरिया बैसियाना आदि अनुदान पर उपलब्ध है। सुनील कुमार वर्मा सहायक कृषि विकास अधिकारी ने कुसुम योजना तथा कृषि यंत्रों के अनुदान की जानकारी दी। रवि प्रताप सिंह, भगवानदीन मिश्रा, ग्राम प्रधान तामापार, अवधेश उपाध्याय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मऊ, रामशरण वर्मा आदि मौजूद रहे।

डीएम ने राइस मिल का किया निरीक्षण

लेवी के चावल की डिलेवरी को लेकर परखी हकीकत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: धान खरीद सत्र का समापन गुरुवार को हो गया। अब लेबी चावल भारतीय खाद्य निगम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अफसर की बढ़ गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लेवी चावल के डिलीवरी को लेकर हकीकत परखने के लिए राइस मिल निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बड़गांव स्थित मंगल राइस मिल पर पहुंचकर धान की कुटाई की स्थिति देखी साथ ही मिल पर मौजूद चावल के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने राइस मिल संचालक संजय से जल्द से जल्द चावल भारतीय खाद्य निगम में पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा कि लेवी चावल उतारने में लापरवाही ठीक नहीं होगी। सभी लोग समय से कुटाई के बाद चावल को एफसीआई पहुंचा दें। उन्होंने मिल के निरीक्षण के दौरान विपणन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लेवी चावल को लेकर मिल्स पर नजर रखी जाए। समय-समय पर मिल का निरीक्षण भी किया जाए। इस दौरान विपणन निरीक्षक अमृतेश गुप्ता, मिल संचालक संजय आदि लोग मौजूद रहे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि लेवी चावल को लेकर जिलाधिकारी द्वारा मिल का निरीक्षण किया गया है। मिल संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही मोडिफाइड चावल की गुणवत्ता का भी अवलोकन जिलाधिकारी ने किया है। उन्होंने चावल आपूर्ति में गुणवत्ता पर ध्यान देने का निर्देश दिया है।

राइस मिल का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

समीक्षा अधिकारी पर किया हमला

संवाददाता, प्रयागराज: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी शेखर सिंह समेत पूरे कुनबे को पीटने का मामला गुरुवार को संज्ञान में आया है। बताया जा रहा है कि इस विवाद का कारण पार्किंग है। मामले में समीक्षा अधिकारी ने धूमनगंज थाने में पांच नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, धूमनगंज के चौफटका, अंबेडकर नगर बिहार कॉलोनी में रहने वाले शेखर सिंह समीक्षा अधिकारी है। उन्होंने बताया है कि अपार्टमेंट के रहने वाले केके पांडे सहित तीन अन्य लोग उनके घर में घुस गये और उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

किसानों के खेतों से हो रहा मिट्टी खनन

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार: विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। यहां खनन का अवैध कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। अवैध खनन करने वाले एक तरफ ग्रामीणों की सड़कों की हालत खराब करते हैं। कोई मानकों को ताक पर रखकर रात दिन जेसीबी से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इनका एक गिरोह इस तरह खेतों से मिट्टी की खुदाई करता है कि बगल के काश्तकार मजबूर होकर उन्हें मिट्टी देने पर मजबूर हो जाएं। क्षेत्र में चल रहे ईट भट्टों पर अवैध खनन की मिट्टी भेजी जा रही है। इसकी एक बानगी इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेईपाठक में देखने को मिला, जहां पर रात दिन जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई की जा रही है। डंपरों के माध्यम से मिट्टी सुभागपुर स्थिति एक भट्टे पर ले जाई जा रही है। जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो जानकारी मिली कि भट्टे वालों ने प्रशासन को पैसा दे रखा है तब मिट्टी की खुदाई कर रहे हैं। वहीं काश्तकार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि उनकी लड़की की शादी है इसलिए उन्होंने ईंट भट्टे वालों को 2 फीट मिट्टी खुदाई के लिए दिया है। आगे जब पूछा गया तो तेजी से वहां से चंपत हो गए।

खेत में जेसीबी से किया जा रहा मिट्टी खनन कार्य। अमृत विचार

वन कर्मियों और शिकारियों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार

शिकारियों के पास से बंदूक और अन्य सामान हुआ बरामद

रूपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार: जनपद के अब्दुल्लागंज रेंज के जंगल में बुधवार रात को कांबिंग के दौरान वन कर्मियों और नेपाली शिकारियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो नेपाली शिकारी भरुआ बंदूक और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किए गए। जबकि अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गए। वन विभाग ने पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद सामान को सीज कर दिया है।

बहराइच वन प्रभाग का जंगल नेपाल सीमा से सटा हुआ है। इस जंगल में आए दिन नेपाली शिकारियों की आमद रहती है। इसको देखते हुए डीएफओ ने वन कर्मियों को कांबिंग के निर्देश दिए। बुधवार शाम को अब्दुल्लागंज रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू की अगुवाई में वन दोराग दिनेश पांडेय, सुरेश पासवान, शंभू यादव, मनोज तिवारी, वन रक्षक सुरेश वर्मा, देव वर्मा और रूपईडीहा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव की अगुवाई में टीम जंगल में कांबिंग कर रही थी। कांबिंग के दौरान अब्दुल्लागंज रेंज के कक्ष संख्या पांच में रात को कुछ शिकारियों की आहट मिली। इस पर वन कर्मियों ने घेराव शुरू किया तो शिकारियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। वन विभाग की ओर से भी शिकारियों को पकड़ने के लिए फायरिंग की गई। वन विभाग और शिकारियों के बीच लगभग आधे घंटे तक मुठभेड़ हुई। इसके बाद विभाग ने दो शिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से भरुआ बंदूक और जाल के साथ अन्य धारदार हथियार बरामद हुए। सभी समान को सीज कर शिकारियों को जेल भेज दिया गया है। दोनों शिकारी नेपाल के निवासी हैं। उनकी पहचान नेपाल राष्ट्र के बांके जिला अंतर्गत थाना हिरमिनिया के ग्राम चौधरीपुरवा निवासी विरेंद्र पुत्र नान्हू और विरछा पुत्र इतवारी के रूप में हुई है।

10 थे शिकारी, अन्य की तलाश

वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू ने बताया कि जंगल में कुल 10 शिकारी थे। इनमें से दो शिकारी पकड़े गए हैं। फरार अन्य शिकारियों की तलाश पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर की जा रही है। जल्द ही फरार लोगों को भी पकड़ा जाएगा।

योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं युवा

मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

रिसिया, बहराइच

अमृत विचार : जिले के निबिया गांव में भाजपा की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को संबोधित करते हुए गांव के लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया।

मटेरा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत निबिया में भारतीय जनता पार्टी की ओर से युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह और विशिष्ट अतिथि अरुणेंद्र सिंह अंकित रहे। पदाधिकारी ने मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। सभी पात्र ग्रामीणों को इसका लाभ मिले इसके लिए युवाओं को आगे आने होगा। ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह ने कहा कि देश का विकास युवाओं के कंधे पर है ऐसे में युवा ही किसी भी पार्टी या राष्ट्र को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसों में युवक समेत दो लोगों की मौत

बहराइच, अमृत विचार : जिले के कोतवाली देहात और हुजूरपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटका भगत गांव निवासी भूपेंद्र शर्मा उर्फ गया प्रसाद पुत्र राम पदारथ शर्मा बुधवार रात को बाइक से अपने घर से लौदा महोली जा रहे थे। रात 11 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई मोनू शर्मा की तहरीर पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर दरगाह थाना क्षेत्र के ललगढहा गांव निवासी गुड्डू पुत्र जमुरे तीन दिन पूर्व बाइक से डीजल लेने जा रहे थे। तभी गोंडा बहराइच मार्ग पर कोतवाली देहात के चित्तौरा के पास बाइक में ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी। जिसके चलते वह घायल हो गए थे। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार को घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

सार-संक्षेप

हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

बहराइच, अमृत विचार : कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी अभियुक्त को जनपद न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जनपद न्यायाधीश ने अभियुक्त को 60 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता मुन्नूलाल मिश्रा ने बताया कि थाना कोतवाली नगर के मोहल्ला धनुकुट्टीपुरा निवासी निवासी महिला रीतादेवी ने 31 मार्च 2019 को थाने में तहरीर कहा था कि उसके पति पवन कुमार कश्यप आफिस से खाना खाने के लिए घर आए थे। खाना खाने के बाद जब वह वापस जा रहे थे इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अशोक कुमार यादव से उनका कुछ विवाद हो गया। अचानक अशोक ने पति पर चाकू से गले व शरीर के अन्य हिस्सों में ताबड़तोड वार करते हुए मौके से भाग गया। महिला ने बताया कि मोहल्लेवासियों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल पति को जिला चिकित्सालय पंहुचाया, लेकिन रास्ते में ही पति की मौत हो गई थी। घटना कोतवाली नगर की पुलिस नामजद अभियुक्त अशोक के खिलाफ हत्या करने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। डीजीसी मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुकदमें में जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की कोर्ट पर दानों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अभियुक्त अशोक को आजीवन करावास कारावास की सजा सुनाते हुए 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

बहराइच, अमृत विचार : जिले के कोतवाली नानपारा के एलासापुर अगैय्या गांव निवासी हत्या के अभियुक्त को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को दस हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अभियुक्त ने आठ वर्ष पूर्व जमीन के लालच में हत्या कर दी थी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नानपारा के एलासपुर अगैय्या गांव निवासी महिला जन्नतुन ने 14 फरवरी 2015 को थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि महिला ने अपने तहरीर में कहा था कि वह अपने पति व बच्चों के साथ पिता के घर पर रहती है। पिता के नाम पर दो बीघा जमीन व एक खपरैला मकान है। महिला ने बताया कि गांव में ही उसका चचेरा भाई भी रहता है। चचेरा भाई पिता का मकान व जमीन लिखवाने के लिए पिता पर दबाव बना रहा था। लेकिन पिता अपनी संपत्ति बेटी को देना चाहते थे। इसी से गुस्साए फय्याज ने 14 फरवारी 2015 को पिता जब लघुशंका कर रहे थे। इसी दौरान उसने धारदार छुरी से पिता के गले पर वार कर दिया। पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना में मुकदमा दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट न्यायालय पर सौंपी थी। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रप्रकाश की कोर्ट पर मुकदमें में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने अभियुक्त को बीस हजार के अर्थदंड से दंडित हुए अर्थदंड की धनराशि में से दस हजार की धनराशि पीड़ित महिला को देने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस की पैरवी और बेहतर चार्ज शीट दाखिल करने के कारण अभियुक्त को जल्द सजा मिल सकी है।

महाराष्ट्र के युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

बहराइच : शहर के मोहल्ला वसीरगंज निवासी एक व्यक्ति के यहां उसका भांजा वर्षों से रहता था। बृहस्पतिवार सुबह उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मामा के घर में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला वसीरगंज में दीपक शिंदे पुत्र पांडुरंग शिंदे परिवार के साथ रहते हैं। वह बोलता महाराष्ट्र मुंबई के रहने वाले हैं। यहां पर वह सोना गलने और निर्माण करने का काम करते हैं। उनके काम में उनका भांजा सुशांत यादव पुत्र दिलीप यादव निवासी विठलापुर थाना आंगनपाड़ी जिला सांगली महाराष्ट्र भी रहता था। बृहस्पतिवार सुबह व नित्य कम के लिए प्रधान की ओर गया इसके बाद उसको उल्टियां शुरू होने लगी परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया यहां इलाज शुरू होते ही युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

एक नजर

सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

बहराइच, अमृत विचार : जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार 02 मार्च को तहसील महसी में जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा तहसील नानपारा अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में सम्बन्धित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस होगा।

गांजा के साथ गिरफ्तार

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह की अगुवाई में उप निरीक्षक हरिद्वार तिवारी, सिपाही धर्मजीत गुप्ता और विजय पटेल की टीम भारत नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के बलाई गांव से कोतवाली नानपारा के पतरहिया गांव निवासी बसंत लाल पुत्र नारायण को 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

बालिका को घेरकर जमकर पीटा, वीडियो वायरल

बहराइच

अमृत विचार: जिले के चंदईपुर गांव निवासी एक महिला अपने बच्चों के साथ एक कमरे में रहती है। लेकिन पाटीदार के लोग एक कमरे की ज़मीन भी नहीं देना चाहते हैं। जिसके चलते उसकी बेटी और उसकी सभी बार-बार पिटाई करते हैं। तहरीर के बाद भी पुलिस कोई कार्यवाई नहीं कर रही है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदईपुर के मजरा अग्घरवा निवासी उर्मिला देवी पत्नी शेष कुमार उर्फ बहलोली पहले परिवार समेत पंजाब में रहती थी। पति की मौत के बाद महिला अपने बच्चों के साथ घर आ गई। वह अपने मकान में रहने लगी। लेकिन दबंग लोग ने उसके जमीन पर कब्जा कर लिया। इस पर वह एक कमरे में ही अपने चार बच्चों के साथ रहने लगी।

डीएम को शिकायती पत्र देने आया था परिवार।

लेकिन दबंग परमेश्वर, उमेश चंद्र, सुगमती और हृदय राम उसे रहने नहीं दे रहे हैं। जिसका उसकी बड़ी बेटी ने विरोध किया तो दबंगों ने बेटी और उसकी मां को जमकर पीटा। महिला ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज करने और कब्जा हटवाने की मांग की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दबंगों की पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच की जायेगी।

उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन त्रुटि पूर्ण मिलने पर केंद्र व्यवस्थापक को हटाया

▸▸ डीआईओएस से केंद्र व्यवस्थापक की हुई नोकझोंक

हुजूरपुर, बहराइच

अमृत विचार: जिले के आश्रम पद्धति कृषि इंटर चिरैयाटांड़ में चल रही बोर्ड परीक्षा का बृहस्पतिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्तर पुस्तिकाओ का संकलन त्रुटिपूर्ण मिलने पर केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया गया है।

जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है। जिसका निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को हाई स्कूल विज्ञान विषय का पेपर सुबह की पाली में चल रहा था। इसका निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव द्वारा हुजूरपुर विकासखंड के आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज चिरैयाटांड़ का निरीक्षण किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन की प्रक्रिया सुरक्षाचारी व त्रिकोण मिली जिस पर परीक्षा सहायक एवं केंद्र व्यवस्थापक सभा राज सिंह प्रधानाचार्य से पूछताछ की गई। इस पर उनका व्यवहार काफी खराब रहा। नियंत्रण हीनता का प्रयोग केंद्र व्यवस्थापक की ओर से किया गया। जिसके चलते डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक सभा राज को हटाते हुए उनके स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के सहायक अध्यापक सुजीत सिंह को केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया है 1 मार्च सेवा केंद्र व्यवस्थापक का कार्य देखेंगे

एसएसबी ने किया मोक एक्सरसाइज का आयोजन

श्रवस्ती, अमृत विचार : सशस्त्र सीमा बल की 62वीं वाहिनी भिनगा के कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में दंगा नियंत्रण मोक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार और आनंद कनवर ने एस.एस.बी. जवानो को दंगा नियंत्रण मोक एक्सरसाइज का अभ्यास कराया। जिसमे पत्थरबाजी से बचाव, लाठी चार्ज, दंगा नियंत्रण पार्टी का निर्माण, भीड़ को तितर-बितर करने से पूर्व चेतावनी, बैनर, गैस गन फायरिंग का तरीका, प्राथमिक उपचार आदि का आभ्यास करके दिखाया गया।

मॉडल ग्राम बनाने मे करें सहयोग :डीएम

श्रावस्ती

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के अन्तर्गत मॉडल ग्राम निर्माण के लिए कचरा एकत्रीकरण कार्य एवं कचरा संसाधन केन्द्र के संचालन हेतु ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मियों के साथ डीपीआरसी सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर शुरू किया।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कराये जाने वाले कार्यो की बारीकी से

जानकारी लिया और डोर-टू-डोर भ्रमण कर कूड़ा एकत्रीकरण कार्य का बेहतर ढंग से संचालन कराये तथा लोगों को इधर-उधर खुले में कचरा न फेंकने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत ठोस एवं प्लास्टिक तथा तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन हेतु कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र (आरआरसी) एवं सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट शेड का संचालन किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में कचरा एकत्रीकरण एवं निर्मित कचरा संसाधन केन्द्र (आर0आर0सी0) का नियमित संचालन करते हुए ठोस कचरा विषेशकर प्लास्टिक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन किया जा सकेगा। इसके लिए सभी ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, सचिव एक साथ मिलकर आगे आयें और आपस में समन्वय बनाकर गांवों को माडल ग्राम पंचायत बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों एवं सफाई कर्मियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी अपील भी किया।

युवा चौपाल काआयोजन

गिलौला मंडल में युवा चौपाल में अतिथियों का स्वागत करते कार्यकर्ता।

श्रावस्ती, अमृत विचार : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने गुरुवार को जिले के समस्त मंडलो में युवा चौपाल आयोजित किया। गिलौला मंडल में मुख्यअतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी युवा चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाअध्यक्ष युवा मोर्चा हरिओम तिवारी मौजूद रहें। युवा मोर्चा की ओर से सभी मंडलो में युवा चौपाल का आयोजन कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में नवमाताओं व युवा को चौपाल व नुक्कड़ सभा द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। युवा चौपाल व नुक्कड़ सभा युवा मोर्चा द्वारा 25 फ़रवरी से प्रत्येक मंडल में किया जा रहा है। कार्यक्रम सभी मंडल में विस्तारक व मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को सिरसिया के बालापुर, मसहा कला, लक्ष्मन नगर, भिनगा नगर, कटरा, इकौना देहात, देवरा, गिरंट आदि गावो में युवा चौपाल आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश अवस्थी जिला उपाध्यक्ष वाशुकीनाथ मिश्रा, बब्बू शर्मा, जीतेन्द्र मिश्रा, जिला मंत्री आयुष प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष अंगद महेश, दिव्यांश श्रीवास्तव, कन्हैया गुप्ता, यश सिंह,अनुज, असमित सिंह सहित युवा कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

जिले की 15 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

श्रावस्ती, अमृत विचार : बधाई हो, जिले की 15 ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी द्वारा आगामी विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के मौके पर प्रमाण-पत्र जारी कर बाकायदा टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा की जाएगी। सनद रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी (क्षय) रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया, जिसके तहत यह ग्राम पंचायतें चयनित हुई हैं।

वर्ग पहेली-358

बाएं से दाएं

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2.1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3.1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



वर्ग पहेली - 357 का हल

		1 कै		2 धू
	3 र	फ़े		पि
	स	4 टि	कि	या
	धा	रि		
5 क	र	छि	या	6 दि
रे				खा
7 ल	घु	चे	ता	ना

सुडोकू -75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	1				4		3
			2			7		
5	6			1		9		
9		6		3				8
		4				6		
1				7				5
		7		4			2	
		2			5			
8					1	3	9	

सुडोकू - 74 का हल

7	8	3	4	2	9	6	1	5
5	1	2	7	6	8	4	3	9
9	4	6	3	5	1	8	2	7
6	9	5	1	4	2	3	7	8
4	3	1	8	7	6	5	9	2
8	2	7	5	9	3	1	6	4
3	5	4	9	1	7	2	8	6
2	7	8	6	3	5	9	4	1
1	6	9	2	8	4	7	5	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

वृष — आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

मिथुन — आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

कर्क — आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

सिंह — आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

कन्या — आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

तुला — आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

वृश्चिक — आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

धनु — आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

मकर — आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

कुंभ — आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

मीन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- घर में राम गली में श्याम — सुबह : 10.56
- सत्य — शाम : 06.31

SONY MAX
- एबीसीडी 2 — सुबह : 10.44
- ता रा रम पम — रात : 07.02

SONY PIX
- एक्वामैन — सुबह : 09.08
- एज ऑफ टूमारो — रात : 08.50

ZEE CINEMA
- कुछ लव जैसा — सुबह : 10.30
- जवान — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- बेमिसाल — दोपहर : 12.33
- रंगून — रात : 09.28

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया। डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है। सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं। बाहर निकला तो नोट 2000 का था। बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों? पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

एक नजर

आवासीय भवन का विधायक पुत्र ने किया लोकार्पण

विशेश्वरगंज, बहराइच : क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेखापुर में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र के आवासीय मकानों का लोकार्पण गुरुवार को मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी द्वारा किए जा रहे अग्निशमन केंद्रों के लोकार्पण का वर्चुली प्रसारण देखा गया। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि द्वारा लोकार्पण किया गया। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के अथक प्रयास के बाद क्षेत्रीय लोगों को इस अग्निशमन केंद्र की सौगात मिली है। अग्नि आपदा से क्षेत्रीय लोगों को अब आसानी से सुविधा मिल सकेगी।लोकार्पण कार्यक्रम में रवि मिश्रा, आनंद पांडेय जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, पूर्व सीओ ननके सिंह, मयंकर सिंह, एलएफएम भीष्मा चौधरी, एफएम मनीष कुमार, राम सूरत सिंह, जेई अरविंद वर्मा, सूर्य प्रकाश यादव, दसरथ गौतम, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

स्टेरिंग फेल होने से पलटा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचा चालक

बौंडी, बहराइच : कृषि कार्य हेतु हल लेने गया ट्रैक्टर वापस आते समय रामपुरवा चौकी के पास स्टेरिंग फेल होने के कारण अचानक पलट गया जिसमे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए किसी तरह ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। बौंडी थाना क्षेत्र के सरसठ बेतौरा निवासी उदयभान सिंह एक किसान है और गन्ने की बुवाई के लिए खेत की जुताई हेतु हल लेने महसी गया हुआ था। उधर से लौटते वक्त रामपुरवा चौकी के पास अचानक स्टीयरिंग फेल हो गई। जिससे ट्रैक्टर गहरे गड्ढे में जा गिरा ऊंचाई से गिरने के कारण टैक्टर के परखच्चे उड़ गए गनीमत रही टैक्टर के ड्राइवर ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई।

गुल मंजन करने से मना करने पर खाया जहर, मौत

जरवल रोड, बहराइच : जिले के पारा माझा गांव निवासी एक महिला को उसके पति ने नशा युक्त गुल मंजन करने से मना किया तो नाराज महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा माझा गांव निवासी लज्जावती (33) पत्नी नरेश की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पति नरेश ने बताया कि पत्नी प्रतिदिन गुल मंजन करती थी। मंजन में नशे के सेवन से होने वाले नुकसान को अवगत कराया। साथ बुधवार को उसने पति ने फटकार लगा दी। इसके बाद वह खेत चला गया। इतने में महिला की तबियत बिगड़ी और बेटे की सूचना पर अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में मौत हो गई। डॉक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि तहरीर किसी पक्ष से नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर जांच की जायेगी।

मनरेगा में प्राप्त बजट से अधिक का हुआ व्यय

बहराइच कार्यालय

अमृत विचार : जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, कैसरगंज के आनन्द कुमार यादव, डीएम मोनिका रानी, एसपी वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

विकास भवन में बैठक में मौजूद जन प्रतिनिधि और अधिकारी। अमृत विचार

मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त हुए लेबर बजट 294.30 रुपये करोड़ के सापेक्ष 22 फरवरी तक 307.26 करोड़ रुपये का व्यय कर लक्ष्य 92.25 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 109.77 लाख मानव दिवस सृजित किया गया है। जो लक्ष्य का 118.99 प्रतिशत है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 तक 4806 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सांसद सिंह ने निर्देश दिया कि समूहों की संख्या को बढ़ाया जाय तथा समूहों को एमएसएमई में पंजीकरण कराकर बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान डीएफओ को निर्देश दिया गया कि नई नियमावली के अनुसार वन क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गों के निर्माण हेतु एनओसी जारी कराएं तथा आगामी बैठकों में डीएफओ श्रावस्ती को भी आमंत्रित किया जाए। पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लक्ष्य 16484 के सापेक्ष 16366 लाभार्थियों को प्रथम, 14769 को द्वितीय तथा 9974 को तृतीय किश्त की धनराशि भेजी गई। पीडी डीआरडीए को निर्देश दिया कि औपचारिकताएं पूर्ण शेष लाभार्थियों के खातों में भी शीघ्र ही धनराशि भेज दी जाए। शिक्षा विभाग के योजनाओं की समीक्षा के दौरान बीएसए को निर्देश दिये गये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ का कटान से प्रभावित विद्यालयों के स्थान पर उपयुक्त भूमि की तलाश कर नये विद्यालय का निर्माण कराया जाए। खेलो इण्डिया की समीक्षा के दौरान क्रीडाधिकारी को निर्देश दिये गये कि जिले में एथलेटिक्स को बढ़ावा दिया जाए। राष्ट्रीय कृषि विकास की समीक्षा के दौरान सांसद बहराइच द्वारा रिसिया पार्क में स्थापित केला टीशू कल्चर लैब की प्रगति एवं विधायक पयागपुर द्वारा केला उत्पादन के क्षेत्रफल व केला बिक्री की व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जीवा अमृत तैयार करने वाले अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिलाया जाए ताकि जिले में जैविक खेती को बढ़ावा मिल सके। इससे पूर्व बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट किया गया। संचालन पीडी डीआरडीए राज कुमार ने किया। इस दौरान डीएफओ बहराइच संजय कुमार, कतर्नियाघाट के बी शिव शंकर, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह व सुनील सिंह, प्रमुखगण व अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्य मौजूद रहे।

पीएम आवास सूची में शामिल ग्रामीण की जगह दूसरे को दे दिया आवास

बौंडी/बहराइच, अमृत विचार: जिले के राजा रेहुआ गांव निवासी एक ग्रामीण को प्रधानमंत्री आवास मिला था। लेकिन उसके नाम से गांव के दूसरे ग्रामीण को आवास दे दिया है। ग्रामीण ने डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए जांच की मांग की है। फखरपुर ब्लॉक राजारेहुवा निवासी दिलेराम पुत्र रामलाल, ग्राम राजा रेहुवा थाना बौण्डी विकास खण्ड फखरपुर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि प्रधान मंत्री आवास सूची में उसका नाम वर्ष 2021-22 की योजना की सूची में अंकित था। लेकिन सचिव और प्रधान की मिलीभगत से किसी दूसरे को आवास उपलब्ध करवा दिया गया जबकि प्रार्थी निहायत गरीब, कमजोर, बुजुर्ग व मजदूरपेशा व्यक्ति है। । प्रार्थी झुग्गी झोपड़ी में जीवन गुजारने को मजबूर है। वर्ष 2021-22 के आवास की सूची के पड़ताल में मुझे ज्ञात हुआ कि क्रम संख्या-11 पर दिलेराम नाम अंकित है तथा कागज पर कथित रूप से प्रार्थी का आवास बन चुका है और धन निकासी की जा चुकी है जो कि बहुत बड़ी जालसाजी है। जिलाधिकारी को पत्र देकर प्रकरण की जांच करवाकर न्याय करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाई की मांग की है। डीएम ने बीडीओ से मामले की जांच कर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।


डीएम को शिकायती पत्र देने आया ग्रामीण।

सवा करोड़ से संवरेगी नगर पंचायत जरवल की सूरत

पूरे नगर पंचायत में 1100 मीटर बनेगी सड़क

- नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में इंटरलॉकिंग के साथ शुरू हुआ जल निकासी का निर्माण

संजय श्रीवास्तव जरवल, बहराइच

अमृत विचार: जरवल नगर पंचायत में सड़क और नालियों का निर्माण होगा इसके लिए शासन की ओर से बजट मंजूर कर दिया गया है। सवा करोड़ रुपए की लागत से सभी कार्य पूरे होंगे। नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में सड़कें बनने से आवागमन भी सुगम हो जायेगा।

जिले के लखनऊ बहराइच मार्ग के निकट जरवल नगर पंचायत बसा हुआ है। इस नगर पंचायत की आबादी 15 हजार के आसपास है। लेकिन नगर पंचायत सड़कों की हालत काफी खराब है। इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव ने बताया कि नगर पंचायत में सड़क निर्माण और नाली निर्माण के लिए सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है। सरकार की ओर से भेजे गए बजट का निर्माण भी शुरू हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष तस्लीम बानो ने बताया कि जनता के हित को देखते हुए सभी कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा जारी किए बजट से सभी कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरवल नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में सड़क और नाली निर्माण के लिए सरकार की ओर से सवा करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इसी बजट से सभी कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

नगर पंचायत में चल रहा सड़क निर्माण कार्य। अमृत विचार

जरवल में ये होंगे निर्माण

- मोहल्ला बाजदारी मे मुन्ने के घर से डमार रोड तक इंटरलॉकिंग कार्य
- मोहल्ला कटरा दक्षिणी में ईदगाह गेट से मोहम्मद उमर के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य
- जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज वाली रोड का निर्माण कार्य लंदन के मकान से कल्याण रानी के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य
- मोहल्ला माशूक नगर में मुशीर के खेत से शमशान घाट तक इंटरलॉकिंग का कार्य एवं श्मशान घाट से बरुहा तक इंटरलॉकिंग का कार्य निर्माण
- कई मोहल्लों में क्रॉसिंग का निर्माण कार्य एवं जल निकासी का निर्माण कार्य और टूटा फूटा नाला निर्माण कार्य

देखने योग्य बनेगा जरवल

जरवल नगर पंचायत में स्वागत द्वार पहले ही बन चुका है। अब सभी नगर और मोहल्ले में इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य शुरू हुआ है। आने वाले समय में जरवल नगर पंचायत की अलग पहचान रहेगी।

–तस्लीम बानो, अध्यक्ष, जरवल नगर पंचायत

मांगें पूरी न होने तक ऑनलाइन कार्य का विरोध करेंगे शिक्षक

विशेश्वरगंज, बहराइच

अमृत विचार : डिजिटलाइजेशन के विरोध में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र पर अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रजिस्टर व छात्र डिजिटलाइजेशन के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों से शिक्षकों को अवगत कराते हुए आंदोलन को धार देने की रूपरेखा तैयार की गई।

ब्लाक संसाधन केंद्र पर में गुरुवार को आयोजित उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने कहा कि सरकार नित नए नए आदेश कर शिक्षकों का उत्पीड़न कर रही है, शिक्षकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर आये दिन उनपर तुगलकी फरमान थोपे जा रहे है, जिसे शिक्षक बर्दाश्त नही करेगा। मिश्र ने कहा कि छात्र उपस्थित व रजिस्टर के डिजिटलाइजेशन के आदेश को शिक्षक तब तक मंजूर नही करेगा जब तक उनकी समस्याओं से सम्बंधित मांगे नही मानी जायेगी।बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक मंत्री सुशील मिश्रा ने कहा कि टैबलेट का प्रयोग मांगे पूरी होने की दशा में ही होगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी शिक्षक 1मार्च से 5 मार्च तक हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों क़ो ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे और 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे।शिक्षक नेताओं ने आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए न्याय पंचायत वार टीमें गठित कर शिक्षको, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों को एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया।इस अवसर पर संघ के संरक्षक भागीरथ तिवारी, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष विमला देवी, अजय पाण्डेय, रामदेव, संयुक्त मंत्री संतोष मौर्य, प्रदीप सिंह, गुलाब चंद भारती, लेखाकार विनोद वर्मा, विजय प्रभात चौहान, देवी प्रसाद तिवारी, रघुनंदन मिश्र, मो. राजू, अजीत, मुशीर अहमद, ध्रुव चंद, नीलेश, मनोज मिश्रा सहित तमाम शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक मौजूद रहे।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में रिक्त स्थानों के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच, अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया व बिछिया मिहींपुरवा में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षावार रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया में कक्षा 6 में अनुसूचित जाति/जनजाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18 व समान्य वर्ग के 10 कुल 70, कक्षा 08 में अनुसूचित जाति/जनजाति के 03, कक्षा 09 में पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के 1-1 तथा कक्षा 11 में अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग के 1-1 कुल 77 स्थान रिक्त हैं। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिछिया में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कक्षा 06 में 35 व कक्षा 08 में 13 कुल 48 स्थान प्रवेश हेतु रिक्त हैं। आवेदन पत्र निःशुल्क पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 5 बजे तक सम्बन्धित विद्यालय से 01 मार्च 15 मार्च तक किसी कार्य दिवस में वितरित एवं जमा किये जायेगें। जिला समाज कल्याण अधिकारी गुप्त ने बताया कि विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च है। प्राप्त आवेदन पत्रों को परीक्षण के उपरान्त 20 मार्च को सूची सम्बन्धित संस्था के सूचना पट पर चस्पा किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र का वितरण 26 मार्च को किया जायेगा। प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र व परीक्षा का समय अंकित रहेगा। प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को आयोजित की जायेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कक्षा 10 में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट द्वारा प्रवेश दिया जायेगा।

सार-संक्षेप

शिक्षक को सम्मान मिलने पर जिले के लोगों में खुशी

बहराइच, अमृत विचार : सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के तत्वाधान में विश्व वंदनीय संत सम्राट सतगुरु कबीर साहब के 56वे महापरिनिर्वाण महोत्सव के अवसर पर डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में सम्मानित किया। साहित्यकार और शिक्षक को सम्मान मिलने पर जिले के लोगों में खुशी है। दिल्ली में भारत भूषण संत डॉ .नानक दास के कुशल नेतृत्व में कई संतों की उपस्थिति में बहराइच उत्तर प्रदेश की मशहूर लेखिका शमा परवीन को सम्मान मिला है। उन्हे बाल साहित्य के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमन विश्व वर्मा व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखित सन्देश पत्र भेज कर शुभकामनायें प्रेषित की। समारोह में मुख्य अतिथी विश्व शांति दूत आचार्य डॉ. लोकेश मुनि महाराज अहिंसा विश्व भारती, आचार्य विचार दास महाराज, महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर रामायणी, पीठाधीश्वर महंत रमैयादास महाराज, महंत स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, डॉ. परिन सोमानी यूनाइटेड किंगडम, डॉ. विषु हरि नेपाल, डॉ सौरव पांडे जिंबॉब्वे, राज्यऋषि संमता राम महाराज पुष्कर, प्रशांत कोतवाल राष्ट्रीय संगठन मंत्री मौजूद रहे। साहित्यकार ने बताया कि शिक्षा, साहित्य और समाज क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर उन्हें सम्मान मिला है।

दिल्ली में सम्मानित हुईं बहराइच की साहित्यकार।

उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी है मुफ्त बिजली योजना

शहर के ऊर्जा भवन में बैठक करते बिजली अधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार : शहर में स्थित ऊर्जा भवन में बिजली सेवा और जन संपर्क अभियान के लिए बैठक आयोजित हुई। जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं के लिए वरदान पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। बिजली सेवा व जनसम्पर्क अभियान के लिए ऊर्जा भवन, सभागार में विद्युत वितरण मण्डल-बहराइच के अधीक्षण अभियन्ता सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधि, कृषकों, उद्यमियों तथा ग्राम प्रधानों को विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करने, अनुरक्षण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अनुरक्षण कार्यों व विभागीय योजनाओं के से अवगत कराते हुए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता बहराइच शैलेन्द्र कुमार व कैसरगंज के सौरभ निगम, उप खण्ड अधिकारी बख्शीपुरा आनन्द सिंह, घण्टाघर के मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, पवन अग्रवाल, भगवान मित्तल, संतोष सिंह, जगदीश लल्ला सर्राफ व अन्य व्यापारी तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

शिक्षकों ने स्कूल को निपुण बनाने का लिया संकल्प

बीआरसी में आयोजित बैठक में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : पयागपुर विकासखंड के बीचआरसी मुख्यालय पर परिषदीय शिक्षकों के चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस शिक्षकों ने कसम खाकर अपने विद्यालय को निपुण बनाने का प्रण लिया है। शासन के निर्देश पर जनपद बहराइच में एफएलएन का प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें परिषदीय विद्यालयों में तैनात कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान करने के लिए यह प्रशिक्षण क्रमवार चल रहा है प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस समापन सत्र के दौरान एआरपी पवन कुमार मिश्र व राजेश कुमार मिश्र ने शिक्षकों को शपथ दिलाई की वह अपने अभिनव प्रयास से प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इससे पहले शिक्षकों को दो दिवस भाषा वी दो दिवस गणित शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग कालाश व रणनीतियों की बारीकी से जानकारी दी गई प्रशिक्षण में रविंद्र नाथ मिश्रा पवन कुमार तिवारी राजकुमार पांडे राजेंद्र नाथ शर्मा उमाकांत शुक्ला देवकीनंदन तिवारी ऋतंभरा पांडे तनु कुमारी अनुपम शुक्ला शाहिद तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे तकनीकी सहयोग के लिए रोहित कुमार शुक्ला तरुण कुमार आर्य सुनील कुमार तिवारी प्रभु दयाल मिश्रा मौजूद रहे।

स्कूल गए अभिभावक की शिक्षकों ने कर दी पिटाई

रायबोझा, बहराइच, अमृत विचार : सरकारी स्कूलों की व्यवस्था दिन प्रति दिन भगवान भरोसे होती जा रही है। ऐसे में बतौर गार्जियन अगर कोई शिक्षक से साफ सफाई खान पान कपड़ा आदि पर सवाल पूछे तो शिक्षक भड़क कर मारपीट पर उतर आते हैं मामला जिले के विकास खंड मिहींपुरवा ग्राम सभा कटघर के सरकारी स्कूल का है। जहां एक युवक अपने घर के बच्चों को स्कूल में छोड़ने गया और स्कूल की गंदगी को देखकर उसने शिक्षक से सवाल पूछा तो शिक्षक भड़क उठे और युवक के साथ मारपीट करने लगे। अभिभावक सिराजुद्दीन ने बताया कि 27 फरवरी को वह स्कूल में गया था वहां के हालात देखकर शिक्षक से कुछ बात पूछा तो शिक्षक भड़क उठे और तू - तू मैं-मैं करने लगे। उसी बात पर मैं वापस चला आया। बुधवार सुबह मैं जब फिर अपने बच्चों को छोड़ने गया तो पहले से ही शिक्षक व अन्य उनके सहयोगी घात लगाकर बैठे हुए थे देखते ही मुझ पर हमला कर दिया। स्कूटी की चाभी छीन लिया स्कूटी तोड़ दी तथा जेब मे रखे 13000 रुपया व मोबाईल फोन छीन लिया। घटना क्रम की सूचना युवक ने शिकायती पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हमने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र व पेनड्राइव सहित वीडियोग्राफी देकर शिकायत की है। इसके बाद उसने इंसाफ के लिए न्यायालय में वाद भी प्रस्तुत कर दिया है

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बहराइच

अमृत विचार : कैसरगंज के परमहंस डिग्री कॉलेज में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र और छात्राओं के साथ शिक्षकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

जिले के कैसरगंज में स्थित रामकृष्ण परमहंस पीजी कालेज में वोकेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग के अन्तर्गत वाइव में छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अन्तर्गत गमले और जमीन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि पौधरोपण करने से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है और धरती हरी भरी व सुंदर लगती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है ,कल कारखानों के चलते कुछ दिनों में धरती रहने योग्य नहीं रहेगी इसलिए हमें पीपल ,पाकड़,बरगद और आम नीम के पौधे अधिक से अधिक लगाना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम को वोकेशनल कोर्स प्रभारी सूरज शुक्ल, बृजेश शर्मा,शिक्षा शास्त्र प्रवक्ता संध्या सिंह, कार्यालय अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, वरिष्ठ सहायक परमजीत सिंह, हनुमान प्रसाद वर्मा आदि ने संबोधित किया। महाविद्यालय में चंदन,लीची, आम,अमरूद, गुलदाऊदी, गुड़हल आदि के फलदार एवं पुष्प वाले पौधे रोपे गये। मौके पर रजत तिवारी, महेश,यादव, मोहम्मद शफीक, मोहम्मद मसूद,अनीता देवी,संजू यादव, पारस आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

पौधरोपण के लिए गमले में पौध लिए छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

कार्यक्रम | लखनऊ से मुख्यमंत्री ने वर्चुअली और जिले में जन प्रतिनिधियों ने किया प्रतिभाग

मुख्यमंत्री ने अग्निशमन केंद्रों का किया लोकार्पण

बहराइच

अमृत विचार : जिले के चार तहसीलों में बने अग्निशमन केंद्रों का गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअली लोकार्पण किया। जबकि क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मिहीपुरवा में अग्निशमन केंद्र का शिलान्यास हुआ। विधायकों ने सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया।

जिले के नानपारा ,कैसरगंज, पयागपुर में अग्निशमन केंद्र का प्रशासनिक भवन और आवासीय भवन बनकर तैयार हो गया है। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअली किया। इसके बाद अग्निशमन केंद्र का मिहीपुरवा में वर्चुअली शिलान्यास किया गया। नानपारा में आयोजित समारोह में विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निशमन केंद्र बनने से आग की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सहयोग मिलेगा। ग्रामीणों को नुकसान नहीं होगा। लोकार्पण के समय,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपठी, क्षेत्राधिकारी नानपारा, क्षेत्राधिकार अग्निशमन केंद्र, व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगणों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री के विचार सुने।

अग्निशमन केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल विधायक और पुलिस अधिकारी।

पीली ईंट से देव स्थान पर चल रहे निर्माण से ग्रामीणों में नाराजगी

जरवल, बहराइच

अमृत विचार : देवस्थान पर पीली ईंट लगाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी की मिलीभगत से मानक और गुणवत्ता को ताख पर रखकर निर्माण कार्य कराने से ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

जरवल विकासखंड के ग्राम पंचायत अटवा के गुलरिहन पुरवा में मां पटमेश्वरी देवी नामक देव स्थान है। इस देव स्थान पर ग्राम पंचायत द्वारा बाऊंड्री वाल बनाकर इण्टर लाकिंग का कार्य कराया जा रहा है।इण्टर लाकिंग कार्य में पीली ईंट लगायी जा रही है। गांव के संतोष कुमार यादव,राम राज यादव,रुप चन्द्र,गुड्डू, धर्मराज,केशवराम,लवकुश आदि ने निर्माण कार्य में पीली ईंट का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच और कार्यवाही किए जाने की मांग की है।ग्रामीणों ने इण्टर लाकिंग और दीवाल में लगी पीली ईंट को दिखाया। मानक को दरकिनार कर गुणवत्ता ताख पर रखकर कार्य कराने से ग्रामीणों मे आक्रोश ब्याप्त है। लगाई गयी इण्टर लाकिंग में भी पीली ईंट की गिट्टी डाल दी गयी है।इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी जरवल अमन वर्मा ने बताया कि जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

संपादकीय

संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

> आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

सामाजिक विवेक और चेतना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

सोशल फोरम

जलवायु संकट से युवाओं में हताशा

सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई

गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> 1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति

अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

एक नजर

संत गाडगे जयंती तीन को

सुलतानपुर, अमृत विचार। तीन मार्च को स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे जयंती कार्यक्रम तिकोनिया पार्क में धूमधाम से मनाई जाएगा। मुख्य अतिथि जय सिंह आईआईएस सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केंद्र सरकार होंगे। जयंती में 100 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ज़रूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण किया जाएगा।

ठाकुर प्रसाद बने उप जिलाधिकारी सदर

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के रूप तैनात ठाकुर प्रसाद को एसडीएम सदर का प्रभार मिला है। वहीं जयसिंहपुर में एसडीएम (न्यायिक) के पद पर रहे विपिन द्विवेदी को एसडीएम को प्रभार सौंपा गया है।

दीवार गिरने से दबकर वृद्ध की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। हलियापुर थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी फारुक अहमद (61) भैंस बांधने के लिए अपनी ही कच्चे घर की दीवार के बगल खूंटा लगा रहे थे कि भरभराकर दीवार गिर गई, जिसके नीचे आने से उनकी पर मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार करते हुए अंतिम संस्कार कर दिया।

हिंदू राष्ट्र महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष बने रजनीश मिश्रा

सुलतानपुर, अमृत विचार। हिंदू राष्ट्र महासभा भारत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य को संगठन ने अवध प्रांत का अध्यक्ष नामित किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने पत्र जारी करते हुए रजनीश कुमार मिश्रा निवासी नरही थाना धम्मौर को संगठन का अवध प्रांत का अध्यक्ष घोषित किया है। उन्होंने अपेक्षा की है कि इनके नेतृत्व में हिंदू धर्म एवं हिंदू राष्ट्र महासभा ऊर्जावान एवं मजबूत होगा।

असलहे के बल पर पेट्रोल पंप कर्मी से दो लाख की लूट

बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात, पुलिस व स्वाट टीम ने शुरू की जांच

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: जिले में अपराधी खाकी को खुली चुनौती दे रहे हैं। बीती रात जिला पंचायत सभागार में सिपाही को कुछ लोगों ने पीट दिया तो देर रात पल्सर सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप से असलहे के बल पर दो लाख रुपया लूट कर फरार हो गए। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व स्वाट टीम ने जांच पड़ताल की है। सिपाही की पिटाई में पुलिस ने तो रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया, वही लूट की घटना पुलिस मारपीट की घटना बता रही है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर बरौसा से पहले राघवपुर शुक्ल में इंडियन आयल की रॉयल पेट्रोलियम नाम से पेट्रोल पंप है। जिसका संचालन सुलतानपुर निवासी दिव्यांशु सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह द्वारा किया जाता है। बुधवार की रात पेट्रोल पंप का संचालन बंद होने के बाद मोतिगरपुर थाना क्षेत्र महमूदपुर जंगल निवासी पेट्रोल पंप मैनेजर शिवराम पाल तीन कर्मियों के साथ पंप पर मौजूद थे। रात करीब 10 बजे काली पल्सर से आए नकाबपोश बदमाश ऑफिस में घुस गए। पंप कर्मी कुछ समझ पाते इससे पहले बदमाशों ने उन पर असलहा सटा दिया। असलहे के बल पर नकाबपोश बदमाश दो लाख 14 हजार रुपया लूटकर बाइक से मोतिगरपुर की तरफ फरार हो गए। रात को ही सूचना पर पहुंचे बरौंसा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा ने जांच पड़ताल कर घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पंप पर टीम के साथ पहुंचे एसओजी प्रभारी धीरेंद्र वर्मा ने पंप कर्मियों से पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि लूट की घटना झूठी है। मारपीट का मामला है, जांच की जा रही है।

लूट की घटना के बाद जांच करते स्वाट टीम के सदस्य। अमृत विचार

जिला पंचायत गेट पर शराबियों ने सिपाही का सिर फोड़ा

संवाददाता, सुलतानपुर : कलेक्ट्रेट, विकास भवन के पास जिला पंचायत गेट पर बुधवार की रात शराबियों ने एक सिपाही को पीट दिया। मारपीट में सिपाही का सिर फट गया। कोतवाली से पहुंचे पुलिसकर्मी उसे व एक आरोपी को कोतवाली ले गए। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की है। सिपाही पवन कुमार जिला पंचायत परिसर की सुरक्षा में तैनात है। बताया जाता है कि रात करीब नौ बजे वह सामान लाने के लिए कार से बाहर जा रहा था। जिला पंचायत गेट पर कुछ लोग पहले से जमा थे। सिपाही पवन की मानें तो वे लोग शराब पी रहे थे। हार्न बजाने पर नहीं हट रहे थे। इसी को लेकर उनका विवाद हो गया। कुछ ही देर में वाद-विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें सिपाही पवन कुमार के सिर पर चोट लग गई और खून बहने लगा। घटना की जानकारी होने पर जब तक पुलिस पहुंचती हमलावर फरार हो गए थे। एक हमलावर को पुलिस ने पकड़ लिया है। उससे कोतवाली में पूछताछ की जा रही है। दोनों को कोतवाली लाए जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने कोतवाली में मीडिया का प्रवेश बंद कर दिया था। घायल सिपाही का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। साथ ही उसकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। सीओ सिटी शिवम मिश्र ने बताया कि मामले में सिपाही की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, कुछ लोग यह भी बता रहे है कि सिपाही खुद नशे में था। उसने ही वर्दी की रौब में मारपीट की है। फिलहाल यह पुलिस की जांच के दौरान ही सामने आएगा।

सिपाही पवन कुमार।

▸▸ **एक युवक को पकड़कर सिपाही ने किया पुलिस के हवाले**

श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो पलटी, दो घायल

- **कूरेभार थाना क्षेत्र के 130 आरएचएस पर हुआ हादसा सभी श्रद्धालु जा रहे थे अयोध्या**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: गुरुवार को अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें दो श्रद्धालुओं को गंभीर चोट आई, सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल भेजा। साथ ही स्कार्पियो को क्रेन से टोल प्लाजा भेज यातायात बहाल करवाया।

बिहार के आरा जिला जगदीशपुर निवासी स्कार्पियो चालक आशुतोष कुमार के साथ प्रतीक (25), विशाल राज (19), राजेश कुमार (17), सोनू कुमार (22) निवासी आरा बिहार अयोध्या जा रहे थे। गुरुवार की सुबह जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के कूरेभार थाना क्षेत्र के 130 आरएचएस पर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। जिसमें प्रतीक व विशाल राज को गंभीर चोट आई थी। घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजते हुए क्षतिग्रस्त स्कार्पियो को क्रेन की मदद से कूरेभार टोल प्लाजा भेजा। सुरक्षा अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। क्षतिग्रस्त वाहन टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया गया है। नींद की झपकी आने से चालक का संतुलन बिगड़ा था, जिससे वह डिवाइडर से टकरा गया।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पलटी हुई स्कॉर्पियो। अमृत विचार

जिला जज ने दी लिपिक को विदाई

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले के जनपद न्यायाधीश के कार्यालय में लिपिक पंकज श्रीवास्तव गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। दीवानी परिसर में उनके विदाई समारोह में कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। पुष्पगुच्छ भेंटकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला लिपिक जगदीश प्रजापति, नाजिर बद्री प्रसाद यादव, सचिन, अनिल श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह, संजय सिंह, सुमन बाला,गीता शर्मा, शांति पांडेय, हरिराम यादव, उत्तम, शिवकुमार, अधिवक्ता अब्बास अहमद खान, विवेक श्रीवास्तव व अशोक शुक्ल आदि मौजूद रहे।

सीएम ने किया अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण

- **मुख्यमंत्री ने लखनऊ से प्रदेश के 24 अग्निशमन केंद्रों का किया ऑनलाइन लोकार्पण**

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। चांदा रोड पर नवनिर्मित अग्नि शमन केंद्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑनलाइन लोकार्पण कर कादीपुर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सुलतानपुर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने बताया कि आठ करोड़ 77 लाख की लागत से बने इस अग्निशमन केंद्र का शिलान्यास 28 जुलाई 2019 को सांसद मेनका गांधी एवं विधायक राजेश गौतम ने संयुक्त रूप से किया था।

लगभग 4 वर्ष 7 माह की अवध में बनकर तैयार हुआ इस अग्निशमन केंद्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से प्रदेश के अन्य 24 अग्निशमन केंद्रों के साथ किया। इस अग्निशमन केंद्र में कुल 24 सामान्य आवास, दो अधिकारी आवास और एक प्रशासनिक भवन तथा गैरेज का निर्माण किया गया है। इस अग्निशमन केंद्र पर चालक सहित कुल 12 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। अग्निशमन केंद्र को 2500 लीटर पानी की क्षमता वाला एक फायर टैंकर व एक 400 लीटर क्षमता वाला हाई प्रेशर वाहन एवं अग्निशमन यंत्रों की सुविधा प्रदान की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश गौतम ने शिलापट का अनावरण किया।

लोकार्पण अवसर पर मौजूद विधायक राजेश गौतम, एसपी सोमेन बर्मा व अन्य।

टाटियानगर पुल से गुजरने लगे हल्के वाहन

- **बड़े वाहनों को अभी कुछ दिन करना पड़ सकता है इंतजार**

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार। अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग पर टाटिया नगर के गोमती नदी पर बने पुल का सस्पेंशन गार्ड टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया था। बाईपास से गुजरने वाले वाहन शहर से होकर गुजरने लगे थे। जिसके चलते जिला मुख्यालय जाम से कराह रहा है। पुल के मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने व दो पहिया वाहन के संचालन से लोगों ने राहत की सास ली है। फिलहाल, अभी बड़े वाहनों को इंतजार करना पड़ सकता है।

बीते शुक्रवार की रात टाटिया नगर में गोमती नदी पर बने पुल का सस्पेंशन ज्वाइंट गार्ड टूट जाने से आवागमन रोक दिया गया था। आवागमन रोक जाने से छोटे वाहनों का प्रवेश शहर के सड़कों से दिन में होने लगा। वहीं, बड़े वाहनों को रात में प्रवेश मिलने लगा। जिससे शहर में जाम के हालात उत्पन्न हो गए। राहगीरों, रोगियों के साथ अन्य लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर डीएम को ज्ञापन सौंपा था। डीएम ने जल्द ही पुल निर्माण का आश्वाशन दिया था। गुरुवार को पुल निर्माण पूरा हो गया तो शाम को टाटिया नगर पुल से दोपहिया वाहनो का संचालन शुरु हो जानें से लोगो ने राहत की सास ली है। वही बड़े वाहनों को अभी भी इंतजार करना पड़ेगा।

टाटियानगर पुल से गुजरती मोटरसाइकिल। अमृत विचार

पंचायत भवन असवा में लाखों की चोरी

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत असवा के पंचायत भवन में 28 फरवरी की रात मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी की। चोर भवन मे अन्दर से कमरे की खिंड़की तोड़कर इन्वर्टर व दो बैटरी, सीसीटीवी सेटअप, कंप्यूटर सेटअप, कैमरा, बल्ब, चोरी कर लिया। गुरुवार को सुबह पंचायत सहायक शालनी सरोज के आने पर चोरी की घटना का पता चला। पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान उर्मिला देवी एवं सचिव दिनेश सिंह क़ो सूचित किया। जिसके बाद प्रधान व सचिव ने खण्ड विकास अधिकारी को सूचित करते हुए थाने में तहरीर दी है। देहात कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

पत्नी की मौत के सात दिन बाद भाई की भी हुई मौत

सुलतानपुर, अमृत विचार। पत्नी की मौत का गम भुला भी नहीं पाए थे कि भाई की भी मौत हो गई। एक ही परिवार में लगातार हुई दो मौत से मातम छा गया है। सगे संबंधी व स्थानीय लोग घर पहुंच कर परिजनो को ढांढस बंधा रहे हैं।

मामला जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के कारेबन गांव से जुड़ा है। बीते शुक्रवार को गांव निवासी बसंत कुमार 22 वर्ष पुत्र जवाहिर बाइक से भाभी अंतिमा को लेकर सेमरी से लौट रहा था। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडर पास के नीचे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी थी। वाहन की ठोकर से बाइक सवार देवर भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से घायलों को सौ शैय्या अस्पताल ले गए। जहां मौजूद चिकित्सको ने अंतिमा 45 वर्ष को मृत घोषित करते हुए बसंत कुमार को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां गंभीर हालत में बसन्त जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा था। सातवें दिन गुरुवार की सुबह बसंत कुमार जिंदगी की जंग हार गया। बसंत कुमार की मौत की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। बसन्त के माता पिता की मौत बचपन मे ही हों गई थी। भाई भीम सागर ने पालन पोषण किया था।

जनप्रतिनिधियों ने जानी योजनाओं की प्रगति

सुलतानपुर, अमृत विचार। गुरुवार को प्रेरणा सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह, सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, सीडीओ अंकुर कौशिक व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति जानी। बैठक में कृषि, सिंचाई एवं जलापूर्ति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, ग्राम्य विकास, ऊर्जा विभाग, नगर विकास, पंचायतीराज, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, उप्र नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण सहित अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी और उसके प्रगति के बारे में जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरहा, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–01.03.2024 से 05.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खैरहा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–05.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत ठेला/ई–रिक्शा, सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, भूमिगत नाली,आरआरसी आदि निर्माण कार्य	6,22,846 रुपये	बालू, मोरंग, पत्थर (20mm) ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि	100

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खड़सरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.02.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खड़सरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–01.03.2024 से 07.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खड़सरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–07.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत ठेला/ई–रिक्शा, सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, भूमिगत नाली,आरआरसी आदि निर्माण कार्य	5,96,904 रुपये	बालू, मोरंग, पत्थर (20mm) ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि	100
2	सुनील सिंह के घर से पक्की सड़क तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	2,16,040 रुपये	इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री	100

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0– खड़सरा, वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

(सचिव) ग्रा0पं0– खड़सरा, वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

वीडियो कांफ्रेंसिंग से पॉक्सो कोर्ट में हुई डॉक्टर की गवाही

विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : संग्रामपुर थाना क्षेत्र में करीब तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से हुए दुराचार के मामले में पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ में तैनात डॉक्टर अनुराधा देओल का बयान दर्ज किया। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने डॉक्टर से जिरह की। अधिवक्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के धीरज पाल पर तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ व दुराचार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की त्वरित सुनवाई जारी है जिसमें चार गवाहों का बयान दर्ज हो चुका था। गुरुवार को लखनऊ के मैरी क्वीन हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टर अनुराधा देओल को गवाही में आना था लेकिन उनके नहीं पहुंचने से कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान और जिरह दर्ज की। मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को फिर नियत की गई है।

जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को कोर्ट से मिली राहत

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र बल्दीराय के ठुन्नू तिवारी का पुरवा ऐजर में नौ माह पूर्व जमीनी विवाद को लेकर हुए बलवा, मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में आरोपी आशीष तिवारी की जमानत सेशन जज जेपी पांडेय ने मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के सन्तोष पांडेय के मुताबिक बीते साल 16 मई को ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में दो भाइयों में मारपीट हो गई थी। घटना में प्रमोद तिवारी, विमला और शिव प्रसाद को गंभीर चोटे आई थीं। शिव प्रसाद तिवारी ने भाई शिव किशोर, भतीजों आशीष तिवारी, छोटू, भतीजी प्रेमपति और भाभी वंदना देवी पर घर में घुसकर बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला और अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर जेल में बंद आरोपी आशीष तिवारी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

थानाध्यक्ष की विदाई में रो पड़ीं महिलाएं

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना परिसर में बृहस्पतिवार को थाने के निवर्तमान थानाध्यक्ष का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व सम्भ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। पुलिस कर्मियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में लोगो ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि थानाध्यक्ष ने अपराध नियंत्रण, अपहृतों को परिजनों से मिलाने व थाना परिसर में सुंदरीकरण व धार्मिक आयोजनों से अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उपस्थित लोगों ने निवर्तमान थानाध्यक्ष को शाल, फूल माला, एवं बुके देकर सम्मानित किया।

हलियापुर में मिला अयोध्या के युवक का शव

▸▸ **परिवार वालों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस बता रही दुर्घटना का मामला**

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचार। अयोध्या जिले के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। हालांकि, हलियापुर पुलिस इसे दुर्घटना बता रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अब मौत के सही कारणों का पता चल सकता है।

अयोध्या जिले के रौनाही थाना अंतर्गत नेवादा सोहावल निवासी अरुण कुमार तिवारी (40) पुत्र स्व. लल्लन तिवारी ददन नाम के एक व्यक्ति के साथ बीती रात निमंत्रण के लिए स्कार्पियो गाड़ी से निकले थे। बताया जा रहा है कि हलियापुर थानाक्षेत्र के जरई मोड़ के पास आगे आगे एक तेज रफ्तार ट्रक को पीछा करते हुए स्कार्पियो गाड़ी भी जा रही थी। यहां से करीब दो किमी आगे खंडसा सराय बग्घा के निकट राहुल की बाग के पास स्कार्पियो पाई गई। जिसमें अरुण तिवारी का शव पड़ा था व साथी लापता था। स्थानीय लोगों की मानें तो वहां पर मारपीट भी हुई थी।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दिया। जिस पर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची। अरुण को लेकर सीएचसी पिठला लेकर पहुंची जहां से डॉक्टर ने उन्हें अयोध्या रेफर किया। अयोध्या में डॉक्टर ने अरुण को मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम में भेजा गया। इस मामले में अरुण के भाई अनिल को सोशल मीडिया से भाई की मौत की ख़बर मिली तो वो हलियापुर थाने पहुंचे।

पीड़ित अनिल ने बताया कि हमारे भाई की हत्या की गई है। ऐसी हमें आशंका है। लेकिन पुलिस ने हमसे दुर्घटना की तहरीर लिखाया है। वही इस मामले में एसओ अंजू मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक–1099/न0पा0परि0सुल0/2023–24 दिनांक– 29.02.2024

अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए टैक्सी, टैम्पो पार्किंग शुल्क (संयुक्त) की वसूली के ठेकों हेतु ई–निविदा दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 10.03.2024 तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है एवं अन्य नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

फूटा गुस्सा | रैली निकालकर मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

एमएसपी को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। अपनी उपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। साथ ही जिले की प्रमुख मार्गों पर पैदल यात्रा करते हुए तिकोनिया पार्क पहुंच मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में तिकोनिया पार्क में पहुंचे किसानों ने जनसभा करते हुए प्रदर्शन किया। जनसभा व प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही तिकोनिया पार्क में भारी संख्या में पुलिस मुस्तैद हो गई। वहीं, कुछ किसानों ने पैदल मार्च निकाला। किसानों ने तिकोनिया पार्क से डाकखाना चौराहा, जिला अस्पताल होते हुए तिकोनिया पार्क पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से किसानों की पैदल यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल आगे आगे चलती रही। न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबंधित ज्ञापन किसान डीएम को देने पर अड़े रहे। जानकारी मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट संजीव कुमार यादव, सीओ सिटी शिवम मिश्रा किसानों के बीच पहुंचे तो उन्होंने ज्ञापन देने से मना कर दिया। बाद में किसान नेताओं द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपने पर सहमति बनी तो मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह ने किसानों का ज्ञापन लिया। किसान नेता हृदय राम वर्मा ने बताया कि बॉर्डर पर किसान एमएसपी के लिए धरने पर बैठे हैं। उसी के संबंध में सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर किसान नेता अवधेश कुमार सिंह, योगेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सीआरओ को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

शोभायात्रा का डीजे पलटा दबकर महिला की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। मंदिर से निकली शोभायात्रा में बज रहा डीजे अनियंत्रित होकर पलट गया। शोभायात्रा में चल रही एक महिला डीजे के नीचे दब गई। जब तक महिला को डीजे के नीचे से निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

बंधुआकला थाना क्षेत्र के पूरे चंदर मिश्र मझना गांव के मंदिर से गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा के दौरान बज रहा डीजे पानी से भरे गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। डीजे पलटने के दौरान साथ चल रही महिला रम्पू यादव (55) पत्नी राम बक्स यादव दब गई। शोभायात्रा में चल रहे लोगों ने जब तक महिला को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची बंधुआकला पुलिस महिला के शव को कब्जे ले लिया है। नवागत थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बदलते मौसम में लोग हो रहे बीमार, मरीजों की बढ़ी संख्या

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। मौसम में बदलाव लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सुबह-शाम ठंड और दिन में तेज धूप से गर्मी का अहसास लोगों को बीमार कर रहा है। इससे क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। आने वाले मरीजों में सर्वाधिक सर्दी और जुकाम के रहे। दिन में तेज धूप निकलने से मौसम में सर्दी का असर कम हो गया है, जबकि दिन ढलने के बाद मौसम हल्का सर्द बना हुआ है। दिन में चलने वाली तेज और हल्की हवाएं दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ा रही हैं। लोग खांसी-जुकाम और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। तेज हवा आंखों और त्वचा को भी नुकसान पहुंचा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. बृजेश चंद्रा कहते हैं कि मौसम बदल रहा है। ऐसे में अगर लापरवाही बरतेंगे तो बीमार पड़ सकते हैं। मौसम के बदलाव के इस दौर में जो लोग गर्म कपड़ों से दूरी बना रहे हैं, वे बीमार हो सकते हैं।

प्रधान संघ ने बैठक कर गांवों के विकास पर किया मंथन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में बुधवार को प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुआ। जिसमें एचडीएफसी बैंक व आरोह फाउंडेशन के जरिए गांव के समग्र विकास पर मंथन हुआ। संस्था द्वारा चयनित गांव के विलेज डेवलपमेंट कंडीडेट यानी वीडीसी सदस्यों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि बुनियादी विषय से संबंधित गांव के उत्थान की दिशा में चर्चा की गई। बैठक में फाउंडेशन के कलस्टर समन्वयक अमन सिंह ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के सहयोग से फाउंडेशन अगले तीन सालों तक गांव में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी विषय से सम्बन्धित समग्र विकास की दिशा में काम करेगी। इन सभी कार्यों को निष्पक्ष निष्पादन के लिए गांव विकास समिति की भी गठन किया गया जिसमे गांव के ही 15 लोगो को चुना गया है। जिनके साथ मिलकर लोगो को जागरूक कर गांव में विकास का काम किया जायेगा।

बॉर्डर पर निजी वाहन चालकों की मनमानी

सिद्धार्थनगर।

अमृत विचार। नेपाल सीमा से सटे जिले अलीगढ़वा बॉर्डर पर प्राइवेट वाहन चालकों की मनमानी ने यात्रियों की मुसीबत बढ़ा दी है। बाजार में बने अवैध स्टैंड पर इनका राज चलता है और यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। बात तब और बिगड़ जाती है जब कोई यात्री कहीं और से वाहन बुलाने की कोशिश करता है। स्टैंड पर दबदबा बनाए प्राइवेट वाहन चालक किसी बाहरी वाहन के आने पर विवाद खड़ा कर देते हैं। उनकी कोशिश होती है कोई भी बाहरी वाहन उनके यहां घुसने न पाए और कई बार तो बात हाथापाई तक आ जाती है।

नेपाल सीमा से सटे अलीगढ़वा बाजार से होकर प्रतिदिन हजारों यात्री आवागमन करते हैं। थोड़ी ही दूरी पर मौजूद बौद्ध धर्मस्थली कपिलवस्तु व गनवरिया में काफी संख्या में नेपाली नागरिक भी आते हैं। नौगढ़ से अलीगढ़वा के लिए केवल एक सरकारी बस का संचालन होने से बॉर्डर क्षेत्र के यात्री प्राइवेट वाहनों के सहारे यात्रा करते हैं। अलीगढ़वा में वैसे तो कोई वैध टैक्सी स्टैंड नहीं बना है, लेकिन यहां प्राइवेट वाहन चालकों का ही सिक्का चलता है।

यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं और उनकी पूरी कोशिश होती है कि कोई बाहरी वाहन उनके एरिया में घुसने न पाए। जब यात्री किराया देने में असमर्थता जता कर अपने प्रयासों से कहीं और से वाहन बुलाता है तो बाजार के टैक्सी चालक उसका पुरजोर विरोध करते हैं। बाहरी वाहन चालकों के साथ बदसलूकी करने के साथ उनके वाहनों की चाबी निकालने से भी गुरेज नहीं करते। शहर से कोई यात्री ऑटो बुक करके घर जाता है, तो उसे रास्ते में रोककर परेशान करते हैं। यात्री शिवशंकर के मुताबिक अलीगढ़वा में टैक्सी स्टैंड नहीं है, लेकिन वाहन चालकों ने अपना स्टैंड बना रखा है। बाहरी वाहनों को आने नहीं देते और इसका फायदा उठाकर यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। जबकि ईरिक्शा चालक अच्छेलाल का मानना है कि अलीगढ़वा बाजार से होकर हर दिन भारी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। यहां पर वैध टैक्सी स्टैंड होना जरूरी है और किराया भी निर्धारित किया जाना चाहिए।

> ऐसी कोई शिकायत अभी तक नहीं आई है। लोगों से जानकारी ली जाएगी और अगर इस तरह की समस्या है तो उसका समाधान किया जाएगा। मनमानी करने वाले वाहन चालकों से विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
> **-राजेश गुप्ता,** प्रभारी, कपिलवस्तु कोतवाली

बेहतर कार्यों के लिए मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' को किया गया सम्मानित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। वर्ष 2023-24 में सक्रिय गतिविधियों एवं मानवीय पहल के लिए आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन यूपी के अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' को दिल्ली जेएनयू परिसर स्थित भारतीय जन संचार संस्थान कैंपस में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर उत्तर प्रदेश इम्का का प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' वर्तमान में आईआईएमसी एलुमनी एसोसियेशन के नॉर्थ जोन के प्रभारी भी हैं। नॉर्थ जोन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, चंडीगढ़,जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ स्थित पलिया निधि गांव निवासी मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान यश भारती से सम्मानित हो चुके हैं। मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर सक्रिय हैं।

तीन ग्राम सचिव निलंबित व पांच पर केस दर्ज

शॉर्ट-सर्किट से जलकर अभिलेख के नष्ट होने के मामले में जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। खुनियांव ब्लॉक परिसर में आईएसबी के सरकारी आवास में रखे अभिलेख के शॉर्ट-सर्किट से जलकर नष्ट होने के मामले में तीन ग्राम सचिवों को निलंबित किया गया है। साथ ही सूचना नहीं देने पर राज्य सूचना आयोग के निर्देश पर पांच सचिवों के विरुद्ध जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर केस दर्ज कराया गया है।

खुनियांव ब्लॉक परिसर में 17 फरवरी को एडीओ आईएसबी के कक्ष में शार्ट सर्किट से लगी आग में तीन ग्राम सचिवों के चार्ज में रहे 40 से अधिक ग्राम पंचायतों के अभिलेख जलकर नष्ट हो गए थे। मामले में सीडीओ जयेंद्र कुमार के निर्देश पर जांच कराई गई। जिसमें लापरवाही बरतते हुए अपने प्रभार की ग्राम पंचायतों के अभिलेख अविधिक रूप से आईएसबी जगनरायन चौधरी के सरकारी आवास में रखवाना तथा अभिलेखों का आवास में हुए अग्निकांड में नष्ट होने का दोषी पाया गया।

डीपीआरओ पवन कुमार ने अभिलेखों के रख-रखाव में लापरवाही पूर्वक कार्य करते हुए कर्मचारी आचरण संहिता का उल्लघंन करने के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी विकास चौधरी व यशवंत यादव को निलंबित कर दिया है। वहीं इन्हीं आरोपों में

डीएम पवन अग्रवाल।

डीडीओ जीपी कुशवाहा ने ग्राम विकास अधिकारी अतुल कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही सीडीओ जयेंद्र कुमार के निर्देश पर चल रही जांच में इस ब्लॉक में तैनात पांच ग्राम सचिवों को सूचना नहीं देने का दोषी पाया गया है। आयोग के निर्देश पर पांच सचिवों के विरुद्ध केस दर्ज करने का निर्देश डीएम ने दिया है। डीडीओ जीपी कुशवाहा ने बताया कि ग्राम सचिव हरेंद्र पांडेय, विकास कुमार चौधरी, पियूष कुमार पांडेय, अतुल सिंह यादव व राकेश पाठक के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आरटीआई कार्यकर्ता देवेश मणि त्रिपाठी ने जनसूचना के तहत खुनियांव ब्लॉक के पांच ग्राम पंचायत अधिकारियों से जानकारी मांगी थी। जिसमें वांछित एवं पूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने के मामले में सूचना आयोग की तरफ से संबंधित सेक्रेटरी के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने सभी पांचों सेक्रेटरी के विरुद्ध जांच के लिए अलग-अलग बीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पांच टीमें गठित की थी। जिसमें संबंधित ब्लॉक के ही एडीओ पंचायत व लेखाकार सदस्य नामित किए गए थे। इसमें सेक्रेटरी हरेंद्र पांडेय की जांच बीडीओ इटवा, विकास कुमार चौधरी की जांच बीडीओ जोगिया, पियुष कुमार पांडेय की जांच बीडीओ भनवापुर, अतुल सिंह यादव की जांच बीडीओ डुमरियागंज व राकेश पाठक की जांच बीडीओ खेसरहा ने किया है। जांच में संबंधित सेक्रेटरी सूचना नहीं देने एवं अभिलेख गायब करने के दोषी पाए गए हैं।

सीडीओ ने बोर्ड परीक्षाओं का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश बोर्ड के हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा केंद्र जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर, सनई एवं तिलक इंटर कॉलेज बांसी का निरीक्षण किया।

केन्द्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाध्यापक ने बताया कि जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर में नामांकित 538 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 518 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। 18 कक्ष में परीक्षा में संचालित है सभी कक्ष में सीसीटीवी से निगरानी की जा रहा है। इसी प्रकार तिलक इंटर कॉलेज में 209 के सापेक्ष 206 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्ट्रॉन्ग रूम के खुलने एव बंद होने के रजिस्टर का निरीक्षण किया गया।

विज्ञान व लेखाशास्त्र की परीक्षा कराई गई संपन्न

गोरखपुर, अमृत विचार। जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में गुरुवार को हाईस्कूल विज्ञान तथा इण्टरमीडिएट लेखाशास्त्र की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा केन्द्रों पर वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रथम पाली विज्ञान में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 74886 थे, जिसमें 70925 उपस्थित तथा 3961 अनुपस्थित थे। इण्टरमीडिएट लेखाशास्त्र में कुल 1911 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1869 उपस्थित तथा 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

छुट्टा गौवंश चट कर रहे फसल, किसान परेशान

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मिठवल ब्लाक क्षेत्र में छुट्टा पशुओं ने किसानों का सुख-चैन छीन रखा है। खेतों में खड़ी फसल को बचाने के लिए किसानों को दिन-रात पसीना बहाना पड़ रहा है। खास कर वह रात में जागकर फसलों को रखवाली करने को मजबूर हैं।

गोशालाओं के बेहतर संचालन के शोर के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सड़कों से लेकर सीवान तक छुट्टा पशुओं की धमाचौकड़ी देखी जा सकती है। सड़कों पर बेफिक्र होकर घूम रहे छुट्टा पशुओं ने एक ओर जहां राहगीरों का आवागमन दूभर कर रखा है। दूसरी ओर खेतों में लहलहा रही फसल को बरबाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। तिलौली के आसपास के गांवों के सीवान में फसलों के बीच छुट्टा पशुओं का झुंड देखा जा सकता है। ऐसे में फसल को पशुओं से बचने के लिए लाठी-डंडो से लैस होकर किसानों को निकलना पड़ता है, क्योंकि उन्हें फसल बचाने के साथ खुद को भी बचाना होता है।

क्षेत्र के अमित पांडेय, अब्दुल रशीद, पहलवान, संदीप, ज्ञान प्रकाश, तुफैल चौधरी ने बताया कि पशुओं के चलते उनका दिन का सुकून व रात की नींद हराम हो चुकी है। गोशालाओं की व्यवस्था और भी ठीक करने की जरूरत है ताकि छुट्टा पशुओं से निजात मिल सके। ज्ञात रहे कि इन पशुओ से अब तक जिले में कई किसानों के मरने और घायल होने की खबरें भी सामने आ चुकी हैं।

खेत में फसल चरते छुट्टा गौवंश। अमृत विचार

> छुट्टा पशु कृषि के लिए निश्चय ही हानिकारक हैं। इसके लिए शीघ्र ही टीम के माध्यम से अभियान चला कर उन्हें पकड़ कर गोशालाओं में भेजने का कार्य किया जाएगा, ताकि किसानों की फसल को नुकसान से बचाया जा सके।
> **-चंद्रभान उपाध्याय,** बीडीओ

सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मिला पुरस्कार

गोरखपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी धनंजय पांडेय और छात्र शिवम पांडेय को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सम्मानित किया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंर्तगत जनमानस को जागरूक करने के लिए प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए धनंजय पांडेय और शिवम पांडेय को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी तथा कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की अनुभूति का क्षण है। सड़क सुरक्षा अभियान में विश्वविद्यालय ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र हित में बेहतर योगदान देने का प्रयास किया है।

सार-संक्षेप

लाभार्थी को पंपसेट वितरण का प्रमाण देते सांसद जगदंबिका पाल।

किसानों को वितरित किए गए पंपसेट

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। इटवा विकासखंड के ब्लाक खुनियावं में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गतग सिंचाई विभाग के द्वारा पंपसेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल तथा विशिष्ट अतिथि विधायक माता प्रसाद पांडे रहे। कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि आज हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही है। किसान अच्छी फसल पैदा करें, पानी के अभाव में कोई फसल सूखे न तथा उपज दुगनी हो। जिसके क्रम में आज पूर्व निर्मित उद्यम नलकूपों पर सरकार द्वारा पंप सेट दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पंपसेट पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर बबलू सिंह, विद्यामानी, राजेंद्र दूबे, ब्लॉक प्रमुख रीता दुबे, बलराम, विजय सिंह, अमन सिंह व अन्य किसानों के साथ-साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सबलू सहानी को भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गुरुवार को जिला पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ सबूल सहानी को बधाई दी और मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया। कन्हैया पासवान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, यहां हर कार्यकर्ता का सम्मान है। सही समय पर उनको सही जगह दिया जाता है। कार्यकर्ता की ही देन है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व के सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सबलू सहानी ने कहा कि पार्टी ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे नई जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरूंगा। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पांडे, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, फूलचंद जायसवाल, भाजपा नेता संपूर्णानंद पांडे, मंगल चौरसिया, बजरंगी गोस्वामी, विक्की रस्तोगी आदि लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को दी गई विदाई

गोरखपुर, अमृत विचार। मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, पूर्वोत्तर रेलवे अवधेश कुमार ने 29 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए 17 अराजपत्रित रेलकर्मियों को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि आप सभी ने अपने जीवन का एक लम्बा समय रेलवे को दिया है। आपके अनुभव से हम आगे भी लाभ उठाते रहेंगे। आपको जब भी समस्या हो आप मिल सकते हैं। आपकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त लेखा विभाग के आई.टी.सेन्टर में सेवानिवृत्त लेखा कर्मचारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रधान वित्त सलाहकार संजीव जैन ने लेखा विभाग के उप वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी/यातायात प्रतीक कुमार चौधरी एवं दो अराजपत्रित रेलकर्मियों को समापक राशि का प्रपत्र, सेवा प्रमाण-पत्र तथा गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्मिक एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के पदाधिकारी तथा सेवा निवृत होने वाले रेलकर्मियों के परिजन उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया निरस्त

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों को पूर्व में जारी मार्ग परिवर्तन को निरस्त कर निर्धारित मार्ग से संचलन किया जायेगा। 12553 सहरसा-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस का संचालन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जायेगा। 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस का संचालन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जायेगा।

धामपुर स्टेशन पर ट्रेनों को दिया जाएगा ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल के धामपुर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। 1 मार्च को चलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस, 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस, 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस और 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर कुछ मिनट के लिए ठहर कर प्रस्थान करेंगी। वहीं रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से बनारस से 29 फरवरी को चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस एवं देहरादून से 01 मार्च को चलने 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस को निरस्त किया गया है।

परिवर्तित मार्ग से चलेंगी रेलगाड़ियां

गोरखपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल के फुलेरा-मदार खण्ड पर आटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर के रास्ते चलाई जायेगी। 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-अजमेर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा के रास्ते चलाई जायेगी।

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को पुलिस हर समय तत्पर : एसपी

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। पुलिस की सुविधाओं और सेवाओं की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3300 करोड़ से अधिक की लागत से 148 निर्माण कार्यों सहित अन्य योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास किया।

इस मौके पर जनपद स्तर पर थाना सिद्धार्थनगर में सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह मौजूद रहे। जहां लाइव प्रसारण देखा गया। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए हर समय तैयार रहते है। साइबर की घटना होने पर उसी थाने पर उसका समाधान होगा। जनपद मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री द्वारा अच्छा कदम उठाया गया है। जिससे पुलिस के जवानो व लोगो को लाभ प्राप्त होगा। जनपद में थाना सिद्धार्थनगर में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना

कार्यक्रम में बोलतीं एसपी प्राची सिंह।

कक्ष, थाना उसका बाजार 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना भवानीगंज 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना ढेबरूआ 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना खेसरहा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 01 विवेचना कक्ष, थाना बांसी 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना पथरा बाजार 16 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना शोहरतगढ़ 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना गोल्हौरा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना त्रिलोकपुर 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना डुमरियागंज 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना जोगिया उदयपुर मे श्रेणी-2 के 04 नग आवासीय भवन व जनपद सिद्धार्थनगर में साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, एसपी अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर आदि मौजूद रहे।

43वीं वाहिनी एसएसबी ने मनाया स्थापना दिवस

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। वाहिनी एसएसबी के मुख्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह जानकारी देते हुए कमान्डेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि वर्ष 2013 में ज्योलीकोट, जिला नैनीताल, उत्तराखंड में 43वीं वाहिनी की स्थापना हुई थी। वर्ष 2017 से 43वीं वाहिनी जनपद सिद्धार्थनगर में स्थानांतरित हुई, तभी से 43वीं वाहिनी सिद्धार्थनगर जिले के भारत-नेपाल सीमा के लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र के निगरानी का दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। प्रति वर्ष 28 फ़रवरी को वाहिनी का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

इसी क्रम में गुरुवार को वाहिनी के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमा शंकर, एडीएम ललित मिश्रा, सुजीत राय, सी.ओ, नौगढ़, राजेश कुमार, मुख्य शाखा प्रबंधक, एस.बी.आई, सिद्धार्थनगर, एवं एस एस.बी के कमान्डेंट सहित डॉ. नरेश कुमार, कमान्डेंट चिकित्सा शक्ति सिंह, उप कमान्डेंट, एन.होकिप सहायक कमान्डेंट संचार अंकुश डांगे, सुभाष, सहायक कमान्डेंट एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस पर सर्वप्रथम सीमान्त मुख्यालय एस.एस.बी लखनऊ के अधीन राष्ट्र सेवा में शहीद हुए आरक्षी अमित कुमार तिवारी, आरक्षी अनिल कुमार, मुख्य आरक्षी रामप्रवेश यादव और आरक्षी विजय कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सीमा चौकी ककरहवा और सीमा चौकी अलिगढ़वा के बीच कबड्डी प्रतियोगिता तथा वाहिनी मुख्यालय और सीमा चौकी धनौरा के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच खेला गया। जिसमें सीमा चौकी अलिगढ़वा 28-17 से तथा वॉलीबॉल में वाहिनी मुख्यालय 2-1 से विजयी रही। विजयी रही टीमों क पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया गया I तत्पश्चात संध्या बेला में एस.एस.बी अधिकारीगण व कार्मिकों और जिला प्रशासन के अधिकारीयों के उपस्थिति में जिलाधिकारी महोदय, जिला अधीक्षक और कमान्डेंट द्वारा दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। बल कर्मियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समां को रंगमय बनाया। उज्जल दत्ता कमान्डेंट ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

43वीं वाहिनी एसएसबी के स्थापना दिवस पर केक काटते डीएम, एसपी, सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

स्थापना दिवस पर मौजूद एसएसबी के जवान व अतिथि। अमृत विचार

एक नजर

पेशेवर अपराधी की 7 लाख की सम्पत्ति कुर्क

संतकबीरनगर। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त शेषमणि पाण्डेय पुत्र प्रेमचन्द निवासी उतरौलिया थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति से अपने नाम पंजीकृत मकान मूल्य 7 लाख 12 हजार रुपए को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 26 फरवरी को कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में थाना दुधारा पुलिस ने बुधवार को अपराधी के उक्त मकान को कुर्क कर दिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ एडीआर भवन में बैठक किया। बैठक में अपर जिला जज ने कहा कि 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण का प्रयास करें। इस अवसर पर सुनील कुमार पांडेय, चतुर जी शुक्ला, अंजय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा में 2757 छात्र हुए सम्मिलित

बलरामपुर। बुधवार को जिले के 47 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित हुई। दो पालियों में पंजीकृत 2940 के सापेक्ष 2757 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 183 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं डीआईओएस ने स्ट्रांग रूम का रात्रि भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

चिकित्सक के गैर हाजिर होने पर सीएमओ ने रोका वेतन

बलरामपुर। सीएमओ के निरीक्षण में पीएचसी पुरैना वाजिद के अधीक्षक गैर हाजिर मिले। वहीं हेल्थ वेलनेस सेन्टर गालिबपुर बंद मिला। सीएमओ ने गैर हाजिर अधीक्षक डॉ. तारिक सिद्दीकी का वेतन काटने के साथ बेलनेस सेन्टर गालिबपुर से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया।सीएमओ मुकेश कुमार रस्तोगी को सीएचसी पुरैना वाजिद के अधीक्षक के अक्सर गायब रहने की शिकायत मिल रही थी। उसमें आरोप लगाया गया था कि सीएचसी अधीक्षक गोण्डा मुख्यालय पर रहकर निजी चिकित्सक का कार्य करते हैं। इस शिकायत पर सीएमओ ने सीएचसी पुरैना वाजिद का आक्समिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ तारिक सिद्दीकी गैर हाजिर पाए गए। इस पर सीएमओ ने उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जलभराव की समस्या से लोगों को मिलेगी निजात

नालों का निर्माण शुरू

▸▸ दो करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से सुधरेगी जलनिकासी

बलरामपुर, अमृत विचार। बरसात में नगरवासियों को जलभराव की समस्याओं का समाना न करना पड़े इसके लिए नगर पालिका ने नालों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। छह नालों का निर्माण पहले से चल रहा है। दो करोड़ 28 लाख रुपये और मिलने से भगवतीगंज समेत अन्य स्थानों पर नालों का निर्माण कराने का रास्ता साफ हो गया है।

रसात में नगर के तुलसीपार्क, पहलवारा, नईबस्ती, श्याम विहार कालोनी, सिविल लाइन समेत अन्य मुहल्लों में जलभराव हो जाता है। दो करोड़ 61 लाख 41 हजार रुपये पहले ही मिल गये थे। दूसरे चरण में दो लाख 28 हजार रुपये और मिले हैं। इससे भगवतीगंज में केसरवानी भंडार से आदित्य इन होटल तक, लिंक गलियों में सीसी इंटरलाकिंग व नाली निर्माण के लिए 55 लाख 50 हजार, रामकृष्ण परमहंस स्कूल व लिंक गलियों में नाली निर्माण के लिए 34 लाख 72 हजार, एमएलके कालेज के पीछे व चुंगी नाका के पीछे सीसी इंटरलाकिंग नाली निर्माण के लिए 54 लाख 56 हजार, हनुमानगढ़ी मंदिर होते हुए आनंदबाग मोटर तक 55 लाख 50 हजार रुपये से नाला का निर्माण कराया जाएगा। नगर में छह नालों का निर्माण पहले से चल रहा है।

सिविल लाइन मोहल्ले में जायजा लेते नपाप अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह।

वार्ड बस स्टेशन में पूर्व विधायक राम सागर अकेला के मकान के पास इदरीश के प्लाट से पद्मश्री बेकल उत्साही मार्ग पुलिया होते हुए रेलवे लाइन, अनिल सिंह के मकान के पास बहराइच मार्ग से रोडवेज तिराहा के पास महुआ कोठी तक व सानू मेडिकल स्टोर से भारत टेलर की दुकान होते हुए गोवर्धन प्रसाद के मकान तक नाला निर्माणाधीन है। विशुनीपुर रिजर्व वार्ड में मुहल्ला नहरबालागंज में बलरामपुर उतरौला मार्ग पटरी परशिव मंदिर से जिला सेवायोजन कार्यालय व महबूब वारसी के मकान होते हुए महमूद के मकान के पास पुल तक, बलुहा में अय्यूब के मकान से हफीजुल्ला के मकान तक व छद्दन के मकान से राजू के मकान होते हुए हलीम के मकान के पास बलुहा में ही सगीर के मकान से वाई केजीएन कालोनी गेट होते हुए ननके के मकान से कालोनी के पास सुआंव तक नाला बन रहा है।

नपाप अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि नालों के निर्माण से नगरवासियोंको जलभराव से निजात मिलेगी। नगर की जल निकासी व्यवस्था सुधरेगी। नाला और नालियों की निमित सफाई कराई जाती है।

निर्वाचन टीमों का प्रशिक्षण आज से शुरू

चुनाव अधिसूचना जारी होते ही क्रियाशील हो जाएगी उड़नदस्ता टीम : डीएम

तैयारी

▸▸ एक, दो और पांच मार्च को कराया जाएगा प्रशिक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय, सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो निगरानी टीम, लेखा टीम, मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति, उड़नदस्ता टीम, स्थायी निगरानी टीम तथा व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और काल सेन्टर टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उड़नदस्ता टीम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव घोषणा की तिथि से क्रियाशील हो जाएगी, जो प्रभारी व्यय निर्वाचन (नोडल अधिकारी) के निर्देशानुसार कार्य करेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त सभी टीमों को प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय (नोडल अधिकारी) द्वारा दिया जाना है। जिसमें लेखा टीम का प्रशिक्षण आज 1 मार्च को वरिष्ठ कोषाधिकारी के कक्ष में दिन में 11 बजे से दिलाया जाएगा। इसी प्रकार सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण कल 2 मार्च को दिन में 11 बजे से वरिष्ठ कोषाधिकारी कक्ष में आयोजित किया गया है। उड़नदस्ता टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, स्थाई निगरानी टीम और सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण आगामी 5 मार्च को अपराह्न 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त समस्त टीमों के सदस्यों को प्रशिक्षण में ससमय प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर अधिकारियों ने मुस्तैदी बढ़ा दी है।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

डीएम और एसपी ने मतदाता केंद्रों का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के शुचिता पूर्ण और निर्विघ्न सम्पादन के लिए सभी कील कांटे दुरुस्त करने में जुटे जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को पोलिंग बूथ हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद व पी.बी. गर्ल इंटर कालेज खलीलाबाद का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मतदान के दृष्टिगत बूथों पर की गई व्यवस्थाओं विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि का जायजा लिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुधार के लिए संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद ब्रजेन्द्र पटेल, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उप निरीक्षक, जितेन्द्र यादव सहित पुलिस और प्रशासन के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

संतकबीरनगर

अमृत विचार। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त के खिलाफ एसीजेएम पॉक्सो कोर्ट ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास और पचास हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। संयुक्त निदेशक अभियोजन और मानीटरिंग सेल की सशक्त पैरवी का परिणाम दिखा।

बताते चलें कि अभियुक्त गुड्डू पुत्र दीनानाथ के खिलाफ शादी की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने धारा 363, 366, 376 आईपीसी और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया था। संयुक्त निदेशक अभियोजन और मानीटरिंग सेल की सशक्त पैरवी के चलते अभियुक्त के खिलाफ धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के आरोपी सही पाए गए। एसीजेएम पॉक्सो कोर्ट ने बृहस्पतिवार को अभियुक्त के खिलाफ 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सार-संक्षेप

जिला कारागार का किया गया औचक निरीक्षण

कैदियों से बातचीत करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को संयुक्त रुप से भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग कर जेल अधीक्षक को सभी ब्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी से कहा कि किसी भी दशा में जेल परिसर के भीतर कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं पहुंचनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री मिली तो जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। मौजूद सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि जेल के भीतर सभी कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करें। जिलाधिकारी ने जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

युवा ही विकास के पथ पर ले जाने वाली सरकार चुनेंगे : प्रदीप

बिजलीपुर गांव में आयोजित चौपाल में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह।

बलरामपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से गुरुवार को गौरा मंडल के बिजलीपुर गांव में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। चैपाल में युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार की लगभग सभी जन कल्याणकारी योजनाएं युवाओं को समर्पित है। युवाओं की आगामी चुनाव में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा मतदाता ही देश को विकास के पथ पर ले जाने वाली सरकार को चुनने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिला महामंत्री अक्षय शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में युवा वर्ग ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर गौरा मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रजनीश पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर वि.ख.जयसिंहपुर, जनपद सुल्तानपुर

पत्रांक मेमो / नि.का./ मनरेगा/ 2023–24 दिनांक–29.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौलतपुर वि0 ख0 जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर में मनरेगा योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 04/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 04/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का नाम

1– संजय यादव के घर से नागा बाबा तक नाली निर्माण कार्य
अनु.लागत: 421743 लाख रू0

2. पक्की सड़क से मीरा के घर इं. लां. निर्माण कार्य
अनु ला. 374061 रू0

श्रीमती सुन्दरी देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत दौलतपुर
विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर

रामकुमार यादव
सचिव
ग्राम पंचायत दौलतपुर
विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर

4 मार्च से पूर्व पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराएं स्कूलों के प्रबंधक

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने बृहस्पतिवार को बताया है कि 21 शिक्षण संस्थाओं क्रमशः बेगम हाजी बी. एच. जी. आई. कॉलेज ककरहिया ब्लॉक बेलहरकला, सी. एस.एस.जी. हाई स्कूल बभनौली विकास खण्ड-हैंसर बाजार, इत्तेहाद गर्ल्स इंटर कॉलेज धर्मसिंघवा गौरीराय, विकास खण्ड-सांथा, के. ए. पी. आई. सी. हरिहरपुर टाउन हरिहरपुर (एन.पी.), आर.पी. यादव मॉडर्न इंटर कॉलेज महुली ब्लॉक नाथ नगर, शिव शंकर बालिका इंटर कॉलेज रानीपुर ब्लॉक-हैसर बाजार, स्वामी विवेकानद इंटर कॉलेज मुशहरा ब्लॉक सांथा, ए. बी. आर. एल. बी. टी. सी. ट्रेनिंग कॉलेज गिठनी, ए.बी.आर.एल. डिग्री कॉलेज गिठनी, बाबा पर्वत नाथ बीटीसी ट्रेनिंग कॉलेज पर्वता विश्वनाथपुर, ब्लूमिंग बड्स डिग्री कॉलेज व महिला बीटीसी कॉलेज खलीलाबाद, जय गुरुदेव राम सुमिरन राम कृपाल महाविद्यालय कालेन हरदो, पी. डी. अम्बिका प्रताप नारायण बीटीसी ट्रेनिंग कॉलेज खलीलाबाद, संत राम कृष्ण डिग्री कालेज बसहिया, संतकबीर ए. आर. डिग्री कॉलेज मगहर, शंभूनाथ मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, श्रीमती सविता चतुर्वेदी महिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन भिटहा विश्वनाथपुर, श्री राम नरेश चौधरी प्रशिक्षण संस्थान रमवापुर सरकारी, सृजन विशेष शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, श्रीमती शावित्री देवी महिला महाविद्यालय तिघरा, सूर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी मीरगंज खलीलाबाद, संत कबीर नगर के प्रबन्धकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर सूचित किया गया है कि उनके संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य पोषित छात्रवृत्ति पूर्वदशम (कक्षा 9-10) व दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत आवेदन किया गया है। लेकिन उक्त संस्थाएं एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत न होने के कारण छात्र-छात्राओं का आवेदन संदेहास्पद श्रेणी में प्रदर्शित हो रहा है। राज्य पोषित छात्रवृत्ति पूर्वदशम (कक्षा 09-10) योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन-पत्रों को जनपद स्तर से अग्रसारित किये जाने की अन्तिम तिथि 4 मार्च निर्धारित है।

एक साथ आठ बीडीओ स्थानांतरित

संतकबीरनगर। चुनाव के मद्देनजर डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने जिले के आठ खण्ड विकास अधिकारियों का तबादला कर दिया। खण्ड विकास अधिकारी सांथा विजय कुमार सिंह को खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद बनाया गया है। खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल सुरेश कुमार मौर्य को खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां, खण्ड विकास अधिकारी बेलहर राजेश कुमार श्रीवास्तव को खण्ड विकास अधिकारी सांथा, खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां ओमप्रकाश सिंह को खण्ड विकास अधिकारी बेलहर कला, खण्ड विकास अधिकारी बघौली श्वेता वर्मा को बेलहर कला के पीओ मनरेगा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिला विकास अधिकारी कार्यालय में सम्बद्ध रहे अमरेश सिंह चौहान को खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर रुप नारायण भारती को खण्ड विकास अधिकारी हैंसरबाजार और खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद के पद पर कार्यरत रहे विनोद मणि त्रिपाठी को खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर बनाया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद जनपद रायबरेली

पत्रांक– 269/अधि0अधि0/न0प0न0/निवि0प्रकाशन/2023–24 दिनांक 28.02.2023

निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पंचायत नसीराबाद में वर्ष 2023–24 में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्न विवरण के अनुसार कार्य हेतु दिनांक–29.02.2024 से दिनांक–07.03.2024 अपरान्ह 04:00 बजे तक सील बन्द निविदायें कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 05:00 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक–07.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किया जा सकता है निविदा के साथ 5 प्रतिशत जमानत राशि एफ0डी0आर0/ नकद / एन0एस0सी0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत नसीराबाद के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है. एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन दर	जमानत राशि 5 प्रतिशत	निविदा फार्म मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधी
	निर्दिष्ट अनुदान के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का विवरण				
1	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–01 लाला की बाजार में पशु चिकित्सालय में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	224355.00	11218.00	300.00	15 दिन
2	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–15 गुफरानमआब नगर में विभिन्न स्थानों पर जालापूर्ति हेतु हेतु ३ इंच पाईप लाइन विस्तार का कार्य।	587557.00	29378.00	600.00	एक माह
3	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–10 सर्वधर्म नगर में लईक नाई की दूकान से अहमद उल्ला के मकान तक, वार्ड नं0–04 सोनी नगर में नईमुद्दीन के मकान से दिलीप के मकान तक एवं वार्ड नं0–01 लाला की बाजार में अकेलवा मोड़ से शहाबुद्दीन के मकान तक जलापूर्ति हेतु 3 इंच पाईप लाइन विस्तार का कार्य।	371057.00	18553.00	400.00	15 दिन
4	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–15 गुफरानमआब नगर, वार्ड नं0–12 मिल्कियाना में वाटर सप्लाई हेतु 7.5HP मिनी नलकूप की स्थापना का कार्य।	895535.00	44778.00	900.00	एक माह
	बुनियादी अनुदान के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का विवरण				
5	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–02 डेला प्राथमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य।	330303.00	16515.00	400.00	15 दिन
6	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–04 सोनी नगर में जवाहर के मकान से सन्तलाल के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	433442.00	21672.00	500.00	15 दिन
7	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–13 अहमद नगर में पक्की रोड से एम0एम0वली स्कूल के सामने तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	982526.00	49126.00	1000.00	एक माह
	अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का विवरण				
8	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–07 कुएं से राज नारायण गुप्ता के मकान से होते हुए राज बहादुर के मकान तक नाला कवर्ड हेतु आर0सी0सी0 पत्थर का निर्माण कार्य।	321267.00	16063.00	400.00	15 दिन

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

आयोजन बलरामपुर चीनी मिल में हुआ तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट

खेलकूद से शरीर रहता है स्वस्थ : निष्काम

बलरामपुर, अमृत विचार। बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड में तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक किया गया। जिसमें शतरंज, कैरम डब्ल व सिंगल, 100 व 200 मीटर रेस, स्लो साइकिल रेस, रस्साकसी, कबड्डी, गोलाफेंक सहित विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित हुईं। सभी प्रतियोगिताओं में अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रतिष्ठान के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने कहा कि सभी लोगों को लगातार अपनी रुचि के अनुसार खेलकूद में भाग लेना चाहिये। इससे शरीर तथा मांसपेशियां हृष्ट-पुष्ट व स्वस्थ रहती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे व अन्य खेलकूद प्रतियोगितायें कराई जाती रहेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान प्रबंधक राजीव अग्रवाल, उपप्रधान प्रबंधक संजय कुमार मिश्रा, सहायक प्रधान प्रबंधक ओपीएस यादव द्वारा विजयी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

प्रधान प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कहा कि चीनी मिल अपने अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके बच्चों के लिये वर्ष में अनेक बार विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगितायें आयोजित करती रहती है। जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके बच्चों के बीच में सौहार्दपूर्ण तथा अपनत्व की भावना बनी रहे व आगे भी इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहेंगे।इस अवसर चीनी मिल सहयोगियों की ओर से वरिष्ठ उपप्रबंधक मानव संसाधन हरीश सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारीधर्मनाथ यादव, सुरक्षा अधिकारीनरेन्द्र कुमार मिश्रा, श्रमकल्याण अधिकारी एसपी सिंह, सहायक कार्यालय अधीक्षक सचिन वर्मा व चीनी मिल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व उनके बच्चे उपस्थित रहे।

बलरामपुर चीनी मिल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता व चीनी मिल के पदाधिकारी व कर्मचारी अमृत विचार

एक नजर

प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी उतारेगी एआईएमआईएम

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में ओसुविददीन औवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में होगी। औवैसी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। आजमगढ़, समेत बदांयू, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को 25 करोड़ रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे।

मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

प्रशासनिक पदों से हटाए गए डॉक्टरों को बनाया गया वरिष्ठ परामर्शदाता

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 33 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है।

कई माह से प्रशासनिक पदों से सेवा मुक्त हुए ग्रेड चार के चिकित्सकों को बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नई तैनाती दी गई है। इनमें से कई अक्टूबर, कुछ

▸▸ 62 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 33 डॉक्टरों की दो सूचियां की गईं जारी

नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी में 62 साल के हुये हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के साथ तुरंत सेवाएं देने के दिशा निर्देश मांगे थे। स्वास्थ्य महानिदेशालय से कोई निर्देश जारी न होने से ढ़ाई दर्जन से ज्यादा डॉक्टर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। समायोजित सूची में शामिल ज्यादातर चिकित्सकों ने सूची पर असंतोष व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर का कहना है डॉक्टरों की मांग के मुताबिक शासन ने जिलों में तैनाती दी है।

सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारी

स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिये

अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर सरकारी सेवा लगातार जारी है तो 62 साल के बाद की सेवा के दौरान नियमानुसार डीपीसी या नोशनल पदोन्नति मिलती चाहिये, ताकि ग्रेड पांच में पहुंचने पर चिकित्सक रिटायर हो सकें।

शादी शून्य घोषित हो जाने के बाद भी दाखिल कर सकते हैं परिवाद

लखनऊ, विधि संवाददाता

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय किया पारित

प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। कहा गया कि उक्त पति-पत्नी के सपिण्ड होने के कारण उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी।

दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे तथा एक घरेलू नातेदारी में थे, शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे।न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

उप्र में रीयल एस्टेट सेक्टर के तहत हो रहा 50 हजार करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल

▸▸ बड़े स्तर पर राज्य में युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इसके अलावा, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ने मध्यांचल (अयोध्या) में 3000 करोड़ रुपए के एक लग्जरी रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें 100 से अधिक नौकरियों के अवसरों का वादा किया गया है।

धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। वजह नवंबर से फरवरी तक खुले केंद्रों पर बढ़ा बाजार भाव हावी रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। इस वजह से केंद्रों पर आवक कम हुई। नमी व मानकों का पेंच तो ढुलाई-छनाई के केंद्रों पर खुद दाम चुकाना भी कम खरीद की वजह रही। उठान की नई प्रकिया से भी खरीद प्रभावित हुई। केंद्रों से नियमित धान का उठान न होने के कारण नई खरीद के लिए जगह नहीं रही। इस वजह से तमाम किसान धान नहीं बेच पाए। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में 65 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। लखनऊ समेत कई जिलों ने 100 प्रतशित से अधिक खरीद की थी। हालांकि गुरुवार शाम तक खरीद की तिथि बढ़ाने के निर्देश नहीं आए।

तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है।

उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की

कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास के बाहर आयोजित अग्नि सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास तथा 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे। इस दौरान उन्होंने ने विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए।

▸▸ मुख्यमंत्री ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया

▸▸ विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है।

इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल थे।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तीन करोड़ ने खाई दवा

अमृत विचार : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संचालित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में बुधवार तक दो करोड़ 95 लाख 76 हजार 242 यानि 83 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। कुल तीन करोड़ 55 लाख 69 हजार 434 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। अभियान अभी पांच मार्च तक चलेगा। अपर निदेशक डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश 51 जिलों में संचालित अभियान में 56 हजार 728 स्वास्थ्यकर्मी, 28 हजार 364 टीमें और सात हजार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। दवा सेवन के हर दिन के आंकड़े ई-कवच पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे हैं।

कल्याण साथी एप करेगा अध्यापकों का मूल्यांकन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस एप से पता चलेगा कि शिक्षक किस समय आ रहे और कक्षा में कितना समय छात्रों को दे रहे हैं। मानकों पर खरे न उतरने वाले शिक्षकों को बाहर कर दिखा जाएगा। अभी एप को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है इसलिए योजना को धरातल में उतरने में अभी कुछ समय लगेगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग,

▸▸ अभ्युदय योजना से छात्रों को दी जाती है आईएएस और पीसीएस परीक्षा की कोचिंग

▸▸ समाज कल्याण विभाग की योजना का लाभ लेने वाले 19 छात्रों का हुआ था चयन

कोर्स	छात्रों की संख्या
सिविल सर्विस	12872
नीट	6274
जेईई व आईआईटी	2143
सीडीएस व एनडीए	1918
बैंकिंग एवं अन्य	4428

मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

▸▸ बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए कल्याण साथी एप से मानीटरिंग की जाएगी

▸▸ अध्यापक कैसी शिक्षा दे रहे हैं और किस समय पर आ रह हैं हो सकेगी जांच

> कल्याण साथी मोबाइल एप को अपग्रेड किया जा रहा है। एप को इस तरह विकसित किया जा रहा है जिससे मानीटरिंग की जा सके। साथ ही एप के माध्यम से मातहतों को निर्देश भी जारी किए जा सकेंगे।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को तैयारी कराने का जिम्मा दिया गया है। इन कोचिंग की तैयारी से 19 छात्रों का चयन हाल ही में यूपीपीसीएस के परीक्षा के जरिये डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, ट्रेजरी आफिसर आदि पदों पर हुआ था।

कल्याण साथी कमांडर सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप का समाज कल्याण निदेशालय में शुभारंभ किया गया। एप के माध्यम से बायोमैट्रिक उपस्थिति की तैयारी है। इससे पता चलेगा कि कोचिंग में कितने छात्र और शिक्षक पहुंचे। छात्रों को परीक्षाओं के लिए कैसी तैयारी कराई जा रही है। मानकों के अनुरूप तैयारी न कराने वाले शिक्षकों को बाहर किया जाएगा।

राज्यसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस को मिला अपने कर्मों का फल: बृजभूषण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार। भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की बहन के शादी समारोह में शामिल होने आए पूर्व कुश्ती संघ के अध्यक्ष और कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने हेलीपैड पर सपा और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। राज्यसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस को झटका लगने पर कहा कि यह सब सपा-कांग्रेस के नेताओं के कर्मों का फल है।

इसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है न कि भारतीय जनता पार्टी की।

▸▸ पूर्व कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

पुलिस लाइंस मैदान पर अपने निजी हेलीकॉटर से उतरे भाजपा सांसद ने मीडिया से कहा कि सपा और कांग्रेस में जो कुछ भी चल रहा है, उसका कारण कहीं न कहीं नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बहुत गैप हो गया है। कल टीवी पर देख रहा था कि एक विधायक का बयान था कि चार महीने से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहा हूं।

एक सांसद और विधायक अपने नेता के लिए कार्यकर्ता ही होता है और वह अपने नेता से ही नहीं मिल पाएगा तो यह नौबत तो आएगी ही। उन्होंने लोकसभा चुनाव पर सवाल के जवाब में कहा कि सब की सब सीटें भाजपा जीतेगी।

अवध क्षेत्र हमेशा भारतीय जनता पार्टी के लिए उर्वरक के रूप में है। पिछली बार श्रावस्ती की सीट चली गई थी। इस बार वह भी वापस आएगी। अब तो अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हो चुके हैं। ऐसे मेंअवध क्षेत्र में डंका नहीं बजेगा तो कहां बजेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई के समन पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को है भारत का इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार : टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है।

भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट उप्र. के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया।

▸▸ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' में शामिल हुए योगी

▸▸ भारत टेक्स 2024 में उप्र के 66 एग्जिबिटर्स ने लगाई हैं अपने हुनर की प्रदर्शनियां

योगी ने ''भारत टेक्स 2024'' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पतंग का लालच देकर बच्चे को किया अगवा, आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज, नैनी, अमृत विचार। पतंग का लालच देकर 5 साल के बच्चे के साथ आप्राकृतिक दुष्कर्म करने की नीयत से अगवा करने के बाद उसकी हत्या की कोशिश करने का मामला संज्ञान में आया है। मामला करछना थाना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव में गुरूवार का है। जहां एक कुएं में पांच साल के अबोध बालक को पुलिस ने मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया और उसकी जान बच सकी। बालक से पूछताछ के आधार पर एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है।

सार-संक्षेप

पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। अंत में कोर्ट ने जयप्रदा के अधिवक्ताओं के अनुरोध को स्वीकार करते हुए याचिकाओं को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया।

नपं अध्यक्ष के अधिकार सीज, एसडीएम बने प्रशासक

बहराइच, अमृत विचार। पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के अधिकार को डीएम ने सीज करते हुए एसडीएम को प्रशासक बनाया है। इससे हड़कंप मच गया है। पयागपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष बालेंद्र प्रताप हैं। बालेंद्र प्रताप पूर्व सपा विधायक मुकेश श्रीवास्तव के भाई हैं। अध्यक्ष को पूर्व में नोटिस भेजकर 28 फरवरी को जवाब मांगा गया था। लेकिन समय पूरी होने के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है। शासन की ओर से भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर डीएम को कार्यवाई के निर्देश दिए गए थे। जिस पर डीएम मोनिका रानी ने शासन के निर्देश पर पत्र जारी किया है। जिसमें उनका कहना है कि 22 जनवरी 2023 को लगे आरोप का जब तक जवाब नहीं मिलेगा। तब तक नगर पंचायत अध्यक्ष के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार को सीज कर एसडीएम दिनेश कुमार को प्रशासक बनाया गया है। नगर पंचायत का सभी कार्य एसडीएम की देखरेख में किया जाएगा।

आरक्षण से संबंधित सैकड़ों याचिकाएं हुईं खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है। मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ। याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ-साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए प्रदेश सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में कानूनी रूप से आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की अगली सुनवाई 13 को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त (डिस्चार्ज) करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए। मालूम हो कि उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है। मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष को अपने तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

मृत वैवाहिक संबंध को जारी रखना मानसिक क्रूरता: हाईकार्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के मामले से जुड़ी एक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि जब विवाह पूरी तरह से अव्यावहारिक और भावनात्मक रूप से मृत हो गया हो तो ऐसे रिश्ते को जारी रखना निश्चित रूप से पीड़ित पर मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। भले ही विपक्षी ऐसे भावनात्मक रूप से मृत रिश्ते को जारी रखने पर जोर दे रहा हो। विवाह विच्छेद का कारण शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, जाति बंधनों का टूटना, आधुनिकीकरण, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव है।

प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज, दोनों पक्षों में अलग रहने की भावना वैवाहिक विवाद का कारण बनती है। जिन मामलों में विवाह केवल नाम मात्र का है, वहां इसे जारी रखने का कोई लाभ नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अव्यावहारिक वैवाहिक संबंधों को जारी रखना पक्षकारों पर विशेषकर याची पर मानसिक क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है। न्यायालय न्याय चाहने वाले वादकारियों के प्रति जवाबदेह होता है। बदलते समय और अनुभव के साथ ऐसी क्रूर सच्चाई से कानून को तालमेल बैठाना पड़ता है। अतः कोर्ट विवाह विच्छेद के मामलों में विपक्षी द्वारा समझौते की कवायद करने के बावजूद अपूरणीय विवाह के साक्ष्य मिलने के बाद याची को तलाक देने के लिए बाध्य हो जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कर्नल मनोज कुमार गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। वर्तमान अपील प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुरादाबाद द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है।

छात्रों की कार पेड़ से टकराई, कई छात्र घायल

खागीपुर सड़वा, रायबरेली

अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर गुरुवार शाम परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों से भरी स्कॉर्पियो साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार एम्स लाया गया। वहीं अन्य चुटहिल छात्रों को घर जाने दिया। भदोखर थाना क्षेत्र के भारती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज खागीपुर संड़वा से इंटर की परीक्षा देकर छात्र स्कार्पियों से वापस लौट रहे थे। तभी सैदनपुर गांव के पास एक साइकिल सवार अचानक रास्ते में आ गया, जिसको बचाने के प्रयास में स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में कार में सवार आदित्य सिंह यादव, अभिषेक, आशु यादव व सूरज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह कार में फंसे छात्रों को बाहर निकाला। घायल सभी छात्रों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे में एक छात्र की हालत अधिक गंभीर बताई जा रही है।

सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के तीन और प्रस्तावों को मंजूरी

लखनऊ। भारत में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के तीन और प्रस्तावों को गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस फैब का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा। इस फैब में 91 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस परियोजना में लॉजिक और मेमोरी फाउंड्री सेगमेंट में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध पीएसएमसी प्रौद्योगिकी भागीदार है। पीएसएमसी की ताइवान में 6 सेमीकंडक्टर फाउंड्री हैं। इसकी क्षमता 50,000 वेफर स्टार्ट प्रति माह होगी। टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी यह इकाई 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। टीएसएटी सेमीकंडक्टर फ्लिप चिप और आईएसपी प्रौद्योगिकियों सहित स्वदेशी उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों का विकास कर रहा है। इसकी क्षमता 48 मिलियन प्रति दिन है। इसका ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोबाइल फोन, आदि में उपयोग होगा। स्पेशलाइज्ड चिप्स के लिए सेमीकंडक्टर एटीएमपी इकाई सीजी पावर, रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, जापान और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, थाईलैंड के साथ साझेदारी में गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगा। यह इकाई 7,600 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। रेनेसा एक अग्रणी सेमीकंडक्टर कंपनी है जो स्पेशलाइज्ड चिप्स पर केंद्रित है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,500.30	21,982.80
बढ़त	195.42	31.65
प्रतिशत में	0.27	0.14

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 1 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मंसूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (15 ली)	1475-1900।

देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

बाघों के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी

सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,850
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,025
गिन्नी (प्रति नग)	47,700-47,900
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	71,500
चांदी तैयार	71,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	708 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	71,800।

देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

राजकोषीय घाटा वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर आ गया

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में सरकारी व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा केंद्रीय बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 67.8 प्रतिशत था। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

तिरुवनंतपुरम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

भारतीय सेना और जापानी सेना के जवानों ने किया अभ्यास...

बीकानेर : महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

एक नजर

भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

नई दिल्ली। तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

फड़णवीस को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।'' पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे।

दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला

पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पठान के वकील ने कहा कि उसने इस आधार पर राहत मांगी थी कि वह मार्च 2020 से हिरासत में हैं और लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। जाफराबाद में 24 फरवरी, 2020 को सांप्रदायिक दंगों के दौरान पठान पर दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने और गोलीबारी करने का आरोप है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह यहां एक जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को नये नागरिकता कानून का समर्थन और इसका विरोध करने वालों के बीच सांप्रदायिक झड़पें हुईं थीं। इन झड़पों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाई और तोड़फोड़ की थी।

राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

हस्तक्षेप की मांग

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

एक नजर

प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

लंदन। इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।

चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

अबू धाबी, एजेंसी। भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश के सिर सजा 'तेंदुआ स्टेट' का ताज

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

3,907

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या

तेंदुओं की आबादी का अनुमान

वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज : 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष –3.4 % की गिरावट हो रही है।

पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन

मॉस्को। रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।

भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली।शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

एटमी हथियार केंद्र बंद...

टेक्सास: सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।

ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

राफा। गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।